


# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




रथ खीचते हुए सीएम डॉ. यादव

शिव भक्तों के साथ मनाया महाशिवरात्रि पर्व

## बड़वाले महादेव मंदिर में पहुंचकर सीएम ने शिव बारात का रथ खींचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रविवार को महाशिवरात्रि के अवसर पर भोपाल के प्राचीन बड़वाले महादेव मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने नागरिकों को बधाई देते हुए सभी के साथ महाशिवरात्रि पर्व मनाया। मुख्यमंत्री ने भगवान शिव की पूजा-अर्चना कर अभिषेक किया। वे महाशिवरात्रि पर्व पर शिवभक्तगणों के साथ कार्यक्रम में शामिल हुए। पुलिस बैंड के सदस्यों सहित अनेक युवाओं ने डमरू दल के साथ पारंपरिक प्रस्तुति दी। मुख्यमंत्री ने शिव बारात को रवाना किया और बारात का रथ भी खींचा।

**पुलिस बैंड सहित डमरू दल ने पारंपरिक प्रस्तुति दी**

महाशिवरात्रि पर महाकाल मंदिर में उमड़ा भक्तों का सैलाब

# रात तक करीब 7 लाख श्रद्धालु पहुंचे, 40 मिनट में हो रहे दर्शन

### 44 घंटे बाद आज रात 10.45 बजे बंद होंगे मंदिर के कपाट

हरिभूमि न्यूज ⏭ उज्जैन

महाशिवरात्रि पर्व पर उज्जैन में मध्य रात्रि 2:30 बजे मंदिर के पट खोले गए। रविवार रात तक करीब 7 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने भगवान महाकाल के दर्शन किए। होटल, लॉज और होम-स्टे पहले ही फुल थे। सुबह मंत्रोच्चार के साथ गर्भगृह में स्थापित सभी प्रतिमाओं का पूजन कर हरिओम का जल अर्पित हुआ। कपूर आरती के बाद पुजारियों ने जलाभिषेक किया। फिर दूध, दही, घी, शकर और फलों के रस से बने पंचामृत से पूजन किया गया। महाकाल को भांग, चंदन और त्रिपुंड अर्पित कर राजा स्वरूप श्रृंगार किया गया। इसके बाद ज्योतिर्लिंग को कपड़े से ढांककर भस्म रमाई गई। शेषनाग का रजत मुकुट, रजत की मुंडमाल और रुद्राक्ष की माला के साथ-साथ मोगरे और गुलाब से बनी फूलों की माला अर्पित की गई।

### ओंकारेश्वर के मंदिर शिखर पर हेलिकॉप्टर से पुष्पवर्षा



**ओंकारेश्वर।** श्री ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर के मुख्य प्रबंधक ट्रस्टी राजा राव पुष्पेंद्र सिंह के विशेष प्रयासों से पहली बार मंदिर शिखर पर हेलिकॉप्टर द्वारा पुष्पवर्षा की गई। ट्रांस भारत एविएशन के हेलिकॉप्टर से दोपहर में मंदिर के शिखर पर पुष्प वर्षा कर भगवान भोलेनाथ का भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। आसमान से बरसते पुष्पों ने श्रद्धालुओं को अद्भुत आध्यात्मिक अनुभूति प्रदान की। महाशिवरात्रि पर मंदिर परिसर एवं गर्भगृह को सुगंधित एवं रंग-बिरंगे फूलों से आकर्षक रूप में सजाया गया।







## खबर संक्षेप

### एआई समिट के बाद 9 साल बाद इजराइल जाएंगे पीएम मोदी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जल्द ही इजराइल जाएंगे। एआई समिट के बाद यह दौरा हो सकता है, जो 16 से 20 फरवरी तक दिल्ली में है। यह पीएम मोदी के तीसरे कार्यकाल की पहली इजराइल यात्रा होगी। जो 9 साल के गैप के बाद हो रही है। पीएम मोदी की आखिरी इजराइल यात्रा जुलाई 2017 में हुई थी। तब वे इजराइल का दौरा करने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री बने थे। मोदी का 2017 का विजिट दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों के 25 साल पूरा होने के मौके पर हुआ था। उस समय के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतनयाहू लगभग पूरे वक्त पीएम मोदी के साथ थे। इजराइल भारत के लिए एक अहम डिफेंस सप्लायर रहा है।

### गर्लफ्रेंड को छेड़ा तो चाकू मारकर हत्या



**खंडवा।** शनिवार रात चाकूबाजी में एक युवक की हत्या हो गई। बताया जा रहा है कि वैलेंटाइन डे मना रहे कपल से भावेश अपने 2 दोस्त मयंक और सचिन के साथ छेड़छाड़ कर रहा था, तभी युवती के दोस्त ने रोका। इतने में युवकों ने चाकू निकालकर अटैक कर दिया।

### पहली मंजिल से मुंह के बल गिरी महिला



**इंदौर।** चंदन नगर थाना क्षेत्र की ग्रीन पार्क कॉलोनी में कपड़े सुखाने के दौरान एक महिला पहली मंजिल से नीचे गिर गई। घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। गंभीर हालत में महिला को अस्पताल में भर्ती है।

**भारत ने जो 2012 में किया वही 2026 में किया**


*ईशान ने रखी जीत की नींव, पाक के गेंदबाजों की भेल बना दी, पहली बार पाक ने ऐसी मुंह की खाई*

# भारत की फुलटॉस जीत...पाक की कोलंबो में तबियत से ठुकाई

**भारत के गेंदबाजों ने पाक की बल्लेबाजी को उधेड़ कर रख दिया...**

एजेंसी ⏭ कोलंबो

टी20 वर्ल्ड कप 2026 में भारत और पाकिस्तान के बीच हाई वोल्टेज मुकाबला खेला गया। रविवार को श्रीलंका का कोलंबो भारतमय हो गया। प्रेमदासा स्टेडियम में टीम इंडिया ने आसानी से पाकिस्तान को 61 रनों से हरा दिया। इस धमाकेदार जीत के साथ ही टीम इंडिया ने सुपर-8 के लिए क्वालीफाई कर लिया है। टीम इंडिया ने पहले बैटिंग करते हुए 7 विकेट के नुकसान पर 175 रन बनाए थे। यह टी20 वर्ल्ड कप में पाकिस्तान के खिलाफ भारत का सबसे बड़ा स्कोर है। जवाब में पाकिस्तान की टीम 18 ओवर में ओवर में 114 रन ही बना सकी। भारत और पाकिस्तान के बीच अब तक टी20 वर्ल्ड कप में अब तक 9 मैच खेले गए हैं। जिसमें से 8 बार टीम इंडिया ने बाजी मारी है। वहीं एक बार पाकिस्तान को जीत मिली है। इस जीत के साथ ही टीम इंडिया ने इस फॉर्मेट में पाकिस्तान के खिलाफ अपने दबदबे को बनाए रखा है।



ईशान किशन

प्लेयर ऑफ द मैच

| | |
|---|---|
| 77 | रन |
| 40 | गेंद |
| 10 | चौके |
| 03 | छक्के |




- **इस जीत के साथ भारत सुपर 8 के लिए क्वालीफाई...**
- **टी 20 वर्ल्ड कप में भारत की 11वीं जीत**
- **दुनिया को लगा ये प्रैक्टिस मैच, 61 रन से हारा पाक**

### सीएम ने दी बधाई....

*सीएम डॉ. मोहन यादव ने एक्स पर टीम इंडिया को बधाई दी। उन्होंने लिखा कि यह सिर्फ जीत नहीं, एक जश्न है पूरे भारत का...टी 20 वर्ल्ड कप 2026 के रोमांचक मुकाबले में हमारी भारतीय टीम के धुरंधर खिलाड़ियों की पाकिस्तान पर गौरवशाली जीत की देशवासियों और विशेषकर टीम इंडिया को बहुत-बहुत बधाई।*

### देश भर में जीत का जश्न मना, देशभक्ति के नारे गूंजे

टी-20 वर्ल्ड कप में टीम इंडिया की शानदार जीत के बाद देश भर में जश्न का माहौल नजर आया। मुंबई, दिल्ली, अहमदाबाद सहित भोपाल में लोगों ने जमकर आतिशबाजी की। भारत माता के जयकारे लगाए। इंदौर के राजवाड़ा आतिशबाजी और पटाखों की गूंज से सराबोर हो गया। लोगों ने घरों की बालकनियों से लेकर सड़कों तक जीत का इजहार किया।

### ईशान बने जीत के सूत्रधार, 40 बॉल पर ठोके 77 रन

पहले ही ओवर में अभिषेक शर्मा बिना खाता खोले पवेलियन लौट गए। उनके आउट होने के बाद तिलक वर्मा और ईशान किशन ने पारी को संभाला। दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 87 रनों की साझेदारी हुई। ईशान ने इस दौरान 40 बॉल पर 77 रन की तूफानी पारी खेली। ईशान की इस अर्धशतकीय पारी के बदौलत टीम इंडिया 175 के स्कोर तक पहुंचने में कामयाब रही।



विधानसभा अध्यक्ष तोमर तैयारियों का जायजा लेते हुए

मप्र विधानसभा का बजट सत्र आज से

## 18 को आएगा बजट, 4 लाख 64 हजार करोड़ का होने का अनुमान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र की सोलहवीं विधानसभा का नवम सत्र (बजट सत्र) सोमवार से शुरू होकर 6 मार्च तक चलेगा। इस सत्र में मप्र सरकार बजट पेश करेगी। इस बार का बजट करीब 4 लाख 64 हजार करोड़ रुपए का होने का अनुमान है। बजट 18 मार्च को पेश होगा। बजट सत्र के दौरान सुरक्षा के चाक-चौबंद इंतजाम किए गए हैं। चप्पे-चप्पे पर पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई है। पिछली बार की तरह इस बार भी बगैर पास के किसी को भी परिसर में जाने की इजाजत नहीं है। बजट सत्र की तैयारियों को लेकर अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने रविवार को विधानसभा परिसर व विधानसभा की तैयारियों का जायजा लिया। इस मौके पर प्रमुख सचिव अरविंद शर्मा तथा अन्य अधिकारी मौजूद थे।

**अध्यक्ष तोमर ने तैयारियों का लिया जायजा**

### इतने प्रश्नों की सूचनाएं

सत्र की अधिसूचना जारी होने से अब तक विधानसभा सचिवालय में तारांकित प्रश्न 1750 एवं अतारांकित प्रश्न 1728 कुल 3478 प्रश्नों की सूचनाएं प्राप्त हई हैं। जबकि ध्यानाकर्षण की 236, स्थगन प्रस्ताव की 10, अशासकीय संकल्प की 41, शून्यकाल की 83 सूचनाएं प्राप्त हई हैं।

60 धर्मांतरित किन्नरों की घर वापसी

### देश की 'पहली किन्नर' शंकराचार्य का पट्टाभिषेक

**भोपाल।** महाशिवरात्रि पर रविवार को भोपाल में किन्नर धर्म सम्मेलन आयोजित हुआ। आयोजन में देश की पहली किन्नर शंकराचार्य के रूप में हिमांगी सखी का पट्टाभिषेक किया गया। हिमांगी सखी मां वैष्णो किन्नर अखाड़ा की प्रमुख हैं। आयोजन में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच राजस्थान के पुष्कर पीठ का चयन देश की पहली किन्नर शंकराचार्य पीठ के रूप में किया गया है, यहां बड़ी संख्या में किन्नर समुदाय के प्रतिनिधि,संत-महात्मा और विभिन्न राज्यों से आए अनुयायी मौजूद रहे।



■ पुष्कर पीठ पहली किन्नर शंकराचार्य पीठ होगी

सीएम मान की तबीयत बिगड़ी

### मोहाली लाए गए भगवंत सिंह मान, हालत स्थिर

**चंडीगढ़।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की तबीयत अचानक बिगड़ गई है। वह संगरूर में आम आदमी पार्टी के संयोजक व दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और राज्यसभा सदस्य राजिंदर गुप्ता के साथ थे। उन्हें एयरलिफ्ट कर मोहाली स्थित फोर्टिस अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। फोर्टिस एस्कोर्ट मोहाली की तरफ से जारी हेल्थ बुलेटिन के अनुसार मुख्यमंत्री को नियमित स्वास्थ्य जांच के लिए अस्पताल का दौरा किया है।



■ केजरीवाल के साथ महाशिवरात्रि कार्यक्रम में थे

महाशिवरात्रि के दिन पुजारी की हत्या

### आरोपी ने छाती पर पैर रखा, बके से गर्दन काटी


**सीधी।** जिले के कुसमी क्षेत्र में बका से हमला कर पुजारी की हत्या कर दी गई। मृतक इंद्रभान द्विवेदी (75) तहसील परिसर स्थित हनुमान मंदिर के पुजारी थे। वे रविवार सुबह 8 बजे महाशिवरात्रि की पूजा कर मोपेड से घर लौट रहे थे।

इसी दौरान हमलावर ने अचानक चलती मोपेड पर अटैक किया, जिससे इंद्रभान गिर गए। आरोपी लाला केवट (55) ने पुजारी की छाती पर पैर रखा और बके से गर्दन काट दी। उसने सीने और गले पर 8 वार किए। वारदात के बाद आरोपी ने भागने की कोशिश की, लेकिन लोगों ने पकड़ लिया।



■ चलती मोपेड पर हमला कर गिराया

### शीतकालीन गद्दीस्थल ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ में हुई घोषणा



**22 अप्रैल से केदारनाथ और बद्रीनाथ मंदिर के द्वार 23 को खुलेंगे**

*देहरादून। उत्तराखंड के प्रसिद्ध तीर्थ केदारनाथ मंदिर के कपाट 22 अप्रैल को वृष लग्न में खोले जाएंगे। इसकी आधिकारिक घोषणा शीतकालीन गद्दीस्थल ओम्कारेश्वर मंदिर में विधि-विधान के साथ की गई। घोषणा के बाद से ही भक्तों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। मंदिर समिति के अनुसार बुधवार (22 अप्रैल) सुबह 8 बजे शुभ वृष लग्न में कपाट खुलेंगे। इसी के साथ 6 महीने तक चलने वाली केदारनाथ यात्रा की शुरुआत हो जाएगी।*

शिवपुरी वकील हत्याकांड केस में तीन गिरफ्तार


## आरोपी का शॉर्ट एनकाउंटर, पैर में लगी गोली सुपारी देकर वकील की करवाई गई थी हत्या

**घेराबंदी के दौरान एक शूटर ने पुलिस पर की फायरिंग**

हरिबूमि न्यूज ⏭ शिवपुरी

जिले में वकील हत्याकांड के आरोपियों का पुलिस ने शॉर्ट एनकाउंटर किया है। करैरा में वकील संजय कुमार सक्सेना की हत्या शनिवार को हुई थी।

इस घटना के एक शूटर का शॉर्ट एनकाउंटर हुआ। सुबह-सुबह आरोपियों की गिरफ्तारी करने जब पुलिस पहुंची तो उनमें से एक शूटर ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। इसके बाद जवाब में पुलिस ने भी फायरिंग की है। शूटर के पैरों में गोली लगी है। मुठभेड़ के दौरान शूटर के पैर में दो गोली लगी हैं। शूटर पपेंद्र रावत को गिरफ्तार कर इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है। यह एनकाउंटर करैरा थाना क्षेत्र के चिरली तिराहे पर हुआ है।



आरोपी को अस्पताल लाया गया

### वकील अदालतों में हाजिर नहीं होंगे आज

मप्र स्टेट बार काउंसिल ने इस वारदात के विरोध में सोमवार को प्रतिवाद दिवस मनाने का निर्णय लिया है। काउंसिल ने सर्वसम्मति से यह फैसला लिया। इसके अंतर्गत सोमवार को प्रदेशभर के वकील अदालतों में हाजिर नहीं होंगे।

बांग्लादेश में पीएम के रूप में तारिक रहमान का शपथग्रहण कल

## पीएम मोदी नहीं होंगे शामिल... स्पीकर ओम बिरला करेंगे भारत का प्रतिनिधित्व

*17 फरवरी को पीएम मोदी का मुंबई में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ द्विपक्षीय वार्ता का कार्यक्रम तय*

**विदेश सचिव विक्रम मिसरी भी होंगे शामिल**

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

बांग्लादेश चुनाव में बंपर जीत के बाद बीएनपी अध्यक्ष तारिक रहमान प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। ढाका में मंगलवार को उनका शपथ ग्रहण होना है, जिसमें भारत की तरफ से लोकसभा स्पीकर ओम बिरला और विदेश सचिव विक्रम मिसरी शामिल होंगे। बीएनपी के नेता एएनएम एहसानुल हक मिलन ने एक दिन पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तारिक रहमान के शपथ ग्रहण समारोह में बुलाने की मांग की थी। 17 फरवरी को पीएम मोदी का मुंबई में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ द्विपक्षीय वार्ता का कार्यक्रम तय है। विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर बताया कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला 17 फरवरी, 2026 को ढाका में तारिक रहमान के नेतृत्व में नव निर्वाचित बांग्लादेश सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में भारत सरकार का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस अवसर पर लोकसभा अध्यक्ष की भागीदारी भारत और बांग्लादेश के लोगों के बीच गहरी और अटूट मित्रता को रेखांकित करती है।



तारिक रहमान



ओम बिरला

### संसद परिसर में होगा शपथ ग्रहण

बांग्लादेश के राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन 17 फरवरी को राष्ट्रीय संसद परिसर के साउथ प्लाजा में बीएनपी अध्यक्ष तारिक रहमान के नए मंत्रिमंडल को शपथ दिलाएंगे। इस समारोह का दिलचस्प पहलू यह है कि यह राष्ट्रीय संसद परिसर के साउथ प्लाजा में आयोजित किया जा रहा है।

### हसीना को अपनी जमीन इस्तेमाल न करनें दें

हुमायूं कबीर ने भारत सरकार से आग्रह किया कि वह बांग्लादेश की स्थिरता को प्रभावित करने के लिए शेख हसीना या अवामी लीग के अन्य नेताओं को अपनी जमीन इस्तेमाल करने की अनुमति न दे। तारिक रहमान के सलाहकार ने कहा कि भारत बांग्लादेश की संप्रभुता को कमजोर करने वाली किसी भी गतिविधि में सहभागी के रूप में न दिखे।

# श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया महाशिवरात्रि त्योहार, पीएम समेत कई नेताओं ने दीं बधाई

काशी से लेकर हरिद्वार और देवघर से लेकर उज्जैन तक, शिवालयों में आस्था का सैलाब उमड़ा। भक्त आराध्य देव के दर्शन और जलाभिषेक के लिए घंटों लंबी कतारों में लगे थे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

हर-हर महादेव के उद्घोष और भक्ति के असीम उत्साह के साथ रविवार को पूरे देश में महाशिवरात्रि का पावन पर्व मनाया गया। काशी से लेकर हरिद्वार और देवघर से लेकर उज्जैन तक, शिवालयों में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा है। भक्त अपने आराध्य देव के दर्शन और जलाभिषेक के लिए घंटों लंबी कतारों में लगे थे। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन और पीएम नरेंद्र मोदी ने भी देशवासियों को महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं दीं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 'एक्स' पर लिखा कि महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर मैं सभी देशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देती हूं। मेरी प्रार्थना है कि महादेव की कृपा हम सभी पर सदा बनी रहे और हमारा देश प्रगति के पथ पर सदैव अग्रसर रहे।

**देशभर में 'बम-बम भोले' की गूंज**

सभी शिवालयों में गूंजा हर-हर महादेव

राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति ने भी दी बधाई


हरिद्वारा कनखल स्थित दक्षेश्वर महादेव मंदिर, जिसे भगवान शिव की ससुराल माना जाता है

### भारतवर्ष समृद्धि के शिखर पर विराजमान हो: पीएम मोदी


पीएम नरेंद्र मोदी ने शुभकामनाएं देते हुए लिखा कि मेरी कामना है कि आदिदेव महादेव सदैव सभी पर अपनी कृपा बनाए रखें। उनके आशीर्वाद से सबका कल्याण हो और हमारा भारतवर्ष समृद्धि के शिखर पर विराजमान हो। उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन ने लिखा कि सभी देशवासियों को भगवान भोलेनाथ को समर्पित पावन पर्व महाशिवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं।

### महादेव का आशीर्वाद बना रहे: रेखा गुप्ता


दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने राजस्थान के उदयपुर के अम्बेरी स्थित प्राचीन अमरख महादेव मंदिर में पूजा-अर्चना की। उन्होंने महादेव से प्रार्थना है कि उनका आशीर्वाद दिल्ली और समस्त देशवासियों पर बना रहे, और हम सभी को सेवा और लोककल्याण के मार्ग पर अडिग रहने की शक्ति प्रदान करें।

### कुणाल खेमू और सोहा अली ने मनाई शिवरात्रि, दी शुभकामनाएं


कुणाल खेमू और सोहा अली खान ने महाशिवरात्रि पर अपने घर में खास पूजा रखी और सभी को शुभकामनाएं दीं। उनका परिवार भगवान शिव की भक्ति में लीन रहा। सोहा और कुणाल पूरे परिवार के साथ मिलकर शिवजी की आरती की। घर को दीपों और फूलों से सजाया और भगवान को भोग अर्पित किया।

### अमृता का 'शंभू रे' गाना रिलीज 55 लाख लोगों ने देखा


एक्ट्रेस-गायिका और सामाजिक कार्यकर्ता अमृता फडणवीस ने महाशिवरात्रि पर अपना नया गाना शंभू रे भगवान शिव को समर्पित किया है। नया गाना महादेव के भक्तों को खूब पसंद आ रहा है और दो दिन में 55 लाख लोगों ने इसे यूट्यूब पर देखा।

---

## खबर संक्षेप

### शिअद में शामिल हुए भाजपा उपाध्यक्ष खन्ना


**चंडीगढ़।** पंजाब में संगरूर से विधानसभा चुनाव लड़ चुके भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष अरविंद खन्ना शिअद में शामिल हो गए हैं। महाशिवरात्रि के दिन शिअद प्रमुख सुखबीर बादल अरविंद खन्ना के संगरूर स्थित निवास स्थान पर पहुंचे और अरविंद खन्ना को पार्टी में शामिल करवाया। अरविंद खन्ना भाजपा के वर्तमान में प्रदेश उपाध्यक्ष थे।

### सराज में जीप दुर्घटनाग्रस्त, 3 युवकों की मौत


**थुनाग (मंडी)।** हिमाचल प्रदेश के सराज में 4 में से 3 युवकों की जीप दुर्घटनाग्रस्त होने पर मौत हो गई। चारों बगस्याड़-रहीधार क्षेत्र के निवासी बताए जा रहे हैं। हादसे में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक ने अस्पताल पहुंचने के दौरान दम तोड़ दिया। एक घायल को प्राथमिक उपचार के बाद नेरचौक मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया।

### कर्नाटक में फैक्टरी में धमाका, 2 मजदूरों की मौत


**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मांड्या जिले में रविवार को केरेकाटे गांव के पास स्थित एक केमिकल फैक्टरी में स्टोरेज टैंक फटने से दो मजदूरों की मौत हो गई, जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक धमाका उस समय हुआ जब फैक्टरी को दूसरी जगह शिफ्ट करने की प्रक्रिया चल रही थी और टैंक की सफाई की जा रही थी।

### बस और कार में टक्कर, 5 युवकों की मौत


**बेंगलुरु।** बंगलूरू के नेलमंगला के एक कार और कर्नाटक राज्य सड़क परिवहन निगम की बस के बीच जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में पांच लोगों की जान चली गई। पुलिस ने बताया कि कार बेंगलुरु की ओर जा रही थी। इस दौरान अचानक कार डिवाइडर से टकराकर दूसरी लेन में पहुंच गई।

---

## केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने राहुल को दी किसी भी मंच पर आने की चुनौती

# कहा- बहस कर लें, किसानों का नुकसान किसने किया, कांग्रेस 'गुमराह' कर रही

शाह ने कहा कि समझौतों में डेयरी क्षेत्र को भी पूरी तरह सुरक्षा देने का काम पीएम मोदी ने किया है। इसके माध्यम से हमारे कृषि उत्पाद और मत्स्य उत्पादों को दुनिया के बाजार में पहुंचाने का रास्ता भी खोला है

एजेंसी ▶▶ गांधीनगर

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने रविवार को गुजरात के गांधीनगर स्थित महात्मा मंदिर में भारत की पहली सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी (सीबीडीसी) आधारित सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी पर जमकर प्रहार किया और यूएस ट्रेड डील पर देश की जनता को गुमराह करने का आरोप लगाया। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि राहुल गांधी देश को गुमराह कर रहे हैं कि यूरोपीय यूनियन, इंग्लैंड के साथ एफटीए और अमेरिका के साथ हुई ट्रेड डील में पीएम मोदी ने किसानों के हित को नुकसान पहुंचाया है। मैं राहुल गांधी को चैलेंज देना चाहता हूं, कोई भी मंच तय कर लीजिए, भाजपा के युवा मोर्चा का अध्यक्ष आकर बहस कर लेगा कि किसानों का नुकसान किसने किया है।

**भाजपा के युवा मोर्चा का अध्यक्ष आकर बहस कर लेगा**

- मनमोहन सरकार ने डंकल प्रस्ताव पर साइन कर विश्व बाजार खोला
- पीएम मोदी किसानों की सुरक्षा के लिए चट्टान की तरह खड़े हुए


गुजरात के गांधीनगर में एक कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह

### पीएम ने किसानों को पूरी सुरक्षा दी

शाह ने कहा किराहुल गांधी झूठ बोल रहे हैं और किसानों को गुमराह कर रहे हैं। इंग्लैंड और यूरोपीय यूनियन के साथ हुए एफटीए और अमेरिका से हुई ट्रेड डील में पीएम मोदी ने किसानों के हितों की सुरक्षा की है।

### पीएम मोदी ने डंकल समझौता बदला देश को बचाया

शाह ने कहा कि मनमोहन सिंह की सरकार ने डंकल प्रस्ताव पर साइन करके किया था। देश की जनता ने 2014 में कांग्रेस को 'टाटा बाय-बाय' कर दिया, पीएम मोदी आए और उस समझौते को बदल दिया।

### राहुल गांधी ने पूछे 5 सवाल?

- डीजीजी इंपोर्ट करने का वास्तव में क्या मतलब है? क्या इसका मतलब यह है कि भारतीय मवेशियों को जीएम अमेरिकी मक्का से बने डिस्टिलर्स अनाज खिलाए जाएंगे? क्या इससे हमारे दूध उत्पाद प्रभावी रूप से अमेरिकी कृषि उद्योग पर निर्भर नहीं हो जाएंगे?
- अगर हम जीएम सोया तेल के आयात की अनुमति देते हैं, तो मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान और देशभर के हमारे सोया किसानों का क्या होगा? वे एक और कीमतों का झटका कैसे झेल पाएंगे?
- जब आप 'अतिरिक्त उत्पाद' कहते हैं, तो उसमें क्या-क्या शामिल है? क्या यह समय के साथ दाल और अन्य फसलों को अमेरिकी आयात के लिए खोलने के दबाव का संकेत है?
- 'गैर-व्यापार बाधाएं' हटाने का क्या मतलब है? क्या भविष्य में भारत पर जीएम फसलों पर अपने रुख को ढीला करने, खरीद प्रक्रिया को कमजोर करने या एमएसपी और बोनस को कम करने का दबाव डाला जाएगा?
- एक बार यह दरवाजा खुल गया, तो हर साल इसे और ज्यादा खुलने से हम कैसे रोकेंगे? क्या इसकी रोकथाम होगी या हर बार सौदे में धीरे-धीरे और भी फसलों को मेज पर रख दिया जाएगा?

### कांग्रेस ने कर्जमाफी का झुनझुना पकड़ाया

उन्होंने कांग्रेस पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि इन्होंने 70 साल में एक बार कर्जमाफी का झुनझुना पकड़ाकर किसानों को गुमराह किया। पीएम मोदी ने 10 साल से 6,000 रुपए प्रति वर्ष देकर किसानों को लोन लेने की नौबत ही न आए, ऐसी व्यवस्था की। कांग्रेस का नेतृत्व हमेशा झूठ बोलकर जनता को गुमराह करता रहा है। कांग्रेस बताए किसानों का कितना अनाज खरीदा था?

### डील किसानों के साथ विश्वासघात: राहुल



लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर देश के किसानों के साथ विश्वासघात करने का बड़ा आरोप लगाया है। राहुल ने कहा कि अमेरिका ट्रेड डील के नाम पर हम भारत के किसानों के साथ विश्वासघात होते हुए देख रहे हैं।

---

## केंद्र ने स्टार्टअप फंड को दी मंजूरी

# 10000 करोड़ की मदद से नए निवेशकों को होगा बड़ा लाभ

**पहले चरण में 1,370 से अधिक स्टार्टअप्स को लाभ**




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने भारतीय स्टार्टअप्स को शुरुआती निवेश उपलब्ध कराने के लिए 10,000 करोड़ रुपए के नए फंड 'स्टार्टअप इंडिया फंड ऑफ फंड्स 2.0' को मंजूरी दे दी है। इस फंड का विशेष फोकस डीप टेक, एडवांस्ड मैन्युफैक्चरिंग और शुरुआती चरण के संस्थापकों पर रहेगा, ताकि नवाचार को शुरुआती वित्तीय कमी के कारण रुकना न पड़े। यह योजना 2016 में शुरू किए गए पहले फंड ऑफ फंड्स के दूसरे चरण के रूप में लाई गई है। पहले चरण में 10,000 करोड़ रुपए के पूरे कोष को विभिन्न निवेश फंड्स के माध्यम से तैनात किया गया। इनके जरिए 1,370 से अधिक स्टार्टअप्स को समर्थन मिला और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, हेल्थकेयर तथा स्पेस टेक्नोलॉजी जैसे क्षेत्रों में 25,500 करोड़ रुपए से अधिक का निवेश हुआ। नए फंड का प्रमुख उद्देश्य डीप टेक और नवोन्मेषी विनिर्माण जैसे लंबे समय में विकसित होने वाले क्षेत्रों को 'लंबी अवधि की धैर्यपूर्ण पूंजी' उपलब्ध कराना है। इन क्षेत्रों में जोखिम अधिक होने के कारण निजी निवेशक अक्सर निवेश से बचते हैं, जिससे उच्च-जोखिम पूंजी की कमी बनी रहती है।

**इनमें 25,500 करोड़ रुपए से अधिक का निवेश हुआ**

### विदेशी निवेश पर निर्भरता होगी कम

नई योजना का एक अहम लक्ष्य निवेश को केवल बड़े स्टार्टअप हब जैसे बेंगलुरु या दिल्ली तक सीमित न रखकर देश के अन्य हिस्सों तक पहुंचाना भी है, ताकि नवाचार का दायरा व्यापक हो सके और घरेलू दीर्घकालिक पूंजी को बढ़ावा मिले। इससे विदेशी निवेश पर निर्भरता कम करने में भी मदद मिलने की उम्मीद है। सरकार के आंकड़ों के अनुसार, 2016 से अब तक मान्यता प्राप्त स्टार्टअप्स की संख्या 500 से बढ़कर 2 लाख से अधिक हो चुकी है। सरकार का मानना है कि यह नया फंड आर्थिक मजबूती, विनिर्माण क्षमता में वृद्धि और उच्च गुणवत्ता वाले रोजगार सृजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा व 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को गति देगा।

---

## देश के सभी हाई कोर्ट को 'सुप्रीम' निर्देश

# फरार आरोपियों को अग्रिम जमानत न दें, 'अनावश्यक' इस्तेमाल रोकें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली


सुप्रीम कोर्ट

सुप्रीम कोर्ट ने सभी हाई कोर्ट को निर्देश दिया है कि वे उन आरोपियों को अग्रिम जमानत न दें जो फरार हो जाते हैं। कोर्ट ने फरार आरोपियों के लिए कहा कि ये ट्रायल पूरा होने पर अपने सह-आरोपियों के बरी होने के बाद गिरफ्तारी से सुरक्षा के लिए कोर्ट का दरवाजा खटखटाते हैं। जस्टिस जेबी पारदीवाला और विजय बिश्नोई की बेंच ने मध्य प्रदेश हाई कोर्ट के उस आदेश को रद्द कर दिया जिसमें फरार आरोपी को अग्रिम जमानत दी गई थी, उसे सरेंडर करने और रेगुलर बेल के लिए अप्लाई करने का निर्देश दिया गया था। कोर्ट ने कहा कि अग्रिम बेल की राहत देना, एक बुरी मिसाल कायम करता है और यह संदेश देता है कि कानून का पालन करने वाले सह-आरोपी, जिन पर ट्रायल हुआ, ट्रायल की प्रक्रिया में लगन से शामिल होना गलत था।

## सबरीमाला मंदिर का मुद्दा फिर गरमाया


# महिलाओं के प्रवेश पर सरकार से मांगा जवाब, आज कोर्ट में सुनवाई

एजेंसी ▶▶ तिरुवनंतपुरम


सबरीमाला मंदिर

केरल में सबरीमाला मंदिर में महिलाओं के प्रवेश का मुद्दा एक बार फिर गरमा गया है। विपक्ष ने सत्तारूढ़ एलडीएफ सरकार से साफ रुख बताने की मांग की है। सवाल यह है कि सरकार अदालत में महिलाओं के प्रवेश का समर्थन करेगी या अपना पुराना हलफनामा वापस लेगी। सुप्रीम कोर्ट सोमवार को 2018 के फैसले से जुड़े रिव्यू और रिट याचिकाओं पर विचार करने वाला है। उस फैसले में हर उम्र की महिलाओं को भगवान अयप्पा के मंदिर में प्रवेश की अनुमति दी गई थी। विपक्षी कांग्रेस का कहना है कि सरकार को अदालत में जाने से पहले जनता को अपना रुख साफ-साफ बताना चाहिए। उनका आरोप है कि सरकार इस संवेदनशील मुद्दे पर अब तक असमंजस की स्थिति में है।

## टॉय ट्रेन में सरिता पहली महिला टिकट कलेक्टर


**दार्जिलिंग।** दार्जिलिंग की मशहूर टॉय ट्रेन में पहली बार किसी महिला को टिकट कलेक्टर की जिम्मेदारी मिली है। सरिता योलमो ने 145 साल पुराने दार्जिलिंग हिमालयन रेलवे (डीएचआर) में वरिष्ठ वाणिज्यिक-सह-टिकट संग्राहक बनकर इतिहास रच दिया है। यह रेलवे यूनेस्को की वर्ल्ड हेरिटेज सूची में शामिल है। 55 वर्षीय सरिता योलमो गोरखा समुदाय से आती हैं। इससे पहले वे न्यू जलपाईगुड़ी स्टेशन पर सीटीसी के रूप में काम कर चुकी हैं। उन्होंने राजधानी एक्सप्रेस, गुवाहाटी-बेंगलुरु एक्सप्रेस और अमृत भारत एक्सप्रेस जैसी कई ट्रेनों में टिकट कलेक्टर की जिम्मेदारी निभाई है।

---

## उत्तराखंड हाई कोर्ट का अहम फैसला जो एक चेतावनी भी

# सहमति से लंबे समय तक संबंध बनाने के बाद शादी का वादा तोड़ना बलात्कार नहीं

एजेंसी ▶▶ नैनीताल

उत्तराखंड हाई कोर्ट ने अपने एक फैसले में कहा है कि सहमति से लंबे समय तक संबंध बनाने के बाद शादी का वादा तोड़ना रेप नहीं माना जा सकता। कोर्ट ने कहा कि जब दो व्यस्कों के बीच सहमति से संबंध बनते हैं तो रेप केस के लिए यह साबित करना जरूरी है कि शादी का वादा शुरू से ही झूठा था। कोर्ट ने कहा है कि जब दो वयस्क आपसी सहमति से लंबे समय तक संबंध में हों तो शादी के वादे को पूरा न करना आईपीसी की धारा 376 के तहत बलात्कार नहीं माना जा सकता।

### कई बार मिलना आपसी सहमति का संकेत


उत्तराखंड हाई कोर्ट

कोर्ट ने पाया कि दोनों पक्ष लंबे समय से रिश्ते में थे और उनके बीच बार-बार शारीरिक संबंध बने थे, जिससे प्रारंभिक धोखाधड़ी के बजाय आपसी सहमति का संकेत मिलता है। हाई कोर्ट ने यह निर्धारित किया कि ठोस आधार के अभाव में आपराधिक कार्यवाही जारी रखना आरोपी का उत्पीड़न होगा।

### महिला अपराध सिद्ध न कर सकी

जस्टिस आशीष नैथानी ने सुनवाई के दौरान कहा कि किसी वयस्क महिला द्वारा दी गई सहमति मात्र इसलिए अमान्य नहीं हो जाती क्योंकि संबंध शादी में नहीं बदला। इसे धारा 376 के तहत अपराध मानने के लिए यह सिद्ध करना आवश्यक है कि शादी का वादा केवल संबंध बनाने के लिए सहमति पाने का एक साधन था और आरोपी का शादी करने का कोई इरादा नहीं था।

## गरीबों को मिलने वाले अनाज वितरण की प्रक्रिया से बिचौलिए बाहर

# पूरे देश में अब 'ग्रेन एटीएम' से निकलेगा अनाज

एजेंसी ▶▶ गांधीनगर

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को गुजरात के गांधीनगर में 'सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी' (सीबीडीसी) पर आधारित पब्लिक डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम (पीडीएस) का उद्घाटन किया। यह पहल पीएम नरेंद्र मोदी के 'डिजिटल इंडिया' अभियान का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसका लक्ष्य सरकारी सेवाओं को सीधे जनता तक पहुंचाना है। इस नई प्रणाली को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई), भारतीय खाद्य निगम और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सहयोग से लागू किया गया है। इसका मुख्य उद्देश्य अनाज वितरण की प्रक्रिया से बिचौलियों को पूरी तरह बाहर करना है।

**खास बात**

- गृह मंत्री ने 'अन्नपूर्ति' मशीन का उद्घाटन किया
- 4 साल के भीतर पूरे देश में लागू होगी यह योजना


केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह

### गेहूं, चावल, दाल, चना भी देगी मशीन

इस कार्यक्रम के दौरान 'अन्नपूर्ति' मशीन का भी उद्घाटन किया गया, जो गुजरात में विकसित एक 'ग्रेन एटीएम' है। अमित शाह ने इसे तकनीक और मानवीय संवेदनशीलता का अद्भुत संगम बताया। इस एटीएम के जरिए अब गरीबों को केवल गेहूं या चावल ही नहीं, बल्कि 1 किलो तुअर दाल, 1 किलो चने, नमक और चीनी भी वितरित की जाएगी। यह मशीन 'मेड इन गुजरात' का प्रतीक है और देश की तकनीकी प्रगति को दर्शाती है।

### खाद्य सुरक्षा में बड़ा बदलाव

गृह मंत्री ने भरोसा जताया कि अगले 3 से 4 साल के भीतर इस व्यवस्था को पूरे देश में लागू कर दिया जाएगा। इससे हर गरीब व्यक्ति को उसके हक का पूरा 5 किलो अनाज सुरक्षित तरीके से मिल सकेगा।यह डिजिटल कदम खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में सबसे बड़ा बदलाव साबित होगा।

### भ्रष्टाचार पर लगाम और पारदर्शिता पर जोर


अमित शाह ने कहा कि कई सालों से देश के पिछड़े इलाकों में भ्रष्टाचार के कारण गरीबों तक अनाज नहीं पहुंच पाता था। लेकिन इस नई डिजिटल व्यवस्था के आने से खाद्य और आपूर्ति विभाग के काम करने के तरीके में पारदर्शिता आएगी और भ्रष्टाचार जड़ से खत्म हो जाएगा। यह सिस्टम आधार आधारित बायोमेट्रिक पहचान के साथ मिलकर काम करेगा, जिससे पूरी प्रक्रिया सुरक्षित और सटीक होगी।



▶▶ नेपाल में भारत से पहुंचे 3000 नागा साधुओं ने की साधना

▶▶ फिजी में तीन दिन तक चलते हुए अनुष्ठान और उत्सव





# महाशिवरात्रिः सात समंदर पार गूंजा 'हर-हर महादेव', नेपाल से लेकर श्रीलंका तक शिव भक्ति में डूबे दुनिया के कई देश

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

महाशिवरात्रि पर सिर्फ भारत ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में बम बम भोले की गूंज सुनाई देने लगी है। श्रीलंका, इंडोनिशिया,फिजी जैसे कई देश हैं जहां बड़ी धूमधाम के साथ भगवान शिव की बारात निकाली गई और लाखों की संख्या में भक्त एकत्रित हुए। नेपाल की राजधानी स्थित प्रसिद्ध पशुपतिनाथ मंदिर में महाशिवरात्रि का पर्व रविवार को अत्यंत हर्षोल्लास और भक्ति के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर भगवान शिव की आराधना के लिए सुबह से ही भक्तों का भारी हुजूम उमड़ पड़ा। यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल में शामिल इस पवित्र मंदिर परिसर में नेपाल और पड़ोसी देश भारत से आए लाखों तीर्थयात्रियों ने कतारबद्ध होकर पूजा-अर्चना की। पूरा मंदिर परिसर 'ओम नमः शिवाय' के जयकारों से गुंजायमान रहा। पशुपति क्षेत्र विकास कोष (पीएडीटी) के कार्यकारी निदेशक शुभास चंद्र



जोशी ने जानकारी दी कि श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए मंदिर के चारों दरवाजे सुबह 2 बजे ही खोल दिए गए थे। उन्होंने बताया कि सुबह 3:30 बजे तक ही लगभग 10 लाख भक्त दर्शन कर चुके थे, जबकि दिन की समाप्ति तक यह आंकड़ा 15 लाख को पार कर गया। इस बार उत्सव का मुख्य आकर्षण भारत और नेपाल से आए करीब 3,000 हिंदू संत रहे। जोशी के अनुसार, भारत से आए लगभग 150 नागा साधुओं ने मंदिर परिसर में विशेष आध्यात्मिक साधना की।

### फिजी में जीवंत हुई लघु भारत की झलक

*फिजी में महाशिवरात्रि का पर्व केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि एक भव्य सामाजिक उत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। गिरमिटिया मजदूरों के वंशज आज भी अपनी सांस्कृतिक जड़ों को सहेजे हुए हैं। मंदिरों में अनाज और रंगों से शिवलिंग की अद्भुत आकृतियां उकेरी गई हैं। स्थानीय हिंदी अध्यापिका शिरीन प्रसाद ने बताया कि शिवरात्रि का उल्लास बिल्कुल भारत जैसा है।*

### मॉरीशसः गंगा तालाब

*मॉरीशस का 'ग्रैंड बासिन' जिसे गंगा तालाब भी कहा जाता है, शिव भक्ति का प्रमुख केंद्र है। यहां भगवान शिव की एक विशाल प्रतिमा स्थापित है। स्थानीय लोग और भारतीय मूल के निवासी यहां कांवड़ यात्रा निकालते हैं और शिव जी का जलाभिषेक करते हैं। महाशिवरात्रि पर भी यहां कई आयोजन होते हैं। शिव अभिषेक से लेकर शिव बारात और बम बम भोले जयकारे गूंजते हैं।*

### इंडोनेशिया और बालीः प्रम्बानन मंदिर

*यहां के जावा में स्थित प्रम्बानन मंदिर वास्तुकला का बेजोड़ नमूना है और भगवान शिव को समर्पित है। बाली द्वीप पर भी भगवान शिव की पूजा विभिन्न रूपों में की जाती है। यहां आज भी शिव भक्ति की गहरी जड़ें दिखाई देती हैं।*

## खबर संक्षेप

### कैलिफोर्निया में लापता छात्र साकेत का शव बरामद

**कैलिफोर्निया।** अमेरिका के कैलिफोर्निया में छह दिन से लापता भारतीय छात्र साकेत श्रीनिवासैया (22) का शव बर्कले पुलिस ने बरामद कर लिया है। साकेत आईआईटी मद्रास के पूर्व छात्र थे और यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया, बर्कले में मास्टर्स कर रहे थे। वह 9 फरवरी से लापता थे और उनका बैग टिल्डन पार्क के पास मिला था। सैन फ्रांसिस्को स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास ने मौत की पुष्टि करते हुए पार्थिव शरीर को भारत भेजने में परिवार को हर संभव मदद का आश्वासन दिया है।



### ताइवान पर सैन्य हस्तक्षेप से पीछे हटा पेंटागन

**वाशिंगटन।** अमेरिकी रक्षा विभाग 'पेंटागन' ने अपनी नई राष्ट्रीय रक्षा रणनीति जारी की है, जो चीन के प्रति अमेरिकी दृष्टिकोण में बड़े बदलाव का संकेत देती है। इस नई नीति में चीन को अब सबसे बड़ी सुरक्षा चुनौती की श्रेणी से बाहर कर दिया गया है। सबसे अहम बदलाव ताइवान को लेकर है। ताइवान पर चीनी हमले की स्थिति में अमेरिकी सेना सीधे युद्ध में शामिल नहीं होगी। अमेरिका केवल हथियार, प्रशिक्षण और रणनीतिक सहयोग तक सीमित रहेगा। 'शक्ति से रोकना, टकराव से नहीं' का सिद्धांत पर आधारित होगा।



### जर्मनी में ईरान सरकार के खिलाफ प्रदर्शन

**बर्लिन।** यूरोप में अब ईरान की खामेनेई शासन के ख़िलाफ़ उठने लगी है। जर्मनी के म्यूनिख शहर में शनिवार को ईरान की सरकार के खिलाफ एक बहुत बड़ी रैली आयोजित की गई, जिसमें पुलिस के अनुसार लगभग 2.5 लाख लोगों ने हिस्सा लिया। यह प्रदर्शन ऐसे समय में हुआ जब म्यूनिख में वैश्विक नेताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक चल रही थी। रैली को ईरान के निर्वासित क्राउन प्रिंस रेजा पहलवी के आह्वान पर 'ग्लोबल डे ऑफ एक्शन' के अंतर्गत आयोजित किया गया था।



## समिट में तीन सूत्रों पर होगा मंथन लोग, पृथ्वी और प्रगति

# दिल्ली में आज से शुरू हो रहा टेक वर्ल्ड का सबसे बड़ा समिट, इसमें 7 देशों के राष्ट्रपति, 9 पीएम होंगे शामिल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

*भारत मंडपम में 5 दिन चलने वाले इस इवेंट में करीब 2 लाख लोगों के शामिल होंगे*

*10000 पुलिस जवानों की इवेंट और मेहमानों की सुरक्षा में तैनाती की गई है*

देश की राजधानी दिल्ली में आज यानी 16 फरवरी से एआई इम्पैक्ट समिट शुरू हो रहा है, जिसमें पूरी दुनिया से कई जानी मानी हस्तियां, टेक कंपनियों के सीईओ एवं देशों के राष्ट्राध्यक्ष हिस्सा लेंगे। भारत मंडपम में 5 दिन चलने वाले इस इवेंट में करीब 2 लाख लोगों के शामिल होने की उम्मीद है। एआई इम्पैक्ट समिट टेक्नोलॉजी वर्ल्ड का सबसे बड़ा इवेंट है, जिसकी मेजबानी भारत कर रहा है। समिट में 20 से ज्यादा देशों के जाने-माने नेता और 45 से ज्यादा देशों के मंत्रिस्तरीय प्रतिनिधिमंडल आएंगे। 7 देशों के राष्ट्रपति, 2 देश के उपराष्ट्रपति और 9 देश के प्रधानमंत्री समिट को जॉइन करेंगे। दुनियाभर के देशों की बड़ी टेक कंपनियों के सीईओ और उनका मालिक भी समिट में आएंगे। वहीं इवेंट और इसमें आने वाले लोगों की सुरक्षा के लिए पूरी दिल्ली में सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहेंगे। करीब 10000 पुलिस जवानों को इवेंट और मेहमानों की सुरक्षा में तैनात किया गया है।

**20 से ज्यादा देशों के नेता और 45 से ज्यादा देशों के प्रतिनिधिमंडल आएंगे**



नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम

### ये 9 प्रधानमंत्री और कंपनियों के सीईओ आएंगे

विदेश मंत्रालय के अनुसार, एआई समिट में आर्मेनिया के प्रधानमंत्री निकोल पशिन्यान, भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग टोबगे, क्रोएशिया के प्रधानमंत्री आंद्रेज प्लेंकोविच, फिनलैंड के प्रधानमंत्री पेटेरी ऑर्पो, स्पेन के पेड्रो प्रधानमंत्री सांचेज, ग्रीस के प्रधानमंत्री किरियाकोस मित्सोताकिस, नीदरलैंड के प्रधानमंत्री डिक स्कूफ, कजाकिस्तान के प्रधानमंत्री ओलजास बेक्टेनोव और मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम भी आएंगे। वहीं अल्फाबेट के सीईओ सुंदर पिचाई, ओपन एआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन, गूगल डीपमाइंड के सीईओ डेमिस हसाबिस, एंथ्रोपिक के सीईओ डारियो अमोदेई भी समिट में शामिल होंगे।

### एआई इम्पैक्ट समिट को लेकर दिल्ली में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

दिल्ली में होने जा रहे एआई इम्पैक्ट समिट को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। राजधानी में 10,000 से ज्यादा पुलिसकर्मियों की तैनाती की है। लगभग हर जिले से 800 पुलिसकर्मी लगाए गए हैं। इसके अलावा स्पेशल यूनिट, रिजर्व फोर्स और ट्रैफिक पुलिस भी ड्यूटी पर रहेगी। खासतौर पर कार्यक्रम स्थल और लुटियंस दिल्ली इलाके में कड़ी सुरक्षा रहेगी. यह सुरक्षा व्यवस्था कई एजेंसियों के साथ मिलकर की जा रही है, क्योंकि इस समिट में कई देशों के प्रमुख और वीवीआईपी शामिल होंगे। करीब 4,200 ट्रैफिक पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। पूरी दिल्ली को 10 जोन में बांटा गया है, जिसकी निगरानी डीसीपी रैंक के अधिकारी करेंगे। ट्रैफिक मैनेजमेंट के लिए दूसरे यूनिट्स से भी अतिरिक्त डीसीपी लगाए गए हैं। वीवीआईपी मूवमेंट को ध्यान में रखते हुए काफिलों की रूट रिहर्सल की गई है।

### समिट में क्या करेंगे मेहमान और एक्सपर्ट?

समिट 3 सूत्रों प्यूपल, प्लानेट प्रोग्रेस यानी लोग, पृथ्वी, प्रगति पर आधारित होगा। समिट में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) पर परस्पर सहयोग की संभावनाओं को लेकर विचार विमर्श किया जाएगा। एआई प्लेटफॉर्म को एक दूसरे के लिए किफायती बनाने, इस्तेमाल करने के लिए आसान बनाने, इसके भविष्य, विकास और पृथ्वी की रक्षा करने में इसके इस्तेमाल पर मंथन किया जाएगा। दुनियाभर के टेक इंजीनियर, पॉलिसी क्रिएटर्स, इनोवेटर और एक्सपर्ट एआई के भविष्य की संभावनाएं तलाशेंगे।

### इन देशों के राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति आएंगे

विदेश मंत्रालय के अनुसार, एआई समिट में ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, एस्टोनिया के राष्ट्रपति आलार कारिस, स्लोवाकिया के राष्ट्रपति पीटर पेलेग्रिनी, श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुर कुमार दिसानायके, सर्बिया के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर वुचिच और स्विट्जरलैंड के राष्ट्रपति गाइ परमेलन शिरकत करेंगे। वहीं गुयाना के उपराष्ट्रपति भरत जगदेव और सेशेल्स के उपराष्ट्रपति सेबेस्टियन पिलाय भी समिट में अपने देश का प्रतिनिधित्व करेंगे।

## यूएन चीफ गुतारेस ने माना भारत का लोहा

# एआई समिट से पहले कहा- भारत वैश्विक मामलों में प्रभाव रखने वाला





एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने कहा है कि भारत वैश्विक मामलों में प्रभाव रखने वाली एक बेहद सफल उभरती अर्थव्यवस्था है और यह एआई शिखर सम्मेलन के लिए उपयुक्त स्थान है। इंडिया-एआई इम्पैक्ट समिट 2026 से पहले संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में एक विशेष साक्षात्कार में गुतारेस ने इस बात पर जोर दिया कि कृत्रिम मेधा (एआई) से पूरी दुनिया को लाभ होना चाहिए, न कि यह केवल विकसित देशों या दो महाशक्तियों के लिए आरक्षित विशेषाधिकार हो। यह उच्च स्तरीय कार्यक्रम 16 से 20 फरवरी तक आयोजित होने वाला है जो ग्लोबल साउथ के किसी देश में आयोजित होने वाला पहला एआई शिखर सम्मेलन होगा और यह लोग, धरती और प्रगति के तीन मार्गदर्शक सिद्धांतों पर आधारित है। गुतारेस ने कहा, मैं इस शिखर सम्मेलन के आयोजन के लिए भारत को हार्दिक बधाई देता हूं। यह अत्यंत आवश्यक है कि एआई का विकास हर किसी के लाभ के लिए हो और 'ग्लोबल साउथ' के देश भी एआई के लाभ का हिस्सा बनें। ग्लोबल साउथ से तात्पर्य उन देशों से है जिन्हें अक्सर विकासशील, कम विकसित अथवा अविकसित के रूप में जाना जाता है और ये मुख्य रूप से अफ्रीका, एशिया और लातिन अमेरिका में स्थित हैं। गुतारेस शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए भारत की यात्रा करेंगे। उन्होंने कहा कि यह पूरी तरह से अस्वीकार्य है कि एआई केवल सर्वाधिक विकसित देशों का विशेषाधिकार हो।

**अमेरिका-चीन को दिखाया आइना**

### भारत सफल अर्थव्यवस्था

गुतारेस की इस टिप्पणी को स्पष्ट रूप से अमेरिका और चीन पर केंद्रित माना जा रहा है। गुतारेस ने कहा, 'यह बेहद आवश्यक है कि कृत्रिम मेधा मानव जाति के लाभ के लिए एक सार्वभौमिक साधन बने। भारत की भूमिका आज एक बेहद सफल उभरती हुई अर्थव्यवस्था के रूप में है और यह न केवल वैश्विक अर्थव्यवस्था में बल्कि वैश्विक मामलों में भी लगातार महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इस शिखर सम्मेलन के आयोजन के लिए भारत बिल्कुल उपयुक्त जगह है और यह सुनिश्चित करने के लिए भी कि एआई की अपार संभावनाओं एवं इसके सभी जोखिमों के साथ इस पर गहराई से चर्चा हो क्योंकि एआई पूरी दुनिया से संबंधित है, न कि केवल कुछ लोगों से।

## 'लव ब्रिगेड 2.0' जैसे अभियान शुरू

# 'मिजोरम' में एचआईवी का बढ़ा खतरा राष्ट्रीय औसत से 13 गुना अधिक मामले

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत का पूर्वोत्तर राज्य मिजोरम इस समय एचआईवी संक्रमण के गंभीर संकट से जूझ रहा है। राज्य की स्वास्थ्य मंत्री लालरिनपुई के अनुसार, यहां संक्रमण की दर राष्ट्रीय औसत से 13 गुना अधिक दर्ज की गई है। जहाँ देश में एचआईवी की औसत व्यापकता दर 0.2% है, वहीं मिजोरम में यह बढ़कर 2.74% तक पहुँच गई है। आंकड़ों के अनुसार, राज्य में बढ़ते मामलों का सबसे बड़ा कारण असुरक्षित यौन संबंध हैं, जो कुल मामलों का लगभग 70% हिस्सा हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने इसे सामाजिक और नैतिक मूल्यों के लिए चुनौती बताते हुए युवाओं से सतर्क रहने की अपील की है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सावधानी और सुरक्षा उपायों के जरिए इस संक्रमण को काफी हद तक रोका जा सकता था। सरकार ने संक्रमण की चेन तोड़ने के लिए 'लव ब्रिगेड 2.0' जैसे अभियान शुरू किए हैं, जिसका मुख्य उद्देश्य कंडोम के उपयोग को बढ़ावा देना और यौन स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना है।



## जर्मनी के इवेंट में जाने से रोका

# पाकिस्तान की भारी बेइज्जती, असीम मुनीर को रोका, मांगा आईडी कार्ड

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पाकिस्तान आर्मी चीफ फील्ड मार्शल असीम मुनीर की इंटरनेशनल लेवल पर भारी बेइज्जती हुई है। जर्मनी के म्यूनिख में एक इवेंट में सिक्योरिटी ऑफिसर ने असीम मुनीर को उनके आइडेंटिटी कार्ड की वजह से रोका। फील्ड मार्शल असीम मुनीर और उनकी टीम म्यूनिख सिक्योरिटी कॉन्फ्रेंस में शामिल होने के लिए जर्मनी गए थे। यहां मुनीर को एंट्री करने से पहले उनका आईडी कार्ड मांगा गया। म्यूनिख में चल रहे इवेंट में जब पाकिस्तान के आर्मी चीफ असीम मुनीर अंदर जा रहे होते हैं, तब एक सिक्योरिटी गार्ड उनसे आइडेंटिटी कार्ड सीधा करने के लिए कहती है। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जर्मनी के एक सिंधी पॉलिटिकल ऑर्गनाइजेशन, जय सिंध मुत्ताहिदा महाज ने म्यूनिख सिक्योरिटी कॉन्फ्रेंस में मुनीर के शामिल होने पर कड़ी आपत्ति जताई है।



## तारिक रहमान के सलाहकार हुमायूं कबीर बोले

# नए सिरे से रिश्ते हों शुरू, बदली हुई वास्तविकता को स्वीकार करे भारत

एजेंसी ▶▶ ढाका

बांग्लादेश को लगभग डेढ़ साल बाद स्थायी सरकार मिलने जा रही है। 12 फरवरी को हुए आम चुनाव के नतीजे बांग्लादेश राष्ट्रवादी पार्टी के भारी बहुमत के साथ पक्ष में आए। ऐसे में अब 17 फरवरी को तारिक रहमान पीएम पद की शपथ लेंगे। इससे पहले तारिक रहमान के सलाहकार का भारत के साथ संबंधों पर बड़ा बयान सामने आया है। तारिक रहमान के सलाहकार हुमायूं कबीर ने कहा है कि बांग्लादेश भारत के साथ नए सिरे से संबंधों की शुरुआत करना चाहता है। इसी के साथ उन्होंने यह भी कहा कि बांग्लादेश की बदली हुई राजनीतिक वास्तविकता को स्वीकार करना भारत की जिम्मेदारी है। अपने बयान में उन्होंने काह कि बांग्लादेश, भारत के साथ नए सिरे से संबंध स्थापित करना चाहता है, क्योंकि अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना और उनकी अवामी लीग पार्टी अब सत्ता में नहीं हैं। बीएनपी अध्यक्ष तारिक रहमान के सलाहकार ने जोर देते हुए यह भी कहा कि दोनों देशों को 'पारस्परिक लाभ' के लिए मिलकर काम करना चाहिए। बता दें, तारिक रहमान की पार्टी बीएनपी ने 13 फरवरी को जारी हुए चुनाव परिणाम में ऐतिहासिक जीत दर्ज करते हुए दो-तिहाई से अधिक सीटों पर विजय हासिल की है। शनिवार (14 फरवरी) को दिए एक साक्षात्कार में कबीर ने इस बात पर जोर दिया कि बीएनपी की शानदार चुनावी जीत के बाद बांग्लादेश में बदली हुई राजनीतिक वास्तविकता को पहचानने की जिम्मेदारी भारत पर है।



## अमेरिकी विदेश मंत्री रुबियो बोले- भारत नहीं खरीदेगा रूसी तेल

# जयशंकर का जवाब- हम बाहरी दबाव में फैसले नहीं करते, हमारे हित, हमारे अधिकार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रूस से तेल खरीद को लेकर भारत और अमेरिका के बीच मतभेद एक बार फिर सामने आए हैं। म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन के दौरान अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने दावा किया कि भारत ने वॉशिंगटन को भरोसा दिया है कि वह रूस से अतिरिक्त तेल नहीं खरीदेगा। रुबियो ने 14 फरवरी को रूस पर अमेरिकी प्रतिबंधों का जिक्र करते हुए कहा कि भारत की ओर से यह आश्वासन दिया गया है कि नए तेल सौदे नहीं किए जाएंगे, हालांकि मौजूदा ऑर्डर प्रक्रिया में बने रहेंगे। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि इस संबंध में अंतिम निर्णय अभी नहीं हुआ है। इस बयान पर भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने उसी सम्मेलन के अगले सत्र में स्पष्ट और संतुलित प्रतिक्रिया दी। जर्मनी के विदेश मंत्री जोहान वेडफुल के साथ चर्चा में जयशंकर ने कहा कि भारत रणनीतिक स्वायत्तता की नीति के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है और देश किसी भी तरह के बाहरी दबाव में अपने फैसले नहीं करता। जयशंकर ने कहा कि भारत की ऊर्जा नीति उपलब्धता, लागत और जोखिम जैसे व्यावहारिक कारकों पर आधारित होती है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा, वैश्विक ऊर्जा बाजार बेहद जटिल है। भारत की तेल कंपनियां वही निर्णय लेंगी, जो उन्हें अपने सर्वोत्तम राष्ट्रीय और व्यावसायिक हित में लगता है। विदेश मंत्री ने यह भी संकेत दिया कि भारत के पास ऐसे फैसले लेने का पूरा अधिकार है, जो पश्चिमी विचारधारा से मेल न भी खाते हों।



- ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत ने किया था हैमर बम का इस्तेमाल
- दोनों देशों के बीच अगले 10 वर्षों के लिए रक्षा सहयोग पर करार होगा

*फ्रांस की एयरबस कंपनी, टाटा कंपनी के साथ एच-125 लाइट यूटिलिटी हेलीकॉप्टर का बेंगलुरू में साझा निर्माण करने जा रही है. इस प्लांट का मैक्रों और पीएम मोदी उद्घाटन करेंगे।*

## फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों भारत से कई समझौते करेंगे

# भारत-फ्रांस साथ बनाएंगे हेलीकॉप्टर और हैमर बम, मैक्रों के दौरे के दौरान होगी बड़ी डिफेंस डील, बेचैन हुआ पाकिस्तान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एआई समिट में शामिल होने भारत आ रहे फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों (17-19 फरवरी) के दौरान दोनों देशों के बीच रक्षा क्षेत्र में अहम करार होने जा रहे हैं। इनमें साझा हेलीकॉप्टर के निर्माण से लेकर हैमर बम बनाना शामिल है. माना जा रहा है कि इस दौरान, मैक्रों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 114 मेक इन इंडिया राफेल फाइटर जेट को लेकर भी अहम घोषणा कर सकते हैं। रक्षा मंत्रालय ने रविवार को बयान जारी कर बताया कि फ्रांस (यूरोप) की एयरबस कंपनी, टाटा कंपनी के साथ एच-125 लाइट यूटिलिटी हेलीकॉप्टर का बेंगलुरू के करीब वेमागल (कर्नाटक) में साझा निर्माण करने जा रही है। इस प्लांट का मैक्रों और पीएम मोदी वर्चुअल उद्घाटन करेंगे। इस दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और फ्रांस की







रक्षा मंत्री प्लांट में मौजूद रहेंगी। इन एलयूएच हेलीकॉप्टर को भारतीय सेना के लिए बनाया जाएगा। मैक्रों के साथ भारत के दौरे पर आ रही फ्रांसीसी रक्षा मंत्री कैथरिन वातारिन,17 फरवरी को बेंगलुरु में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ हैमर बम को भारत में बनाने को लेकर होने वाले करार के दौरान भी मौजूद रहेंगी। फ्रांस की साफरान कंपनी इन हैमर बम का निर्माण करती है और इन्हें राफेल से लॉन्च किया जाता है।

### रफेल के भारत में निर्माण को मिली हरी झंडी

*रक्षा मंत्रालय की अपेक्स कमेटी, रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) ने गुरुवार (12 फरवरी 2026) को मेक इन इंडिया के तहत, फ्रांसीसी फाइटर जेट रफेल के भारत में निर्माण को लेकर हरी झंडी दी थी। इस डील के तहत, फ्रांस की दसॉल्ट कंपनी, किसी स्वदेशी (भारतीय) कंपनी के साथ मिलकर भारत में 114 रफाल फाइटर जेट बनाएगी। माना जा रहा है कि मैक्रों के दौरे के दौरान, दोनों देश इस मेक इन इंडिया रफाल लड़ाकू विमान को लेकर अहम घोषणा कर सकते हैं।*

# बुरहानपुर में बनेगा मिनी एयरपोर्ट, शाहपुर को बनाएंगे नगर पालिका, बुरहानपुर में लगाए जाएंगे नए उद्योग-धंधे

## केला उत्पादकों के लिए स्थापित होगी वैल्यू एडिशन, भंडारण एवं प्रसंस्करण इकाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मप्र का चहुंमुखी विकास ही सरकार का एकमात्र लक्ष्य है। आत्मनिर्भर और विकसित मप्र के निर्माण में हर नागरिक की सहभागिता सुनिश्चित की जा रही है। सबको साथ और विश्वास में लेकर हम ऐसे नए मप्र का निर्माण करेंगे, जहां विकास केवल अवसर नहीं, यहां के हरेक नागरिक का अधिकार होगा। उन्होंने कृषि, उद्यानिकी एवं अन्य विभागों की 2 वर्ष की उपलब्धियों और भावी विकास योजनाओं पर आधारित विकास प्रदर्शनी का शुभारंभ कर विभिन्न स्टॉल्स का अवलोकन भी किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को बुरहानपुर में विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सिंगल क्लिक से 696 करोड़ 37 लाख रुपए लागत के 80 विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण कर बुरहानपुर जिले के समग्र विकास को नई गति दी। उन्होंने कहा कि आज जिन कार्यों की सौगातें मिली हैं, ये जिले को आधुनिक, विकसित और आत्मनिर्भर बनाने में बड़ी भूमिका निभाएंगे। मुख्यमंत्री ने बुरहानपुर में नर्मदेश्वर अखंड शिवलिंग की पूजा-अर्चना की।

### बुरहानपुर में होगी एग्रीकल्चर बेस्ड रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव, वारकरी समुदाय का कीर्तन केंद्र भी बनाया जाएगा

**खास बातें**

- बुरहानपुर सहकारी सूत मिल श्रमिकों को होगा बकाया राशि का भुगतान
- बुरहानपुर जिले को मिली 696 .37 करोड़ रुपए के 80 विकास कार्यों की बड़ी सौगात



प्रदर्शनी का अवलोकन करते सीएम।

### हमारा प्रण, विकास का प्रकाश पहुंचे प्रदेश के हर कोने-कोने तक

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मप्र को हर क्षेत्र में अग्रणी बनाने के लिए हमारी सरकार पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। विकास का प्रकाश प्रदेश के हर कोने, हर गली-मोहल्ले तक पहुंचे, इसी मूल संकल्प के साथ हमारी सरकार सबको साथ और विश्वास में लेकर आगे बढ़ रही है। सरकार अधोसंरचनात्मक और जनकल्याणकारी कार्यों को प्राथमिकता देकर प्रदेश के विकास की गति में निरंतर तेज़ी ला रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बुरहानपुर का विकास हमारी प्राथमिकता में है। हमने इस जिले को विकसित और समृद्ध बनाने का संकल्प लिया है, जिले की जनता की भागीदारी से हम इसे सिद्ध करेंगे, आने वाला समय इसका साक्षी बनेगा।

### मुख्यमंत्री ने की अनेकों प्रमुख घोषणाएं

*मुख्यमंत्री ने बुरहानपुर में मिनी एयरपोर्ट बनाने की घोषणा की। उन्होंने बुरहानपुर में केला उत्पादक किसानों के हित में वैल्यू एडिशन, भण्डारण एवं प्रसंस्करण के लिए इकाई स्थापित करने, बुरहानपुर में कृषि आधारित रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव कराने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान में नगर परिषद शाहपुर को परीक्षण उपरांत नगर पालिका का दर्जा दिया जाएगा। बुरहानपुर में वारकरी समुदाय का कीर्तन केंद्र बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हॉर्टीकल्चर सब्जेक्ट अब प्रदेश के सभी महाविद्यालयों में पढ़ाया जाएगा।*

### बुरहानपुर का नाम ब्रह्मपुर किया जाए

*विधायक बुरहानपुर एवं पूर्व मंत्री अर्चना चिटनीस ने कहा कि बुरहानपुर ऐसा स्थान है, जिसके 335 किमी के दायरे में कुल 12 में से 6 ज्योतिर्लिंग स्थापित हैं। बुरहानपुर जिले के समग्र विकास के लिए कैबिनेट में 1673 करोड़ रुपए की सिंचाई परियोजना स्वीकृत की है। बुरहानपुर को ताप्ती ग्राउंड वॉटर मेगा रीचार्ज परियोजना की सौगात मिल रही है। अमृत 2.0 योजना में ताप्ती नदी को स्वच्छ बनाने 19 नालों के प्रबंधन कार्यों का भूमि-पूजन भी हुआ। उन्होंने कहा कि बुरहानपुर प्राचीन काल का ब्रह्मपुर है ।*

### 'बुनकरों का शहर' है बुरहानपुर

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कृषि से लेकर कपड़ा निर्माण तक, दवा से लेकर फर्नीचर उद्योग तक, पाइप निर्माण से लेकर कृषि उपकरण निर्माण तक बुरहानपुर का जवाब नहीं। यह जिला पावरलूम उद्योग का प्रमुख केन्द्र है और कपड़ा उत्पादन के कारण 'बुनकरों के शहर' के रूप में बुरहानपुर के नाम से विख्यात है। यहां का केला उत्पादन, फसल विविधता और परिश्रमी किसान, यही हमारे कृषक कल्याण वर्ष की असली ताकत हैं।*

---

## केरल के निकाय जनप्रतिनिधि पहुंचे भोपाल, मुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष से किया संवाद

# राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ देश की सेवा में जुटे हैं भाजपा के कार्यकर्ता: डॉ. मोहन यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के 'भाजपा फॉर विकसित केरलम' कार्यक्रम के तहत केरल के निकायों के जनप्रतिनिधि दो दिवसीय प्रवास पर शनिवार को सुबह भोपाल और ग्वालियर पहुंचे। भोपाल और ग्वालियर रेलवे स्टेशन पर भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। भोपाल पहुंचे 11 सदस्यीय जनप्रतिनिधियों के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री निवास पहुंचकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुलाकात की।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जनप्रतिनिधियों से संवाद करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केरल निकाय चुनाव में भाजपा व एनडीए की सफलता जनविश्वास का सशक्त प्रमाण है। पार्टी कार्यकर्ताओं के संघर्षों से आने वाले समय में केरल में भाजपा व एनडीए का परचम लहराएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ता राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ देश की सेवा में जुटे हुए हैं। मुख्यमंत्री ने मध्यप्रदेश सरकार की योजनाओं व नवाचारों से जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया। जनता की सेवा और अपने क्षेत्र के विकास को कैसे अंजाम तक पहुंचाया जाता है, इस संबंध में भी संवाद किया। इस अवसर पर प्रदेश शासन के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय सहित अन्य उपस्थित रहे।

**खास बातें**

- 11 सदस्यीय जनप्रतिनिधियों के प्रतिनिधिमंडल ने सीएम से की मुलाकात
- भोपाल और ग्वालियर रेलवे स्टेशन पर पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत



सीएम ने की केरल से आए प्रतिनिधियों से मुलाकात।

### भाजपा प्रदेश कार्यालय पहुंचे, कहा: कार्यकर्ताओं का हौसला बढ़ा

केरल के निकायों के जनप्रतिनिधियों ने भोपाल में भाजपा प्रदेश कार्यालय में पार्टी पदाधिकारियों से संवाद किया। पार्टी संगठन की कार्यप्रणाली जानी। इसके बाद जनप्रतिनिधियों ने कार्यालयों का भ्रमण कर संगठन के कार्यों को समझा। जनप्रतिनिधियों ने मीडिया से चर्चा करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से मध्यप्रदेश प्रवास पर आए हैं। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि केरल के निकाय चुनावों में मिली सफलता से कार्यकर्ताओं का हौसला बढ़ा है।

### आज विभिन्न स्थलों का करेंगे अवलोकन

केरल के निकायों के जनप्रतिनिधिगण भोपाल में 15 फरवरी को सुबह 9:45 बजे लोकभवन पहुंचकर राज्यपाल मंगुभाई पटेल से सौजन्य भेंट एवं संवाद करेगा। इसके बाद सुबह 11:00 बजे एयरपोर्ट रोड स्थित महावीर गिरी पर्यटन स्थल का भ्रमण सहित अन्य स्थानों का भ्रमण करेंगे। वहीं ग्वालियर में सुबह 9:30 बजे शिंदे की छावनी स्थित पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के निवास पहुंचकर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन करेंगे।

### कुशाभाऊ ठाकरे और राजगोपाल के विचारों व कार्यों से सीखना चाहिए : नरेन्द्र सिंह तोमर

ग्वालियर पहुंचे जनप्रतिनिधियों के 13 सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल ने मप्र विधानसभा के अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर से मुलाकात कर संवाद किया। नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि केरल में जनसंघ के समय से विचार के लिए हमारी पार्टी के कार्यकर्ता संघर्ष कर रहे हैं। आने वाले चुनावों में भाजपा की विजय सुनिश्चित है। उन्होने कहा कि भाजपा का बहुत लंबा इतिहास है। सभी कार्यकर्ताओं को पार्टी के पितृ पुरूष श्रद्धेय कुशाभाऊ ठाकरे और ओ राजगोपाल के विचारों व कार्यों से सीखना चाहिए।

## केरल के पार्षदों ने शहर की सफाई व्यवस्था देखी, कंट्रोल एंड कमांड सेंटर और रिमेडिएशन साइट का लिया जायजा

भोपाल। केरल नगरीय निकायों के जनप्रतिनिधियों के एक दल ने शनिवार को भोपाल नगर निगम द्वारा स्वच्छता की गतिविधियों व स्वच्छता के नवाचारों, सीवेज नेटवर्किंग, जलापूर्ति, झीलों के संरक्षण, सौन्दर्यीकरण सहित अन्य जनसुविधा एवं विकास कार्यों को देखा और पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से आवलोकन किया। उक्त दल ने सफाई व्यवस्था व नवाचारों की सराहना करते हुए केरल के नगरीय निकायों में भी भोपाल की तर्ज पर स्वच्छता का भोपाल मॉडल व नवाचारों सहित अन्य कार्यों को कार्य योजना में सम्मिलित करने की इच्छा जाहिर की। ''विकसित केरलम'' कार्यक्रम के तहत केरल के विभिन्न नगरीय निकायों के जनप्रतिनिधियों का दल पहुंचा है। महापौर मालती राय ने केरल के जनप्रतिनिधियों का शॉल, श्रीफल व पौधे भेंटकर स्वागत व सम्मान किया।



प्रतिनिधिमंडल के साथ महापौर।

**केरल के नगरीय निकायों में भोपाल की तर्ज पर स्वच्छता मॉडल लागू करने की इच्छा जताई**

**महापौर सहित सांसद, परिषद अध्यक्ष सहित जनप्रतिनिधि रहे**

### सांसद की मौजूदगी में भानपुर खंती का किया आवलोकन

केरल के प्रतिनिधि मंडल ने सांसद आलोक शर्मा की मौजूदगी में भानपुर की पुरानी खंती क्षेत्र का भी अवलोकन किया और यहां एकत्र पुराने कचरे के वैज्ञानिक ढंग से किए गए निष्पादन तथा लैंड रिक्लेम तथा हरितिमा विकास के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त की।

### कमांड कंट्रोल सेंटर पहुंचा दल, नया मुख्यालय भवन भी देखा

केरल के पार्षदों ने ननि के नवनिर्मित मुख्यालय, स्मार्ट सिटी कार्यालय स्थित इंटीग्रेटेड कंट्रोल एंड कमांड सेंटर का भी किया और आईसीसीसी की कार्य पद्धति व वाहनों की सतत रूप से की जा रही मॉनीटरिंग आदि की जानकारी भी प्राप्त की।



---

## राज्यपाल मंगुभाई पटेल से प्रधानमंत्री के प्रमुख सचिव की सौजन्य भेंट

**राज्यपाल का प्रधानमंत्री के प्रमुख सचिव डॉ. मिश्रा ने पुष्प गुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्यपाल मंगुभाई पटेल से प्रधानमंत्री के प्रमुख सचिव डॉ. पीके मिश्रा ने शनिवार को लोकभवन में सौजन्य भेंट की। राज्यपाल पटेल के साथ विभिन्न विषयों पर चर्चा की। राज्यपाल का प्रधानमंत्री के प्रमुख सचिव डॉ. मिश्रा ने पुष्प गुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया। राज्यपाल पटेल ने डॉ. मिश्रा को अंग वस्त्रम और सांची स्तूप की प्रतिकृति स्मृति स्वरूप भेंट की।

## बीएचईएल में पांच विनिवेश के विरोध में हुआ प्रदर्शन



# कर्मचारियों ने नारे लगाकर, प्रदर्शन करके किया विनिवेश नीति का विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बीएचईएल में पांच शासकीय हिस्सेदारी के विनिवेश के विरोध में हेवू भारतीय मजदूर संघ, बीएचईएल द्वारा चरणबद्ध आंदोलन के द्वितीय चरण में शनिवार को बीएचईएल के फाउंड्री गेट पांच क्रांति स्थल पर विरोध प्रदर्शन कर नारेबाजी की।

प्रदर्शन के दौरान बीएचईएल बचाओ, देश बचाओ एवं सार्वजनिक क्षेत्र के निजीकरण के विरुद्ध नारों के साथ सरकार की विनिवेश नीति का विरोध किया। प्रदर्शन संगठन के कार्यकारी अध्यक्ष संजय चौधरी एवं महामंत्री कमलेश नागपुरे ने बताया कि प्रदर्शन में हेवू भारतीय मजदूर संघ के पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य एवं सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में भाग लेकर सरकार की विनिवेश नीति के प्रति अपना तीव्र विरोध दर्ज कराया। विनिवेश के विरोध के प्रथम चरण में भेल महासंघ-भारतीय मजदूर संघ के आह्वान पर भारतीय मजदूर संघ द्वारा बीएचईएल की विभिन्न इकाइयों से राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पत्र प्रेषित कर प्रस्तावित पांच प्रतिशत विनिवेश (ओएफएस) के निर्णय को तत्काल वापस लेने की मांग की गई थी। 14 फरवरी शनिवार कों देशभर की बीएचईएल इकाइयों में विरोध प्रदर्शन आयोजित किए गए, जिसके अंतर्गत बीएचईएल भोपाल में भी यह विरोध प्रदर्शन हुआ।

---

### 'दूध का दूध, पानी का पानी' अभियान को मिली राष्ट्रीय सराहना

# भोपाल दुग्ध संघ ने 52वें डेयरी उद्योग सम्मेलन में हासिल किया प्रथम पुरस्कार




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नई दिल्ली में हुए 52वें डेयरी उद्योग सम्मेलन में भोपाल सहकारी दुग्ध संघ (सांची) ने अपनी अभिनव पोस्टर प्रस्तुति के लिए प्रथम पुरस्कार प्राप्त कर मध्य प्रदेश का नाम रोशन किया है। यह पुरस्कार संघ के क्रांतिकारी अभियान दूध का दूध, पानी का पानी के सांख्यिकीय विश्लेषण और सकारात्मक परिणामों को प्रदर्शित करने वाले पोस्टर को दिया गया। सम्मेलन में देश भर के डेयरी विशेषज्ञों के समक्ष भोपाल दुग्ध संघ की टीम के सीईओ प्रीतेश जोशी, मार्केटिंग प्रमुख शलभ सियोते और क्वालिटी प्रमुख प्रज्ञा झा ने बताया कि कैसे आधुनिक तकनीक से उपभोक्ताओं का विश्वास जीता। जून 2025 में शुरू हुए अभियान का उद्देश्य पिछले पांच वर्षों से दूध की बिक्री में आई गिरावट और खुले दूध में मिलावट के खिलाफ जागरूकता था।

## देवी-देवताओं पर अभद्र टिप्पणी करने वाला दिव्यांग गिरफ्तार, कोर्ट ने भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

देवी-देवताओं के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी कर दिव्यांग युवक ने इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित कर दिया। इसकी जानकारी होते ही हिंदू संगठन से जुड़े लोग भड़क उठे। शिकायत पर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को न्यायालय के आदेश पर जेल भेज दिया गया है। तखतपुर थाना प्रभारी विवेक पांडेय ने बताया कि तखतपुर क्षेत्र के नगोई में रहने वाला सूरज आए दिन सरकार और हिंदुओं के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करते रहता है। बीते दिनों उसने लोगों की धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाला पोस्ट इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित कर दिया। इसकी जानकारी लगते ही हिंदू संगठन से जुड़े लोग आक्रोशित हो गए। शिकायत मिलने पर पुलिस ने धार्मिक भावनाओं को आहत करने के मामले में आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया है।

# रायपुर में गेट परीक्षा में 'मुन्नाभाई' स्टाइल में सेंध, इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस के साथ हरियाणा के छह आरोपी किए गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी के डीडी नगर थाना क्षेत्र में आयोजित गेट परीक्षा के दौरान बड़ी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने मुन्नाभाई गैंग के 6 सदस्यों को गिरफ्तार किया है।

सभी आरोपी हरियाणा के निवासी बताए जा रहे हैं और वे इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस की मदद से परीक्षा में नकल करने की कोशिश कर रहे थे।ुलिस के मुताबिक, फरवरी 2026 में आयोजित हो रही गेट परीक्षा 7, 8, 14 और 15 फरवरी को कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट मोड में दो शिफ्ट में आयोजित की जा रही है। परीक्षा का समय सुबह 9:30 से 12:30 बजे तथा दोपहर 2:30 से 5:30 बजे तक निर्धारित है। सूत्रों के अनुसार, डीडी नगर क्षेत्र के एक परीक्षा केंद्र में संदिग्ध गतिविधि की सूचना मिलने पर पुलिस और परीक्षा प्रबंधन टीम ने संयुक्त जांच की। जांच के दौरान आरोपियों के पास से विशेष इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस बरामद किए गए, जिनकी मदद से वे बाहर बैठे सॉल्वर से संपर्क में थे।

### आरोपियों ने क्या बताया

*प्रारंभिक पूछताछ में खुलासा हुआ है कि आरोपी संगठित तरीके से परीक्षा में फर्जी अभ्यर्थियों को बैठाने और डिवाइस के जरिए उत्तर उपलब्ध कराने का काम करते थे। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त कर लिए हैं और उनके खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है। डीडी नगर थाना पुलिस यह भी जांच कर रही है कि इस गिरोह का संबंध किसी बड़े नेटवर्क से तो नहीं है और क्या अन्य राज्यों में भी इस तरह की वारदात को अंजाम दिया गया है।*

## गोविंदपुरा में जुड़े सबसे ज्यादा 20 हजार 216, बैरसिया में 4 हजार 469 नाम

### देर रात तक चलता रहा नए नाम जोड़ने और आपत्तियों पर काम

# चार लाख 38 हजार नाम काटने के बाद 63 हजार नए नाम जोड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी की बैरसिया, नरेला, उत्तर, दक्षिण पश्चिम, मध्य, गोविंदपुरा और नरेला विधानसभा के 21 लाख 25 हजार 908 मतदाताओं की वोटर लिस्ट से कराए गए एसआईआर में अब तक 16 लाख 87 हजार 86 हजार 915 मतदाताओं के नाम जोड़ लिए गए हैं, जिसमें 63 हजार 133 नए मतदाता शामिल हैं। जबकि 18 हजार 629 मतदाताओं के आवेदनों की जांच की जा रही है।

चौदह फरवरी को स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) का काम पूरा कर लिया गया है, हालांकि देर रात तक बीएलओ और ईआरओ काम में जुटे रहे। एसआइआर का काम पिछले 100 दिन से चल रहा है, सबसे पहले मतदाता सूची को फ्रीज किया गया। इसके बाद 4 नवंबर से गणना पत्रक बांटे गए। लंबे समय तक चले काम में अब तक जिसके बाद सात विधानसभा क्षेत्र में जिसमें अब तक 16 लाख 87 हजार 86 हजार 915 मतदाताओं के नाम जोड़ लिए गए हैं। एसआइआर के दूसरे चरण में नो मैपिंग और तार्किक विसंगति श्रेणी के करीब तीन लाख 59 हजार मतदाताओं का वेरिफिकेशन भी किया गया, जबकि चार लाख 38 हजार एएसडीआर श्रेणी वाले मतदाताओं के नाम काटे गए हैं। एसआईआर के दौरान सबसे ज्यादा परेशानी मतदाताओं को हुई। जिसमें उन्हें वर्ष 2003 की मतदाता सूची में दर्ज स्वयं की या अपने माता पिता की जानकारी के साथ वापस जमा किया था। इस तरह गणना पत्रक डिजिटाइज करने के साथ ही 23 दिसंबर को मतदाता सूची का ड्राफ्ट रोल जारी कर दिया गया। जिसमें 16 लाख 87 हजार 33 मतदाताओं के नाम फाइनल कर लिए गए। जबकि एक लाख 16 हजार 925 नो मैपिंग और चार लाख 38 हजार 317 एएसडीआर श्रेणी वाले मतदाता चिह्नित किए गए थे।



फाइल फोटो।

### 21 को जारी होगी फाइनल लिस्ट

मतदाता सूची के एसआईआर के दौरान मतदाताओं की सुनवाई, सत्यापन का काम पूरा हो गया है। नए मतदाताओं के फार्म छह, दावा-आपत्ति के फार्म सात और संशोधन के फार्म आठ का भी निराकरण किया जा रहा है।

**भुवन गुप्ता,** उपजिला निर्वाचन अधिकारी

**प्रशासन गंभीर: शव का पोस्टमार्टम कराया, चिकित्सा जगत में शोक**

# डॉ हेमलता के निधन के बाद प्रापर्टी विवाद और गहराया

हरिभूमि जबलपुर।

प्रापर्टी हड़पे जाने के विवाद के बाद सुर्खियों में आईं जिला अस्पताल से सेवानिवृत्त डॉ हेमलता श्रीवास्तव का उपचार के दौरान मेडिकल कालेज अस्पताल में निधन हो गया। उनके निधन के बाद अब उनकी करोड़ों रुपये की संपत्ति फिर सुर्खियों में आ गई है।



यह पूरा मामला जिला व पुलिस प्रशासन के संज्ञान में है। एसडीएम कोर्ट में मामले की पूरी जांच चल रही है। आरोप है की उनके पड़ोस में रहने वाले एक चिकित्सक दंपत्ति सुमित जैन और प्राची जैन ने दानपत्र के आधार पर संपत्ति अपने नाम करा ली। वहीं गायत्री मंदिर ट्रस्ट ने भी आधी संपत्ति दान के रूप में हासिल कर ली। इस मामले में डॉ हेमलता श्रीवास्तव का एक वीडियो भी वायरल हुआ था। जिसमें उन्होंने कहा था की उन्हें धोखे में रखकर बेसुधी की हालत में अस्पताल के पेपर बताकर दस्तखत कराए गये। अभी तक हुई जांच में यह बात सामने आई है की जांच समिति के सामने डॉक्टर हेमलता ने अपने बयान दिये जिसमे कहा कि 11 हजार स्क फीट जमीन जैन संपत्ति ने ले ली है और उसमें 750 वर्गफुट जमीन पर डॉ हेमलता श्रीवास्तव के पति स्व बीएल श्रीवास्तव और पुत्र रचित श्रीवास्तव मेमोरियल बनाने की बात भी कही गई। इस बात का उल्लेख कथित तौर पर कराई गई रजिस्ट्री में भी है।

### कराया गया डॉक्टर का पोस्टमार्टम

सूत्रों का कहना है की हेमलता श्रीवास्तव लगातार बीमार चल रहीं थीं इसी दौरान सभी घटनाक्रम हुये। दावा तो यह भी किया जा रहा है की उनके अंगूठे में सियाही के निशान थे, संभवता अस्पताल में ही बेसुधी की हालत में उनके अंगूठे का निशान लिया गया। इससे मामला और गहरा गया है। चूंकी मामले की जांच जिला प्रशासन द्वारा कराई जा रही है। लिहाजा पार्दशिता की दृष्टि से डॉक्टर हेमलता श्रीवास्तव का पोस्टमार्टम कराया गया है। वे कुछ दिनों से वेंटीलेटर पर थीं। पूर्व में उन्होंने अपने बहन बहनोई पर भी गंभीर आरोप लगाए थे। अब डॉक्टर हेमलता का निधन हो जाने के बाद एक चर्चा यह भी है की अभी इस प्रापर्टी विवाद में कुछ बिल्डर और उनके नजदीकी लोग भी इस दावे के साथ सामने आ सकते हैं की उन्होंने डॉ हेमलता श्रीवास्तव के हस्ताक्षर व अंगूठे के निशान लगवा कर प्रापर्टी की रजिस्ट्री करवा ली है। कहा तो यह भी जा रहा है की दो की लड़ाई में तीसरे का भला हो सकता है। विवादित प्रापर्टी नगर निगम के नाम दर्ज हो सकती है।

### प्रशासनिक जांच जारी

बताया जा रहा है कि राजस्व विभाग के अधिकारी दस्तावेजों की जांच कर रहे हैं और संबंधित पक्षों के बयान दर्ज किए जा चुके हैं। प्रशासन का कहना है कि डॉ। श्रीवास्तव के निधन के बावजूद जांच प्रक्रिया जारी रहेगी। चूंकि मामला गंभीर आरोपों से जुड़ा है, इसलिए कलेक्टर कार्यालय भी इस पर नजर बनाए हुए है। अब सबकी नजरें इस बात पर टिकी हैं कि उत्तराधिकार और संपत्ति के स्वामित्व को लेकर प्रशासन आगे क्या निर्णय लेता है। फिलहाल शहर में डॉ। श्रीवास्तव के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी जा रही है।

- 3 माह में 3,216 पर कार्रवाई, ₹48.44 लाख वसूल
- उड़नदस्ता की सख्ती से बसों में हटाईं इमरजेंसी गेट के सामने की सीटें, 30 वाहनों के फिटनेस प्रमाणपत्र निरस्त

# अनफिट और ओवरलोड वाहनों पर कड़ा प्रहार

**जबलपुर।** परिवहन आयुक्त उमेश जोगा के निर्देश पर जबलपुर संभाग में परिवहन विभाग द्वारा सड़कों पर दौड़ रहे अनफिट, ओवरलोड और नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के खिलाफ सख्त अभियान चलाया जा रहा है। संभागीय परिवहन सुरक्षा स्क्वाड (उड़नदस्ता) की टीम विभिन्न स्थानों पर विशेष वाहन चेकिंग कर रही है। कार्रवाई मोटर व्हीकल एक्ट एवं मप्र मोटर व्हीकल टेक्सेशन एक्ट के प्रावधानों के तहत की जा रही है। टीम द्वारा ट्रक, यात्री बस और अन्य व्यावसायिक वाहनों की फिटनेस, परमिट, टैक्स, बीमा, ओवरलोडिंग तथा सुरक्षा उपकरणों की गहन जांच की जा रही है। विशेष रूप से अनफिट और खतरनाक स्थिति में संचालित ट्रकों पर निगरानी बढ़ाई गई है, ताकि सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सके।



पिछले तीन माह में कुल 3,216 वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए ₹48,44,200 का राजस्व वसूल किया गया। दस्तावेजों की कमी, कर अदायगी में लापरवाही और अन्य नियम उल्लंघनों पर चालानी कार्रवाई की गई। उड़नदस्ता की विशेष मुहिम प्रभारी राजेंद्र साहू ने यात्री सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए उड़नदस्ता दल ने 30 से 50 यात्री बसों की जांच की। जांच के दौरान कई बसों में इमरजेंसी गेट के सामने लगी सीटें और डिवाइडर हटवाए गए, ताकि आपात स्थिति में यात्रियों को सुरक्षित निकास मिल सके। इसके अलावा करीब 30 वाहनों में गंभीर मैकेनिकल खामियां पाए जाने पर उनके फिटनेस प्रमाणपत्र निरस्त कर दिए गए। विभाग ने स्पष्ट किया है कि ओवरलोड ट्रक, ब्रेक फेल या तकनीकी रूप से खराब भारी वाहन सड़क पर जानलेवा साबित हो सकते हैं। ऐसे वाहनों के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी है।

**आज एक साथ उठेंगी पांच अर्थी**

## जयपुर हादसे में मारे गये लोगों के शव जबलपुर पहुंचे

**जबलपुर।** जयपुर में हुए दर्दनाक सड़क हादसे में जान गंवाने वाले जबलपुर के पांच श्रद्धालुओं को आज एक साथ अंतिम विदाई दी जाएगी। सोमवार सुबह शहर में उस समय भावुक दृश्य देखने को मिलेगा, जब पांचों की अर्थियां एक साथ उठेंगी। हादसे की खबर से पहले ही शोक में डूबे परिजनों और परिचितों के बीच मातम पसरा हुआ है। गौरतलब है कि जयपुर में एक सड़क हादसे में जबलपुर के ग्रीन सिटी निवासी एक ही परिवार के 5 लोगों की मौत हो गई थी। रविवार को पोस्टमार्टम और कानूनी औपचारिकताओं के बाद शव एम्बुलेंस के जरिए जयपुर से जबलपुर लाए गए। देर रात शहर पहुंचने के बाद अंतिम संस्कार की तैयारियां शुरू की गईं। आज सोमवार सुबह लगभग 10 बजे सभी मृतकों का अंतिम संस्कार किया जाएगा। जानकारी के अनुसार सभी मृतक धार्मिक यात्रा पर निकले थे और खाटू श्याम मंदिर के दर्शन के लिए जा रहे थे, तभी जयपुर के पास उनका वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया। घटना में पांचों की मौके पर ही मौत हो गई थी।

### कानपुर में मजदूरी करते मिले हत्या के आरोपी भाई

**जबलपुर।** हनुमानताल थानान्तर्गत २७ वर्ष पूर्व हत्या के प्रकरण में फरार वारंटी आरोपी भाईयों को पुलिस ने कानपुर से अभिरक्षा में लिया है। दोनों आरोपी भाई हनुमानताल थाना क्षेत्र के हिस्ट्रीशीटर बदमाश हैं जिनके खिलाफ एक दर्जन से ज्यादा अपराधिक मामले दर्ज हैं। हनुमानताल पुलिस ने बताया कि वर्ष १९९९ में सेशन कोर्टर् ने बाबा टोला निवासी भाईयों राजेन्द्र मराठा व नरबद मराठा को हत्या के प्रकरण आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। आरोपी भाईयों ने मामले को उच्च न्यायालय में चुनौती दी जहॉ से दोनों जमानत पर रिहा हो गय। इस दौरान दोनों आरोपी भाई फरार हो गये पुलिस को आरोपियों का कोई सुराग नहीं मिल रहा था। दोनों फरार भाईयों की जल्द गिरफ्तार के लिए माननीय उच्च न्यायालय ने स्थियी वारंट जारी किया7 पुलिस अधीक्षक ने भी आरोपी भाईयो की गिरफ्तारी के लिए चार-चार हजार रूपए का ईनाम घोषित किया। इस दौरान पुलिस को मुखबिर से पता चला की हत्या के आरोपी दोनों भाई कानपुर रहकर मजदूरी कर रहे है पुलिस ने हत्या के प्रकरण में फरार राजेन्द्र मराठा, व नरबद मराठा को कानपुर टीम भेजकर अभिरक्षा में लिया है।

## जैविक हाट में बड़ी संख्या में पहुंचे खरीदार, पसंद आने लगे देशी उत्पाद

**जबलपुर।** जैविक उत्पादों के जागरूकता बढाने तथा जैविक कृषि कर रहे किसानों और उपभोक्ताओं के बीच सेतु का निर्माण करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन एवं कृषि विभाग द्वारा कृषि उपज मंडी, जबलपुर में प्रत्येक रविवार को आयोजित किये जा रहे जैविक हाट में इस रविवार को भी बड़ी संख्या में खरीदार पहुँचे और फल-फूल, साग-सब्जी सहित जैविक उत्पादों की जमकर खरीदारी की। हर रविवार को जैविक हाट पहुंचना अब कईयों की आदत में शामिल गया है।

रविवार को जैविक हाट में जिले के विभिन्न विकासखंडों के लगभग 35 जैविक किसानों ने सहभागिता की। किसानों द्वारा जैविक अनाज, दलहन, गिर गाय का दूध, बिलौना घी, सब्जियां, पिंक मूली, फल, कोल्ड प्रेस्ड तेल सहित विभिन्न जैविक एवं प्राकृतिक उत्पादों का विक्रय किया गया।



जैविक हाट में प्रेमधारा गिर गौशाला के संचालक और युवा तन्मय दास के जैविक खाद, बिनौला दूध, दही, मठा और मुनगा पाउडर, श्री के पी सिंह के रेड डायमंड प्रजाति के अमरूद, एप्पल बेर और स्ट्रॉबेरी, ठाकुर विनय सिंह के मिर्च पाउडर, देशी घी और चिया बीज, भाग्योदय तेल मिल के तिल, नारियल, फल्ली, बादाम और अलसी का तेल तथा विश्वकर्मा नर्मदा प्रसाद जैविक मार्ट के मटर, लौकी, धनिया, शहद और मही जैसे जैविक एवं रसायन मुक्त उत्पाद प्रमुख आकर्षण रहे।

जैविक हाट का संयुक्त संचालक कृषि के एस नेताम, उप संचालक कृषि डॉ एस के निगम ने निरीक्षण किया। अनुविभागीय कृषि अधिकारी और जैविक प्रमाणन निरीक्षक डॉ इंदिरा त्रिपाठी के नेतृत्व में इस रविवार को जैविक हाट के सफल आयोजन की जिम्मेदारी विकासखण्ड शहपुरा के कृषि अधिकारियों ने संभाली।

### डयूटी पर तैनात वनरक्षक से अभद्रता

**जबलपुर।** बरगी थानान्तगर्गत वन परिक्षेत्र स्थित एकप्लांटेशन में डयूटी पर तैनात फारेस्ट गार्ड के साथ तीन लोगो ने गाली गलौज कर अभद्रता की तभी डयूटी पर तैनात वन रक्षक के दौ साथी कर्मचारियों के बीच बचाव करने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गये। आरोपियों के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा डालने का मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया7 बरगी पुलिस ने बताया कि आधारताल आदर्श कालोनी निवासी राहुल गुलाटी वन परिक्षेत्र बरगी में वनरक्षक के पद पर कार्यरत हैं। गत ५ फरवरी को उसकी डयूटी रग्राम चरगवां की बीट तिखारी में प्लांटेशन में थी रात लगभी साढे ग्यारह बजे जब राहुल डयूटी पर तैनात था तभी तीन रूप उसे पास आये जिसमें से एक ने अपना नाम राजू मसराम बताया। जो गाली गलौच कर बताया कि तुमने एक व्यक्ति को मारा है। फारेस्ट गार्ड राहुल ने कहा कि मैने किसी को नहीं माना इसी बाद पर राजू ने वनरक्षक की कॉलर पकड़ ली तभी वनरक्षक के साथी कर्मचारियों गोलू व मेहतू के बीच बचाव करने पर आरोपी धमकाते हुए भाग गया।

### युवती की हत्या कर लाश फेंकी

**जबलपुर।** जिले के पाटन थाना अंतर्गत नुनसर चौकी क्षेत्र में एमएम इंटरनेशनल स्कूल के पीछे एक आदिवासी युवती का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव बरामद कर पंचनामा की कार्यवाही के बाद पोस्टमार्टम के लिये भेजा। युवती कुछ समय से अपने घर से लापता थी। चेहरे में गंभीर चोर के निशान हैं। पूरा चेहरा लहू लुहान दिखाई पड़ रहा है। लिहाजा प्रथम दृष्टा हत्या का संदेह प्रतीत हो रहा है। मृतिका की उम्र 19 से 20 वर्ष के आसपास बताई गई है। जिसकी शिनाख्त माढोताल निवासी एक आदिवासी परिवार की लड़की के रूप में हुई है। पुलिस ने घटनास्थल की घेराबंदी कर साक्ष्य जुटाने के लिए फॉरेंसिक विशेषज्ञों की टीम को बुलाया। टीम ने मौके से नमूने और अन्य संभावित सुराग एकत्र किए। प्रारंभिक परिस्थितियों को देखते हुए पुलिस इसे हत्या के एंगल से जांच कर रही है।

### जीवंत झांकियों के साथ निकाली गई शिव बारात



महाशिवरात्रि पर्व पर उमरियापान में आस्था और उत्साह का संगम देखने को मिला। अनुराग रामायण मंडल के तत्वावधान में भगवान भोलेनाथ एवं माता पार्वती की बारात धूमधाम से निकाली गई। बारात में भगवान शिव के स्वरूप में सजे श्रद्धालु आकर्षण का केंद्र रहे, वहीं माता पार्वती की जीवंत झांकी ने सभी का मन मोह लिया। बारात की शुरुआत कटरा बाजार स्थित जोगी मंदिर से हुई। इसके बाद बारात अँधेली बाग, चण्डी माता मंदिर, बावली मंदिर, बस स्टैंड, झंडा चौक, बड़ी माई मंदिर और बरातरे सहित नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई पुनः कटरा बाजार पहुंची। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर बारात का स्वागत किया। प्रसाद वितरण किया गया। बारात में शामिल श्रद्धालु भोलेनाथ के साथ भक्ति गीतों की धुन पर जमकर झूमे। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने "हर-हर महादेव" के जयकारे लगाए।

## ऐतिहासिक रहा तीन दिवसीय वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव वेदी सूतन कर मनाया तिलक महोत्सव

**जबलपुर।** संस्कारधानी के शुक्रवारी बजरिया हनुमान ताल में सकल तारण तरण दिगंबर जैन समाज द्वारा मां जिनवाणी की आराधना को समर्पित श्री तारण तरण दिगंबर जैन चैत्यालय बनाया गया जिसका तीन दिवसीय रत्नत्रय महोत्सव वेदी प्रतिष्ठा, जिनवाणी अस्थास्प, कलशारोहण, वेदी सूतन, तिलक महोत्सव विविध अनुष्ठाओं के साथ ऐतिहासिक रूप से साआनंद संपन्न हुआ।महोत्सव के मीडिया प्रभारी दीपक राज जैन ने बताया कि मंगल महोत्सव में वेदी सूतन कर्ता बनने का सौभाग्य जिनशासन सेवक रामडिम मूरी परिवार को प्राप्त हुआ, जिनके मंगल आमंत्रण पर युवा रत्न बाल ब्रह्मचारी आत्मानंदजी, बाल ब्रह्मचारी धर्मेंद्र भैया ब्रह्मचारी भाई बहन साधकों सहित प्रतिष्ठाचार्य पं. महेशकुमार जैन बटियागढ़, पं. अशोक जैन भोपाल, पं. मुकेश जैन राजनगर, सह प्रतिष्ठाचार्य पं. सम्यक जैन एवं पं. अर्जव जैन गंज बासौदा, विद्वतजन, श्रेष्ठिगणों सहित पूरे देश से बड़ी संख्या में गुरुभक्त श्रावक - श्राविकाएं महोत्सव में सम्मिलित हुए धर्माराधना की।रविवार के शुभ दिन प्रातः काल की मंगल बेला पर सभी वेदी सूतन कर्ता जोड़ो सहित बालक - बालिकाओं ने मंत्र जप कर ध्यान सामयिक में हिस्सा लिया और समवशरण मंडप से चैत्यालय की ओर प्रस्थान किया जहां सभी ने विधि विधान पूर्वक वेदी सूतन कर आनंद उत्सव मनाया एवं तिलक की मंदिर विधि में वीतरागी देव - शास्त्र - गुरु भगवन्तों की भाव पूजन कर महोत्सव की पूर्णता की ओर सभी को मंगल महोत्सव की शुभकामनाएं दी।मंगल महोत्सव में मेला नायक बनने का सौभाग्य महेन्द्रकुमार, सुरेन्द्र कुमार, प्रशांत, डॉ. निशांत, विक्रांत, शशांक जैन समस्त पुष्पजी परिवार जबलपुर, सागर, नागपुर, भोपाल को प्राप्त हुआ वहीं संगीत के माध्यम से धर्म प्रभावना कराने में संगीतकार नंदन जैन, सचिन जैन छिंदवाड़ा, अंकित समैया, रागनी जैन एवं अनिमेष जैन जबलपुर ने अध्यात्म की गंगा बहाई, दीपक राज जैन, नितिन जैन एवं भूपेंद्र जैन तारण टीवी ने मीडिया का दायित्व निभाया कर जिनशासन की प्रभावना की। मंगल महोत्सव को सफल एवं यादगार बनाने में सकल तारण समाज, युवा परिषद, महिला मंडल, बालिका मंडल सहित सभी जिनका सहयोग प्राप्त हुआ का सकल तारण समाज, आयोजक रामडिम मूरी परिवार सहित ट्रस्ट के अध्यक्ष सतीश समैया, शरद समैया पुखराज, सीए राहुल जैन, राजू परासिया, मनोज मंटू कुंडा वाले, पं. संतोष जैन भाईजी, जतिन समैया, प्रियंक समैया, राजेश दिगंबर ने आभार व्यक्त किया।



**प्रथम चरण में प्राप्त आवेदनों का शिविर में का किया जाएगा निराकरण**

# संकल्प से समाधान अभियान के तहत आज से होगा शिविरों का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले में चल रहे संकल्प से समाधान अभियान के तहत 407 ग्राम पंचायतों और नगरीय निकायों के सभी 90 वार्डों में लोगों को शासन की 106 प्रकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों से लाभान्वित करने आज से शिविरों का आयोजन होगा।

कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर प्रत्येक ग्राम पंचायत और नगरीय निकायों में वार्ड स्तरीय समिति बनाई गई है। जिसमें ग्राम और नगरीय वार्ड स्तर के अधिकारी और कर्मचारी जैसे पटवारी, पंचायत सचिव, वार्ड प्रभारी, रोजगार सहायक, आरएईओ, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, हेल्थ वर्कर आदि शामिल है।

पंचायत व नगरीय वार्ड स्तर पर आवेदन व शिकायतों के एकत्रीकरण के लिए दल गठित किया गया है। जिसके लिये नोडल अधिकारी की नियुक्ति संबंधित अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) द्वारा की गई है। यह दल शासन की विभिन्न योजनाओं व सेवाओं से संबंधित आवेदन व शिकायतों को घर-घर जाकर या शिविर लगाकर एकत्रित कर रहा है। साथ ही इस टीम के नोडल अधिकारी अपने लॉगिन से सभी आवेदनों को पोर्टल पर दर्ज भी कर रहे है।


पोर्टल पर दर्ज करने के उपरांत सभी आवेदनों को क्लस्टर या जोन लेवल अधिकारी के पास जमा किया जाएगा और क्लस्टर या जोन लेवल अधिकारी आवेदनों को विभागवार संबंधित अधिकारियों को निराकरण हेतु प्रेषित कर निराकरण की स्थिति प्राप्त करेंगे।

अभियान का द्वितीय चरण 16 फरवरी से प्रारंभ होकर 16 मार्च तक चलेगा। अभियान के द्वितीय चरण में ग्रामीण क्षेत्रों में क्लस्टर लेवल पर एवं नगरीय क्षेत्रों में नगर व जोन स्तर पर नोडल अधिकारी के रूप में तहसीलदार, नायब तहसीलदार, जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, जोनल अधिकारी अथवा समकक्ष अधिकारी रहेंगे।

इस चरण में प्रथम चरण में प्राप्त आवेदन और शेष आवेदन पत्रों के निराकरण हेतु शिविर लगाये जायेंगे। क्लस्टर में पंचायतों की संख्या का निर्धारण कलेक्टर द्वारा जिले में स्थित पंचायतों की संख्या के हिसाब से (आवश्यकतानुसार 15 से 30 ग्राम पंचायतों का समूह में) निर्धारित किया जाएगा।

शहरी क्षेत्रों में छोटी नगरपालिका, नगर पंचायत स्तर पर एक शिविर व नगर निगम स्तर पर वार्डों की संख्या के अनुपात में क्लस्टर या जोन तैयार किये जाएगें।

क्लस्टर या जोन लेवल पर शिविर लगाने हेतु समय सारिणी जिले द्वारा तैयार की जाएगी। टीम द्वारा प्राप्त आवेदन व शिकायतों का निराकरण क्लस्टर या जोन लेवल पर आयोजित शिविर में संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा किया जाएगा। आवेदनों का निराकरण को पोर्टल पर क्लस्टर या जोन लेवल के नोडल अधिकारी के द्वारा दर्ज किया जाएगा।



## पथराव मामले में तीन आरोपितों को भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

स्लीमनाबाद थाना अंतर्गत बंधी रेलवे गेट पर 12 फरवरी की रात हाईवा की टक्कर से 2 लोगों की मौत के बाद आक्रोशित भीड़ द्वारा पुलिस वाहन पर पथराव कर उसे क्षतिग्रस्त करने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। पथराव मामले में पुलिस ने करीब 15 अज्ञात व्यक्तियों पर बीएनएस की धारा 296 बी, 351(3), 121(1),125ए, 132, 191(2),191(3), 190, 324(4) के तहत मामला दर्ज किया है। थाना प्रभारी स्लीमनाबाद एवं थाना प्रभारी उमरियापान पुलिस टीम द्वारा आरोपीगण 1. सागर उर्फ जग्गी कोल पिता रामकुमार उर्फ भूरा लाल 19 साल , 2 . अभिषेक कोल पिता हरिप्रसाद कोल 19 साल, 3. अर्जुन कोल पिता प्रीतम कोल 20 साल तीनों निवासी धरवारा को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया। न्यायालय द्वारा जेल वारंट जारी किया गया जिस पर आरोपीगणों को जिला जेल में दाखिल किया गया।

# सिहोरा में देवो के देव महादेव की निकली भव्य बारात

## बाबाताल में झंकार समिति का शिवलिंग निर्माण

**सिहोरा।** देवो के देव महादेव एंव माता पार्वती के शुभ विवाह का दिन महाशिवरात्रि पर जहां बाबाताल में स्थापित भोलेनाथ की पूजा अर्चना करने भक्तों की भीड़ लगी रही वहीं नगर के सभी शिवालयों में सुबह से ही सभी भक्तों ने पहुचकर पूजन अभिषेक किया वहीं उपवास रखकर घरो में भी भोलेनाथ की पूजा की।इसी तरह बाबाताल से शंकर जी की भव्य बारात एंव ध्वज यात्रा निकली तो वहीं झंकार दुर्गोत्सव समिति द्वारा पार्थिव शिवलिंग निर्माण का आयोजन भी किया गया।



### भोलेनाथ की बारात में दिखी सनातनी एकता

शिवमंदिर बाबाताल से महादेव की भव्य बारात शोभायात्रा निकाली गई जो पुराना बस स्टेंड,गौरीतिराहा,झंडा बजार,कालभैरव चौक,मैना कुआं,हरदौल मंदिर से होकर निकली।बारात में शंकर पार्वती की झांकी के आगे सैकडों शिवभक्त डी जे की धुन पर नाचते गाते चल रहे थे उनके पीछे सिद्धन धाम लोढ़ा पहाड़ कुर्रो पिपरिया के संत सीताराम शरण जू महाराज जी रथ पर चल रहे थे।बारात के वापस बाबाताल पहुचने पर वरमाला की रस्म पूरी गई जिसमे माता पार्वती ने शंकर जी को एंव शंकर जी ने माता पार्वती को वरमाला पहनाकर विवाह किया। पूरी बारात में सनातनियों की एकता ने अपनी अलग ही छाप छोड़ी।

### जगह जगह बारात का स्वागत

भोलेनाथ की बारात का जहां नगर में जगह जगह भव्य स्वागत किया गया नगर पालिका मार्ग में महामाया समिति ने खीर पुडी सब्जी पुराना बस स्टैंड में एंव धर्मेन्द्र टी स्टाल द्वारा चाय का वितरणइसी तरह जय बोला भंडारी समिति ने स्वर्गीय अनिल सराफ के स्मृति में नंदनी सराफ द्वारा प्रसाद वितरण किया गया।सफल बनाने में अमित सोनी,ओम सोनी,रामू सोनी,आनंद प्रकाश जैन आदि का योगदान रहा के साथ अनेक स्थानो पर दोफहर से ही भंडारे प्रारम्भ हो गये थे जो देर शाम तक चलते रहे।बाबाताल में सभी बरातियों के लिए भंडारे का आयोजन किया गया। बारात में सैकड़ों महिला पुरुष बच्चों ने शामिल होकर इसे यादगार एंव ऐतिहासिक बना दिया।





# धूमधाम से निकली बाबा भोले की बारात

**बरेला।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर भूतनाथ धाम से भगवान भोले की विशाल और भव्य बारात निकाली गई। इस अवसर पर भूतनाथ धाम में हल्दी की रस्म का भी आयोजन किया गया। यह बारात वार्ड नंबर तीन स्थित भूतनाथ धाम से प्रारंभ होकर संपूर्ण नगर में भ्रमण करने के पश्चात बड़े शंकर जी में संपन्न हुई ।बड़े शंकर जी स्थित भूतनाथ धाम में सुबह से ही श्रद्धालु भक्तों का पूजन अर्चन करने के लिए ताता लगा रहा। इस अवसर पर भगवान को पुष्प, बेलपत्र, बेर, गेहूं की वाले सहित अन्य सामग्री अर्पित की गई। इस अवसर पर भोले भंडारी त्रिगड्डा में भंडारे का आयोजन किया गया एवं नारसिंह दरबार में दोपहर 12:00 बजे से व्यवस्थापक सोनू यादव द्वारा भांग का वितरण किया गया ।महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर नगर के समस्त शिव मंदिरों में पूज्य अभिषेक किया गया।

# श्री शिव दरबार तक गाजे-बाजे के साथ निकली भव्य संकीर्तन यात्रा



**जबलपुर।** महाशिवरात्रि पर्व पर अनवरत 21वें वर्ष मानस मण्डल नेमा समाज एवं श्री चैतन्य महाप्रभु संकीर्तन मण्डल जाबालीपुरम की अगुवाई में प्रातःबेला में अहिंसा चौक से कचनार सिटी स्थित श्री शिव दरबार तक श्री शिव संकीर्तन सुप्रभात यात्रा निकाली गई। यात्रा में ढोल, मंजीरा, डमरू एवं शंखनाद की गूंज के साथ भक्तों ने भगवान भोलेनाथ-पार्वती विवाह के भजनों का भावपूर्ण गुणगान किया। संकीर्तन यात्रा पूरे मार्ग में भक्तिमय वातावरण निर्मित करती हुई शिव दरबार पहुंची, जहां श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर चैतन्य महाप्रभु संकीर्तन मंडल, मानस मंडल नेमा जबलपुर, महाकौशल योग संस्थान, नर्मदा भक्त सेवा मिशन, नर्मदीय रामायण मंडल, राधा नाम संकीर्तन मंडल सहित नगर की विभिन्न धर्मसेवी संस्थाओं के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में धर्मानुरागी श्रद्धालु उपस्थित रहे।



# नागाघाटी से शारदा मंदिर तिराहा तक बनाए गए स्पीड ब्रेकर

**बरेला।** जबलपुर नेशनल हाईवे 30 पर मंडला से जबलपुर रोड में नागाघाटी से शारदा मंदिर तिराहा तक आए दिन दुर्घटना हो रही जिससे कभी भी किसी भी वक्त निर्दोष लोग की मौत के तांडव की आशंका बनी रहती है अवागवन में बड़ी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। 8_8 घंटों तक जाम लगा रहता है जिसे देखते हुए शारदा नगर रिछाई के सरपंच पंडित आशीष शुक्ला ने नेशनल हाईवे के डायरेक्टर अमृतपाल साहू जी से बात कर तत्काल बड़े ब्रेकर बनाने और निरंतर हो रही दुर्घटनाओं की रोक करने की मांग रखी थी जिस पर डायरेक्टर महोदय ने तत्काल दुर्घटनाओं की रोकथाम करने के लिए बड़े स्पीड ब्रेकर बनाने के निर्देश दिए और कार्य चालू कर दिया है झंडू कंस्ट्रक्शन के पीएम, थाना प्रभारी बरेला अनिल पटेल जी, सरपंच आशीष शुक्ला के मार्गदर्शन में ब्रेकर का कार्य चालू किया गया।

# ट्रांसमिशन लाइन कॉरिडोर में अवैध निर्माणों पर एमपी ट्रांसको का प्रदेशव्यापी अभियान

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) द्वारा ट्रांसमिशन लाइनों के प्रतिबंधित कॉरिडोर में किए गए अवैध एवं घातक निर्माणों को हटाने के लिए प्रदेशव्यापी विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में छतरपुर जिले की 132 केवी छतरपुर–बिजावर एवं छतरपुर–नौगांव ट्रांसमिशन लाइनों के 27 मीटर सुरक्षा क्षेत्र के भीतर किए गए अवैध निर्माणों को हटाने की कार्रवाई की गई। मुख्य अभियंता डी.के. अग्रवाल ने बताया कि संबंधित व्यक्तियों को पूर्व में नोटिस जारी कर निर्माण हटाने के निर्देश दिए गए थे। निर्धारित समय सीमा में पालन नहीं किए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की गई।



उन्होंने स्पष्ट किया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य संभावित विद्युत दुर्घटनाओं से जन-सुरक्षा सुनिश्चित करना है। कंपनी के अनुसार यह अभियान जबलपुर सहित पूरे प्रदेश में चरणबद्ध रूप से जारी रहेगा। नागरिकों से अपील की गई है कि ट्रांसमिशन लाइनों के निर्धारित सुरक्षा कॉरिडोर में किसी प्रकार का निर्माण न करें तथा विद्युत सुरक्षा नियमों का पालन करें।



# भगवान शिव-पार्वती की बारात शोभायात्रा निकली

**मझौली।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान शिव-पार्वती की भव्य बरात शोभायात्रा बिड़ी दुकान मझौली से दोपहर बाद नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए भगवान विष्णु वाराह मंदिर पहुंची। नगरवासियों ने जगह-जगह भगवान शिव-पार्वती की पूजा-अर्चना कर बरात का स्वागत किया। श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर "हर-हर महादेव" के जयघोष से पूरे नगर को भक्तिमय बना दिया। मंदिर परिसर में बरात पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया तथा बरातियों का सत्कार किया गया। इसके पश्चात द्वाराचार की रस्म अदा कर जयमाला कार्यक्रम संपन्न हुआ। भगवान शिव-पार्वती की पांव पखराई कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। कार्यक्रम के अंत में श्रद्धालुओं के लिए भोजन प्रसाद का वितरण किया गया। धार्मिक उल्लास और भक्ति भाव से परिपूर्ण इस आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

# किसान के सूने घर में चोरी

**जबलपुर।** शहपुरा थानांतर्गत ग्राम कैथरा में एक किसान परिवार के घर को अज्ञात चोरों ने निशाना बनाकर ऊपरी मंजिल के दो कमरों के ताले तोड़कर ६* हजार नगदी व अन्य सामान चोरी कर ले गए। शहपुरा पुलिस ने बताया कि कैथरा शहपुरा निवासी मयूर सिंह राजपूत के पिता तीन भाई हैं। जो अपने परिवारों के साथ पुश्तैनी मकान में एक साथ रहते हैं। मयूर के चाचा पूरन सिंह रामेश्वर दर्शन को गए थे। गत १* फरवरी को मयूर के भाई रोहित सिंह ने दोपहर १ बजे खेत से लौटकर देखा कि ऊपर के कमरे के दरवाजे में चटकनी लगी थी। चाचा पूरन सिंह के कमरे में ताला डला था। रात लगभग ९.*० बजे रोहित ने देखा कि दोनों कमरों के दरवाजे खुले थे। चाचा वाले कमरे का ताला टूटा था। रोहित ने इसकी जानकारी अपने भाई मयूर को दी। मयूर ने आकर देखा कि चाचा के कमरे की आलमारी का ताला टूटा था। जिसमें रखे ६* हजार रुपये गायब थे। दूसरी चोरी गई चीजों का पता नहीं चल रहा है। मयूर के चाचा पूरन सिंह के लौटने पर चोरी गए सामान का मशरूका पता चल सकेगा।

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर उमावि के विद्यार्थियों ने दी सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति

**जबलपुर।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राममंदिर जीसीएफ इस्टेट जबलपुर में मिलन संस्था के मार्गदर्शन में बच्चों के द्वारा सुभद्रा कुमारी चौहान की काव्य रचना का काव्य पाठ किया गया एवं छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गयी। इस अवसर पर मिलन संस्था के अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर, उपाध्यक्ष डॉ. गीता गीत, अंतरराष्ट्रीय हास्य कलाकार केके नायकर, बलराम वर्मा, चित्रकार जगदीश पटेल, राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त चन्दा देवी स्वर्णकार, विद्यालय के अध्यक्ष सुनील दुबे, उपाध्यक्ष तरुण झा, प्रबंधकारिणी सदस्य श्यामलाल सोनकर, प्राचार्य ज्योति झा, कार्यक्रम प्रमुख दीप्ती गुप्ता एवं समस्त आचार्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शक्ति शर्मा द्वारा व आभार प्रदर्शन ज्योति का द्वारा किया गया।



# भेड़ाघाट पंचवटी रेस्ट हाउस में अवैध खुदाई का आरोप, क्षेत्रीय नागरिकों में आक्रोश

**भेड़ाघाट।** विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल भेड़ाघाट के पंचवटी स्थित रेस्ट हाउस क्रमांक-1 में जेसीबी मशीन से अवैध खुदाई किए जाने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार लोक निर्माण विभाग द्वारा रेस्ट हाउस में कमरे निर्माण का कार्य कराया जा रहा है, लेकिन निर्माण की आड़ में नर्मदा तट से लगभग 300 मीटर की परिधि में जेसीबी से खुदाई किए जाने के आरोप लगाए जा रहे हैं। क्षेत्रीय नागरिकों का कहना है कि उच्च न्यायालय के आदेश क्रमांक 10561/2019 के तहत नर्मदा नदी तट से 300 मीटर की परिधि में खुदाई व निर्माण कार्य प्रतिबंधित है, इसके बावजूद नियमों की अनदेखी की जा रही है। नागरिकों ने आशंका जताई है कि जेसीबी से की जा रही खुदाई से संगमरमर की चट्टानों को नुकसान पहुंच सकता है और क्षेत्र की प्राकृतिक सुंदरता प्रभावित हो सकती है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि शासकीय विभाग स्वयं नियमों का पालन नहीं करते, जबकि आम नागरिकों पर सख्ती बरती जाती है। मामले को लेकर क्षेत्र में जनचर्चा तेज है कि जिला प्रशासन लोक निर्माण विभाग पर क्या कार्रवाई करता है। इस संबंध में नगर परिषद भेड़ाघाट के सीएमओ विक्रम सिंह झरिया ने कहा कि लोक निर्माण विभाग द्वारा शासन से अनुमति लेकर ही निर्माण कार्य किया जा रहा होगा। उन्होंने कहा कि मामले की जानकारी लेकर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।



# आदिवासी संस्कृति बचाओ यात्रा का प्रथम चरण संपन्न

**जबलपुर।** आदिवासी संस्कृति बचाओ यात्रा 15/2/2026 को कौशल्या गोंटिया पूर्व मंत्री के निज निवास से प्रारंभ होकर आधारताल मेन रोड से होते हुए, भगवान बिरसा मुंडा तिराहा, रद्दी चौकी, मंडी मदार टेकरी, घमापुर, अंबेडकर चौक होते हुए, अमर शहीद राजा रघुनाथ शाह कुं. शंकर शाह प्रतिमा स्थल पर पहुंचकर सभा के रूप में संपन्न हुई। यह सभा रिछाई में होनी थी, संगठन के एक पदाधिकारी के परिवार के यहां गमी हो जाने के कारण बैठक नहीं हो पाई, सिर्फ यात्रा ही निकाली जा सकी। यात्रा का दूसरा चरण 21/2/2026 से प्रारंभ होगा। सभा में 24 फरवरी को संत शिरोमणि माता शबरी प्राकटोत्सव मनाने पर चर्चा हुई। शबरी जयंती संगठन द्वारा मनाया जाएगी।यात्रा में रोशन लाल कोल, मोतीलाल गोंटिया, शिव गोंटिया, राजकुमार गोंटिया, ख्याली सिंह, संतोष गोंटिया, अशोक गोंटिया, जित्तू गोंटिया, धर्मेंद्र गोंटिया, बलबीर गोंटिया, सुजीत भूमिया, मनी राम कोल, शिव चरण गौंड, अजीत पटेल, अनिल गोंटिया, राम नरेश गोंटिया, श्याम लाल गोंटिया, गेंदा लाल ठाकुर, शिव चरण टेकाम, अभिषेक कोल, कमलेश कोल, नीरज रवि गोंटिया सहित अन्य ने हिस्सा लिया।

# मनरेगा बना "लूट का एटीएम"! महगवां टगर में अनियमितताओं का आरोप

**पनागर।** जनपद पंचायत पनागर अंतर्गत ग्राम पंचायत महगवां (टगर) में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम) के तहत गंभीर अनियमितताओं के आरोप सामने आए हैं। ग्रामीणों ने सरपंच रणजीत सिंह ठाकुर, सचिव विनोद तिवारी एवं सहायक सचिव जितेंद्र काछी पर मिलीभगत कर योजना राशि के दुरुपयोग का आरोप लगाया है। ग्रामीणों का कहना है कि वर्ष 2023-24 में कागज़ों पर फर्जी कार्य दर्शाकर लाखों रुपये का भुगतान निकाल लिया गया, जबकि वर्तमान में उन्हीं कार्यों को कराए जाने की प्रक्रिया दिखाई जा रही है। इसे शासन के साथ आर्थिक अनियमितता और धोखाधड़ी बताया जा रहा है।




### मजदूरों की सूची में गड़बड़ी का आरोप

ग्रामवासी सौरभ मिश्रा द्वारा सूचना के अधिकार के तहत प्राप्त दस्तावेजों के आधार पर आरोप लगाया गया है कि जिन लोगों के पास पक्के मकान, कृषि भूमि एवं संसाधन हैं, उनके नाम मनरेगा मजदूर सूची में दर्ज कर भुगतान किया गया। वहीं वास्तविक जरूरतमंद मजदूरों को सूची से बाहर रखा गया। ग्रामीणों का आरोप है कि यह सब जिम्मेदार पदाधिकारियों की सहमति से हुआ।

### कई स्तर पर शिकायत

मामले की शिकायत जिला कलेक्टर जबलपुर, जिला पंचायत सीईओ, लोकायुक्त पुलिस अधीक्षक एवं संबंधित वित्त विभाग के अधिकारियों से की जा चुकी है। बावजूद इसके अब तक ठोस कार्रवाई नहीं होने से ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्रामीणों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

## निधन

**श्री एदल सिंह-** स्टार सिटी करमेता निवासी श्री एदल सिंह (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सुशीला गुप्ता-** कांचघर शीतलामाई वार्ड निवासी श्री राम कुमार गुप्ता की धर्मपत्नी श्रीमती सुशीला गुप्ता (75) का विगत दिवस निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री सुनील कुमार पटेल-** एकता कॉलोनी अधारताल निवासी श्री सुनील कुमार पटेल (61) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती रेखा श्याम राय-** साकेत नगर रांझी निवासी श्री एससी श्याम राय की धर्मपत्नी श्रीमती रेखा श्याम राय (96) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती प्रार्थना अर्गल-** नेपियर टाउन निवासी श्री राजेंद्र अर्गल की धर्मपत्नी श्रीमती प्रार्थना अर्गल (84) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मोक्षधाम में किया गया।

**श्री महेंद्रपाल सिंह-** मिश्रा कम्पाउंड बीटी तिराहा गढ़ा निवासी श्री महेंद्रपाल सिंह (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री गुलाब सिंह-** एनई 33, एमपीईबी कॉलोनी रामपुर निवासी श्री गुलाब सिंह (92) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मोक्षधाम में किया गया।

**श्री अरूण कुमार सोंधिया-** मदनमहल नीखरा चक्की के पास निवासी श्री अरूण कुमार सोंधिया (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती भागवती बाई सेन-** झदुआ कुआं कोतवाली थाने के पीछे प्यारे लाल सेन की धर्मपत्नी श्रीमती भागवती बाई सेन (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मोक्षधाम में किया गया।

**श्री राम किशन बर्मन-** विजयनगर छापर रामपुर निवासी श्री राम किशन बर्मन (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती चंपा राय-** गौतमगंज गढ़ा निवासी श्री खुमान सिंह राय की धर्मपत्नी श्रीमती चंपा राय (83) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती सावित्री बाई उपाध्याय-** रद्दी चौकी के पास अधारताल निवासी श्री ताराचंद उपाध्याय की धर्मपत्नी श्रीमती सावित्री बाई उपाध्याय (83) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती उषा बसंत-** राजुल टाउनशिप तिलहरी रोड निवासी श्री दरसराम बसंत की धर्मपत्नी श्रीमती उषा बसंत (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मोक्षधाम में किया गया।

**श्री विकास सेनगुप्ता-** बजरंग नगर रांझी निवासी श्री विकास सेनगुप्ता (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री गेंद लाल-** सिद्धनाथ छापर रामपुर निवासी श्री गेंद लाल (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मोक्षधाम में किया गया।

**श्री राजेंद्र पटेल-** रानीपुर गोरैया प्लाट आमनपुर मदनमहल निवासी श्री राजेंद्र पटेल (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अवधेश कुमार पांडे-** गंगानगर कॉलोनी गढ़ा निवासी श्री अवधेश कुमार पांडे (86) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री हरीशचंद्र मिनोचा-** श्रीछाया ड्युपलेक्स तुलसीनगर चेरीताल निवासी श्री हरीशचंद्र मिनोचा (66) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मोक्षधाम में किया गया।

हरिभूमि
बिजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग

## खबर संक्षेप

### भारत-ब्रिटेन एफटीए के अप्रैल में लागू होने की संभावना



**नई दिल्ली।** भारत और ब्रिटेन के बीच जुलाई, 2025 में हस्ताक्षरित भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते के अप्रैल, 2026 में लागू होने की संभावना है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। भारत और ब्रिटेन ने 24 जुलाई, 2025 को वृहद आर्थिक और व्यापार समझौते (सीईटीए) पर हस्ताक्षर किए।

### सेबी ने पांच कंपनियों को दी आईपीओ लाने की मंजूरी



**नई दिल्ली।** बाजार नियामक सेबी ने प्रीमियर इंडस्ट्रियल कॉरपोरेशन और गद्दे बनाने वाली कंपनी ड्यूरोफ्लेक्स सहित पांच कंपनियों को आईपीओ लाने की मंजूरी दे दी है। इसके अलावा बाजार नियामक ने दवा कंपनी विरुपाक्ष ऑर्गेनिक्स, मुंबई स्थित हेक्सागॉन न्यूट्रिशन और ओम पावर ट्रांसमिशन को भी आरंभिक सार्वजनिक निर्गम लाने को मंजूरी दी है।

### जापानी कंपनी लगाएगी खाद्य प्रसंस्करण संयंत्र



**ग्रेटर नोएडा (उत्तर प्रदेश)।** जापान की क्यूपी कॉरपोरेशन ने यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में खाद्य प्रसंस्करण संयंत्र स्थापित करने की इच्छा जताई है और इसके लिए कंपनी का प्रतिनिधिमंडल प्राधिकरण अधिकारियों से मिला। संयंत्र के लिए लगभग आठ से 10 एकड़ जमीन की जरूरत होगी और कंपनी करीब 200 करोड़ रुपये का निवेश करेगी।

### तेल-तिलहन में गिरावट मूंगफली में मजबूती



**नई दिल्ली।** विदेशी बाजारों में कमजोरी के रुख तथा भारत-अमेरिका के बीच व्यापार समझौते को अंतिम रूप दिये जाने के बाद देश में खाद्य तेलों का शुल्क-मुक्त आयात बढ़ने की अफवाहों के बीच देश के तेल-तिलहन बाजारों में बीते सप्ताह अधिकांश तेल-तिलहनों के दाम में गिरावट देखी गई।

### आइनॉक्स विंड का लाभ 14% बढ़कर 126 करोड़




**नई दिल्ली।** आइनॉक्स विंड का वित्त वर्ष 2025-26 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 14 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि के साथ 126.65 करोड़ रुपये रहा। कंपनी ने चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही के नतीजों की घोषणा की। आइनॉक्स विंड ने वित्त वर्ष 2024-25 की समान तिमाही में 110.98 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था।

### ग्रू सोलर ने 1,050 करोड़ रुपए जुटाए

**नई दिल्ली।** ग्रू सोलर ने वृद्धि और विस्तार योजनाओं के लिए 1,050 करोड़ रुपये जुटाए हैं। कंपनी ने बयान में कहा कि नवीनतम दौर के निवेश का नेतृत्व बे कैपिटल इन्वेस्टमेंट लिमिटेड ने किया, जिसमें दो अन्य संस्थागत निवेशकों ने भी भाग लिया। कंपनी द्वारा 1,050 करोड़ रुपये की नई धनराशि का उपयोग मौजूदा परिचालन को मजबूत करने और रणनीतिक विस्तार पहल का समर्थन करने के लिए किया जाएगा। इस निवेश का एक महत्वपूर्ण हिस्सा सौर सेल विनिर्माण इकाई के विस्तार में लगाया जाएगा।

# नायरा एनर्जी को घरेलू बाजार में भी कच्चा तेल मिलना हुआ बंद

**वेदांता ने राजस्थान के अपने तेल क्षेत्र से कच्चे तेल की आपूर्ति रोकी**

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

- रूस के अलावा अन्य देशों ने भी आपूर्ति रोकी

रूस के अलावा दुनिया के अन्य देशों से कच्चे तेल की आपूर्ति बंद होने के बाद रोसनेफ्ट के समर्थन वाली वाली भारतीय रिफाइनरी कंपनी नायरा एनर्जी को घरेलू बाजार में भी कच्चा तेल मिलना बंद हो गया है। वेदांता लिमिटेड की केयर्न ऑयल एंड गैस ने पाबंदियों के इस माहौल के बीच नायरा को राजस्थान के अपने तेल क्षेत्र से से कच्चे तेल की आपूर्ति रोक दी है। नायरा में रोसनेफ्ट समेत कई रूसी कंपनियों का स्वामित्व है। राजस्थान से आने वाला कच्चा तेल उसकी कुल जरूरत का लगभग पांच-10 प्रतिशत था।

### रूस के तेल राजस्व को रोकने लगाया प्रतिबंध

जुलाई 2025 में, यूरोपियन संघ ने यूक्रेन विवाद के बीच रूस के तेल राजस्व को रोकने के बड़े कदम के तहत नायरा एनर्जी पर प्रतिबंध लगा दिया था। इन उपायों में रूसी कच्चे तेल से बने पेट्रोलियम उत्पादों पर यूरोपीय संघ के बाजारों में प्रतिबंध लग गया था। साथ ही प्रतिबंध के दायरे में आने वाली इकाइयों के लिए वित्तीय और समुद्री मार्ग के जरिये सेवाओं पर पहुंच सीमित की गई थी।



*नायरा की परेशानियां बढ़ी :* *सऊदी अरब और इराक के तेल उत्पादक, जिनकी यूरोप में काफी वाणिज्यिक पहुंच है, ने यूरोपीय संघ और ब्रिटेन के कदमों के बाद कंपनी को आपूर्ति रोक दी। जहाज के जरिये आपूर्ति में दिक्कतों ने नायरा की परेशानियों को और बढ़ा दिया। कई टैंकर परिचालक जो बीमा कवर के लिए लंदन के पीएंडआई क्लब और अन्य अंतरराष्ट्रीय बीमा कंपनियों पर निर्भर थे, उन्होंने वाडिनार को आपूर्ति भेजने या उठाने से इनकार कर दिया।*

### नायरा हुआ यूरोपियन ईंधन बाजार से बाहर

इसके तुरंत बाद ब्रिटेन ने रूस के तेल हितों पर निशाना साधते हुए ऐसे ही प्रतिबंधों की घोषणा की, जिसमें नायरा जैसी इकाइयां शामिल थीं, क्योंकि रूस की सरकारी पेट्रोलियम कंपनी रोसनेफ्ट के पास इसका बहुलांश स्वामित्व है। इन पाबंदियों ने न सिर्फ नायरा को यूरोपियन ईंधन बाजार से बाहर कर दिया, बल्कि उसके लिए कच्चे तेल की खरीद के विकल्पों को भी सीमित कर दिया।

### रिफाइनरी की दो करोड़ टन सालाना की क्षमता

इस आपूर्ति को गुजरात में उसकी दो करोड़ टन सालाना (लगभग 4,00,000 बैरल प्रति दिन) क्षमता वाली वाडिनार रिफाइनरी में पेट्रोल और डीजल जैसे ईंधन में बदला जाता था। पिछले साल यूरोपीय संघ और ब्रिटेन द्वारा कंपनी पर प्रतिबंध लगाए जाने के बाद वेदांता लिमिटेड की लंदन स्थित मूल कंपनी वेदांता रिसोर्सेज एक प्रतिबंध के दायरे में आने वाली कंपनी के साथ वाणिज्यिक करार के कारण दूसरे पाबंदियों के खतरे को लेकर सावधान हो गई थी।

*अनुपालन की संभावित दिक्कतें :* *अनुपालन की संभावित दिक्कतों से बचने के लिए वेदांता की केयर्न ऑयल एंड गैस ने नायरा को कच्चे तेल की आपूर्ति रोक दी। केयर्न ऑयल एंड गैस राजस्थान के बाड़मेर तेल क्षेत्र का परिचालन करती है।*

## एक शीर्ष अधिकारिक सूत्र ने कही यह बात

# बैंकों को बचत आकर्षित करने, कामकाज सुधारने, नए उत्पाद लाने की जरूरत

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली




- बैंकों को कर नीति की नहीं कुशल बनने की जरूरत
- बैंकों के बचत दर में दिनों दिन कमी आ रही
- सालाना वित्तीय बचत में बैंक जमा का हिस्सा घटकर 35 प्रतिशत

बैंकों को बचत आकर्षित करने के लिए कर नीति की नहीं बल्कि उपयुक्त कदम उठाने और परिचालन के स्तर पर कुशल बनने के साथ नये और नवोन्मेषी उत्पाद लाने की जरूरत है। बैंकों में बचत दर में कमी के बीच एक शीर्ष आधिकारिक सूत्र ने यह बात कही है।

आर्थिक समीक्षा 2025-26 के अनुसार, घरेलू बचत दर वित्त वर्ष 2011-12 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 34.6 प्रतिशत पर थी जो 2023-24 में घटकर 30.7 प्रतिशत पर आ गयी। वहीं वित्त वर्ष 2024-25 में सालाना वित्तीय बचत में बैंक जमा का हिस्सा घटकर 35 प्रतिशत रह गया है, जो वित्त वर्ष 2011-12 के 58 प्रतिशत से काफी कम है।

### बैंकों ने जमा के आगे देखा ही नहीं

सूत्र ने बातचीत में कहा, ''बैंक में मूलभूत समस्या यह है कि उन्होंने जमा के आगे देखा ही नहीं, जबकि दुनिया में ऐसा नहीं है। पूंजी बाजार की बात करें तो हम सब शेयर की बात करते हैं। बॉन्ड की चर्चा कम होती है। बैंक, बॉन्ड के जरिये सस्ती दर पर लंबी अवधि के लिए पैसा जुटा सकते हैं और इसके आधार पर परियोजनाओं के लिए कर्ज दे सकते हैं।

### *एफडी का पैसा लेकर बैंक लंबा कर्ज कैसे देगा*

*सूत्र ने कहा, ''अब आप खुद सोचिए दो साल की 'फिक्स्ड डिपॉजिट' यानी सावधि जमा का पैसा लेकर बैंक 10 साल की परियोजना के लिए कैसे कर्ज देंगे? इस बारे में बैंकों को सोचने की जरूरत है।'' सूत्र ने कहा, ''अब अन्य देशों के बैंक क्या करते हैं? उनके पास भी जमा होती है, लेकिन इस पर निर्भरता इतनी नहीं है।*

### बैंकों को परिचालन में सुधार करना होगा

बचत दर में कमी के बीच इसे आकर्षक बनाने के बारे में पूछे जाने पर आधिकारिक सूत्र ने कहा, ''कर नीति का मकसद अब बचत के लिए लोगों को प्रोत्साहित करना नहीं है बल्कि इसके जरिये यह सुनिश्चित किया गया है कि आप अपनी कमाई पर कर दीजिए और बचे पैसे को अपने हिसाब से खर्च कीजिए या फिर निवेश कीजिए। बचत को आकर्षक बनाने के लिए बैंकों को परिचालन के स्तर पर कुशल बनने के साथ सावधि जमा के अलावा बचत के नवोन्मेषी उत्पाद लाने की जरूरत है।''

*बैंकों में 90 फीसदी पैसा दो साल से कम के लिए जमा*

*सूत्र ने कहा, ''आज बैंकों के पास जो पैसा जमा है, उसमें लगभग 90 प्रतिशत से ज्यादा दो साल से कम की अवधि के लिए और पांच लाख रुपये से कम की जमा के रूप में है। लोगों ने इस पैसे को इसलिए रखा है कि वह सुरक्षित रहे और जरूरत पड़ने पर उसे निकाल सके। लोगों ने अपने पैसे दूसरे जोखिम वाले उत्पादों में भी डाल रखे होंगे।''*

### सरकार कर व्यवस्था सरल बना रही

सरकार कर व्यवस्था को सरल और सुगम बना रही है। इसी के तहत नई आयकर व्यवस्था में सभी के लिए 12 लाख रुपये तक की आय और नौकरीपेशा के मामले में 12.75 लाख रुपये (75 हजार की मानक कटौती के साथ) तक की आय के लिए कोई कर देने की जरूरत नहीं है। इसमें किसी प्रकार की छूट नहीं दी गयी है। वहीं पुरानी कर व्यवस्था में लघु बचत योजनाओं समेत कई मदों में बचत और निवेश पर छूट दी गयी है।

### नवोन्मेषी उत्पाद लाने होंगे

'बैंकों को बचत को आकर्षित करने के लिए कदम उठाने होंगे, उन्हें परिचालन के स्तर पर कुशल बनने के साथ नये और नवोन्मेषी उत्पाद लाने होंगे। विशेषज्ञों का कहना है कि किसी अर्थव्यवस्था में वृद्धि तभी होगी जब निवेश होगा और देश में जो निवेश होगा, उस पैसे का प्रमुख स्रोत घरेलू बचत है। घरेलू बचत खासकर परिवार की बचत में हाल के दिनों में कमी आई है।

# सोने की कीमतों में उतार-चढ़ाव के बावजूद खरीदार उत्साहित



- गिरावट को अवसर मान रहे: टाइटन एमडी
- सोने की कीमतों ने भारतीय खरीदारों को किया प्रभावित

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

टाइटन कंपनी के प्रबंध निदेशक (एमडी) अजय चावला ने कहा है कि सोने की कीमतों में उतार-चढ़ाव ने भारतीय खरीदारों को प्रभावित नहीं किया है। उन्होंने कहा कि ग्राहक अब कीमतों में गिरावट को अवसर मानकर बाजार में प्रवेश कर रहे हैं, बिलकुल शेयर निवेशकों की तरह।

चावला ने कहा कि पहले कई ग्राहक महंगी कीमतों के कारण सोना खरीदने में देरी करते थे, लेकिन अब उन्होंने अपनी रणनीति बदल ली है और कीमत गिरने पर सोना खरीदना शुरू कर दिया है, बजाय इसके कि अनिश्चित समय तक इंतजार करें। चावला ने बताया, /"लोगों ने लंबे समय तक इंतजार करने में नुकसान उठाया है, इसलिए अब वे हर कीमत गिरावट का फायदा उठाकर सोने की खरीद कर रहे हैं, जैसे शेयर बाजार में करते हैं।उन्होंने माना कि सोने की कीमतों में उतार-चढ़ाव जारी है, लेकिन मांग मजबूत बनी हुई है। चावला ने कहा, /"ग्राहक इसमें हिस्सा लेने की कोशिश करेंगे। जो लोग पिछड़ गए, वे अब खरीदने आएंगे।/" उन्होंने कहा कि इससे लोगों की सोने के प्रति मजबूत रुचि और विश्वास का पता चलता है।

### मुनाफा वसूली के कारण आई गिरावट

टाइटन की आभूषण कारोबार इकाई इस रुझान से लाभान्वित हुई है। सोने की कीमतों में फरवरी, 2026 की शुरुआत में काफी उतार-चढ़ाव देखा गया।

### कीमतें और नहीं गिरने की उम्मीद

चावला के अनुसार, कई लोग जिन्होंने साल के पहले छह महीनों में सोने की खरीद में देरी की थी, उन्होंने त्योहारी और शादी के सीजन से पहले सोना खरीदना शुरू कर दिया क्योंकि उन्हें उम्मीद है कि कीमतें अब और नहीं गिरेंगी।

# रेलिगेयर एंटरप्राइजेज वित्तीय सेवा और बीमा कारोबार को करेगी अलग

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली




- कंपनी बर्मन परिवार द्वारा है समर्थित
- कंपनी द्वारा घोषित पहला बड़ा पुनर्गठन

बर्मन परिवार समर्थित रेलिगेयर एंटरप्राइजेज लिमिटेड (आरईएल) ने अपने वित्तीय सेवा और बीमा कारोबार को दो अलग-अलग सूचीबद्ध इकाइयों में विभाजित करने की योजना को मंजूरी दे दी है।

कंपनी ने यह कदम शेयरधारकों के लिए परिसंपत्तियों का मूल्य बढ़ाने और अपनी भावी व्यावसायिक कार्ययोजना को और अधिक स्पष्ट एवं केंद्रित करने के उद्देश्य से उठाया है। वित्तीय सेवा कंपनी ने बयान में कहा कि फरवरी, 2025 में बर्मन परिवार द्वारा रेलिगेयर का नियंत्रण अपने हाथ में लेने के बाद से यह कंपनी द्वारा घोषित पहला बड़ा पुनर्गठन है। प्रस्तावित व्यवस्था के तहत, रेलिगेयर एंटरप्राइजेज लिमिटेड (आरईएल) के पास 'केयर हेल्थ इंश्योरेंस लिमिटेड' में अपनी हिस्सेदारी बनी रहेगी, जो मुख्य रूप से बीमा क्षेत्र पर केंद्रित इकाई के रूप में काम करेगी।वहीं, कर्ज देने, ब्रोकिंग, निवेश गतिविधियों और संबंधित सेवाओं से जुड़े वित्तीय सेवा कारोबार को 'रेलिगेयर फिनवेस्ट लिमिटेड' (आरएफएल) को स्थानांतरित कर दिया जाएगा।

### बदलाव से कोई प्रभावित नहीं होगा

समूह का लक्ष्य इस प्रक्रिया को पूरा कर वित्त वर्ष 2027-28 की पहली तिमाही तक आरएफएल को सूचीबद्ध करना है। कंपनी ने आश्वासन दिया है कि इस बदलाव के दौरान व्यवसाय संचालन, कर्मचारियों या ग्राहकों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

# एआई के बढ़ते इस्तेमाल से घट रही प्रवेश स्तर की नौकरियां

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



- इंडियन काउंसिल फॉर रिसर्च ने जारी की रिपोर्ट
- डेटा कौशल वाले कर्मचारियों की मांग बढ़ी

कंपनियों के बीच कृत्रिम मेधा (एआई) की स्वीकार्यता बढ़ने से विशेष रूप से प्रवेश स्तर की भर्तियां प्रभावित हुई हैं। एक रिपोर्ट में यह निष्कर्ष निकाला गया है।

ओपनआई के समर्थन से इंडियन काउंसिल फॉर रिसर्च ऑन इंटरनेशनल इकॉनमिक रिलेशंस (इक्रियर) के एक अध्ययन के मुताबिक, एआई को अपनाने से पूरे क्षेत्र में नियुक्तियों को लेकर प्राथमिकताएं बदल रही हैं। अध्ययन के अनुसार, 63 प्रतिशत कंपनियों में डोमेन विशेषज्ञता और एआई या डेटा कौशल वाले कर्मचारियों की मांग बढ़ी है, क्योंकि एआई उनके मुख्य कामकाज के साथ एकीकृत हो गया है। 'एआई एंड जॉब्सः दिस टाइम इज नो डिफरेंट' शीर्षक वाली रिपोर्ट भारत में अब तक के जेन एआई स्वीकार्यता के कंपनी स्तर का आकलन है। यह अध्ययन नवंबर, 2025 और जनवरी, 2026 के बीच किया गया। इसमें भारत के 10 शहरों की 650 सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियों की प्रतिक्रिया शामिल है। इसमें बताया गया, ''कंपनियों ने कहा है कि एआई की वजह से नियुक्तियों में मामूली कमी आई है।

*श्रमबल एआई से जुड़ा प्रशिक्षण प्राप्त कर रहा*

*सर्वे में शामिल आधी से ज़्यादा कंपनियों ने कहा कि वे पहले से ही जागरूकता या प्रशिक्षण के जरिये एआई को अपनाने में मदद कर रही हैं। वहीं 38 प्रतिशत अन्य ने कहा कि वे ऐसा करने की तैयारी कर रही हैं। हालांकि, इसमें कहा गया है कि प्रशिक्षण का दायरा अभी सीमित है और सिर्फ कुछ ही कंपनियों का कहना था कि पिछले साल उनके आधे से ज़्यादा श्रमबल ने एआई से जुड़ा प्रशिक्षण हासिल किया है।*

### भारत में कारोबार की बुनियादी स्थिति में हो रहा सुधार

**नई दिल्ली।** ब्रिटेन की बहुराष्ट्रीय उपभोक्ता सामान कंपनी यूनिलीवर ने कहा है कि अमेरिका के बाद उसके दूसरे सबसे बड़े बाजार भारत में कारोबार की बुनियादी स्थिति में सुधार हो रहा है। चौथी तिमाही के नतीजों के दौरान यूनिलीवर ने बताया कि होम केयर खंड में कंपनी ने 4.7 प्रतिशत की अंतर्निहित बिक्री वृद्धि और बिक्री की मात्रा में चार प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। कंपनी के अनुसार, इसे भारत में उत्पादों की खपत में निरंतर मजबूती से समर्थन मिला है। सीईओ फर्नांडो फर्नांडीस ने कहा, ''भारत इस गति में एक प्रमुख योगदानकर्ता रहा है।

# वैश्विक संकेतकों से तय होगी स्थानीय शेयर बाजार की दिशा

- बाजार में उतार-चढ़ाव से निवेशक सावधानी बरत सकते हैं

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



स्थानीय शेयर बाजारों की दिशा अगले सप्ताह वृहद आर्थिक आंकड़ों, भू-राजनीतिक घटनाक्रमों तथा एआई से जुड़े बदलावों को लेकर पैदा हुई चिंता से जुड़े घटनाक्रमों से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है।

हालांकि, शेयर बाजार में जारी उतार-चढ़ाव के बीच निवेशक सावधानी बरत सकते हैं।विश्लेषकों ने कहा कि इसके अलावा विदेशी निवेशकों की कारोबारी गतिविधियां और डॉलर के मुकाबले रुपये की चाल भी बाजार की दिशा को प्रभावित करेगी। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''निकट भविष्य में शुल्क से जुड़ी चिंताएं कम होने और घरेलू मोर्चे पर कंपनियों के मिले-जुले तिमाही नतीजों का सीजन समाप्त होने के करीब होने के बीच बाजार मुख्य रूप से वैश्विक संकेतकों पर निर्भर करेगा। इसमें अमेरिका के श्रमबल के आंकड़े और अमेरिकी केंद्रीय बैंक के रुख को लेकर उम्मीदें शामिल हैं।

### पहले 10 माह में 50 गीगावाट से अधिक बिजली क्षमता जोड़ी



**नई दिल्ली।** भारत ने चालू वित्त वर्ष के पहले 10 माह अप्रैल-जनवरी के दौरान सभी ऊर्जा स्रोतों से रिकॉर्ड 50 गीगावाट (एक गीगावाट बराबर एक हजार मेगावाट) से अधिक बिजली क्षमता जोड़ी है। बिजली मंत्रालय ने बताया कि यह किसी एक साल में अब तक की सबसे अधिक वृद्धि है। इसने वित्त वर्ष 2024-25 में हासिल किए गए 34,054 मेगावाट के पिछले रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है। चालू वित्त वर्ष 2025-26 (31 जनवरी तक) के दौरान, सभी स्रोतों से रिकॉर्ड 52,537 मेगावाट उत्पादन क्षमता जोड़ी गई। चालू वित्त वर्ष 2025-26 (31 जनवरी तक) में जो नई बिजली क्षमता जोड़ी गई, उसका 39,657 मेगावाट हिस्सा नवीकरणीय ऊर्जा से आया।

## एस्कॉर्ट्स कुबोटा के अधिकारी ने कहा, निर्यात का अच्छा अवसर

# भारत से अमेरिका को ट्रैक्टर निर्यात के अवसर बढ़े

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

- कंपनी की भारत को अपना वृद्धि का इंजन बनाने की तैयारी

खेती और निर्माण उपकरण बनाने वाली कंपनी एस्कॉर्ट्स कुबोटा का मानना है कि भारत-अमेरिका अंतरिम व्यापार समझौता अमेरिका को ट्रैक्टर का निर्यात करने का एक अच्छा अवसर है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह बात कही है।

एस्कॉर्ट्स कुबोटा की जापानी मूल की कंपनी कुबोटा कॉरपोरेशन ने कहा है कि वह 2030 के लिए अपनी मध्यम अवधि की कारोबारी योजना के तहत भारत को अपना वृद्धि का इंजन बनाने की तैयारी कर रही है। कंपनी अपनी रणनीति के महत्वपूर्ण पहलू के तहत भारत में कारोबार और परियोजनाओं की संभावनाएं तलाश रही है।

### कंपनी भारत को शोध व विकास का केंद्र बनाएगी

अधिकार ने कहा, ''अगर हम भारत में ट्रैक्टर बना सकें और निर्यात को एक विकल्प के तौर पर देख सकें तो यह हमारे लिए एक अच्छा मौका है.. यह मूल कंपनी के लिए सोचने को एक बहुत अच्छा परिदृश्य होगा।''अपने 2030 की मध्यम अवधि की कारोबारी योजना के तहत, कुबोटा कॉरपोरेशन ने कहा कि ऊंची वृद्धि वाले बाजारों पर कब्जा करने का लक्ष्य रखते हुए कंपनी भारत को शोध एवं विकास, खरीद और उत्पादन का वैश्विक केंद्र बनाने का अवसर तलाशेगी।



### अभी अमेरिका को निर्यात नहीं

एस्कॉर्ट्स कुबोटा लिमिटेड के पूर्णकालिक निदेशक और भारत में मुख्य वित्त अधिकारी (सीएफओ) भरत मदान ने कहा, ''अभी हम अमेरिका को निर्यात नहीं कर रहे हैं। हमें लगता है कि अब शुल्क लगने से, शायद हमें उस बाजार को फिर से खोलने पर विचार करने का अच्छा मौका मिलेगा।''

### अभी कंपनी जापान से निर्यात कर रही

वह भारत-अमेरिका के बीच अंतरिम व्यापार समझौते के असर पर एक सवाल का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा, ''अभी हमारी मूल कंपनी (कुबोटा) जापान से निर्यात कर रही है, और जापान पर अमेरिकी शुल्क लगभग 15 प्रतिशत है। इसमें और भारत के 18 प्रतिशत के शुल्क में कोई खास अंतर नहीं है।''

### ट्रैक्टर पर पहले से ही शुल्क कम है

इसके अलावा पूरे समूह की लागत प्रतिस्पर्धी क्षमता में सुधार करेगी और अपनी आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करेगी। भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के प्रभाव पर मदन ने कहा कि ट्रैक्टर पर शुल्क पहले से ही शून्य है, और कंपनी को ट्रैक्टर कारोबार पर कोई बड़े असर की उम्मीद नहीं है। उन्होंने कहा, ''हम पहले से ही यूरोपीय संघ को निर्यात कर रहे हैं। ..आज भारत से यूरोप को निर्यात पहले से ही बहुत ज़्यादा है।''

### बाजार पूंजीकरण में सबसे ज्यादा नुकसान टीसीएस को

**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से छह के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में पिछले सप्ताह तीन लाख करोड़ रुपये से अधिक की गिरावट आई। सबसे ज्यादा नुकसान में सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की कंपनियां टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और इन्फोसिस रहीं। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 953.64 अंक या 1.14 प्रतिशत नीचे आया। टीसीएस, इन्फोसिस, एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एलआईसी और भारती एयरटेल के बाजार पूंजीकरण में गिरावट आई। वहीं भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), बजाज फाइनेंस, लार्सन एंड टुब्रो और आईसीआईसीआई बैंक की बाजार हैसियत बढ़ गई।

## चिंतन

# मोदी को न्योता बांग्लादेश की एक सार्थक शुरुआत

बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन के बाद उभरता राजनीतिक परिदृश्य दक्षिण एशिया की कूटनीति के लिए अहम संकेत दे रहा है। बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के चेयरमैन तारिक रहमान 17 फरवरी को प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने जा रहे हैं। इस अवसर पर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को निमंत्रण भेजा जाना केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि एक रणनीतिक संदेश भी है। यह संदेश है संवाद, संतुलन और सहयोग की नई संभावनाओं का। यानी बांग्लादेश ने मोदी को न्योता देकर एक सार्थक शुरुआत की है, लेकिन दोनों देशों के रिश्तों में तल्खी बनी रहेगी या कुछ नरमाहट आएगी यह तो भविष्य पर निर्भर है। हालांकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रहमान के शपथ समारोह में शामिल नहीं हो पाएंगे, क्योंकि उसी दिन मुंबई में उनकी फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ पूर्व निर्धारित द्विपक्षीय बैठक है, लेकिन भारत की ओर से लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री की उपस्थिति यह स्पष्ट करती है कि नई दिल्ली इस परिवर्तन को गंभीरता से ले रही है। तारिक की ताजपोशी कई मायनों में ऐतिहासिक मानी जा रही है। 36 वर्षों में पहली बार बांग्लादेश को पुरुष प्रधानमंत्री मिलने जा रहे हैं। 20 साल के निर्वासन के बाद देश लौटकर उन्होंने कम समय में जनता का विश्वास अर्जित किया और बीएनपी को प्रचंड बहुमत दिलाया है। यह जनादेश केवल सरकार बदलने का संकेत नहीं, बल्कि नीति-प्राथमिकताओं में संभावित बदलाव की ओर भी इशारा करता है। शपथ ग्रहण समारोह इस बार पारंपरिक राष्ट्रपति भवन के बजाय ढाका के नेशनल पार्लियामेंट कॉम्प्लेक्स के साउथ प्लाजा में आयोजित किया जा रहा है। यह स्थान परिवर्तन भी एक प्रतीक है संभवतः अधिक सार्वजनिक और खुली राजनीतिक संस्कृति का। पड़ोसी देशों के नेताओं को निमंत्रण भेजना बताता है कि रहमान सरकार क्षेत्रीय संतुलन को प्राथमिकता देना चाहती है। भारत और बांग्लादेश के संबंध ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और आर्थिक रूप से गहरे रहे हैं। 1971 के मुक्ति संग्राम से लेकर आज तक दोनों देशों के बीच सहयोग का एक मजबूत आधार रहा है। पिछले एक दशक में व्यापार, कनेक्टिविटी, ऊर्जा और सुरक्षा सहयोग में उल्लेखनीय प्रगति हुई, लेकिन यह भी सच है कि दोनों देशों के रिश्ते समय-समय पर राजनीतिक बदलावों के साथ नए मोड़ लेते रहे हैं। तारिक ने शपथ से पहले स्पष्ट कहा है कि भारत के साथ वार्ता में बांग्लादेश के हित सर्वोपरि रहेंगे। यह बयान किसी भी संप्रभु राष्ट्र की स्वाभाविक प्राथमिकता है, लेकिन इसके साथ उन्होंने चीन को भी विकास साझीदार बताया है। यहीं से नई सरकार की संतुलन नीति का संकेत मिलता है। दक्षिण एशिया में चीन की बढ़ती सक्रियता और भारत की पारंपरिक भूमिका के बीच बांग्लादेश का संतुलन साधना आसान नहीं होगा। बीएनपी के विदेश नीति सलाहकार हुमायूं कबीर का यह कहना कि भारत के साथ संबंधों की नई शुरुआत हो सकती है, सकारात्मक संकेत है, परंतु चुनाव जीतते ही शेख हसीना की वापसी की मांग ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि नई सरकार कुछ मुद्दों पर आक्रामक रुख अपना सकती है। ऐसे में आने वाले समय में नई दिल्ली और ढाका के बीच संवाद की गुणवत्ता ही तय करेगी कि रिश्ते किस दिशा में आगे बढ़ेंगे। कुल मिलाकर यह कहना जल्दबाजी होगी कि नई सरकार का रुख कैसा रहेगा, लेकिन यह स्पष्ट है कि दक्षिण एशिया की राजनीति में एक नया अध्याय शुरू हो रहा है। अब देखना यह है कि आगे की कहानी सहयोग की होगी या प्रतिस्पर्धा की।

# महंगाई नए आधार वर्ष के पैमाने में



आर्थिकी
सतीश सिंह

सरकार ने महंगाई को मापने का आधार वर्ष 2012 से बदलकर 2024 कर दिया है। इस क्रम में, 12 फरवरी को पहली बार जनवरी माह की खुदरा महंगाई को नए आधार पर मापा गया। नए आधार पर जनवरी 2026 में यह बढ़कर 2.75% हो गई, जो दिसंबर में 1.33% थी, और यह पिछले 8 महीनों का उच्चतम स्तर है। मुख्य आर्थिक सलाहकार वी. अनंत नागेश्वरन के अनुसार 2024 को आधार वर्ष मानकर जारी की गई नई कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स (सीपीआई) सीरीज देश की अर्थव्यवस्था के लिए एक बड़ा सुधार है। नई व्यवस्था न केवल गरीबी के अनुमानों को अधिक सटीक बनाएगी, बल्कि सरकार की नीतियों को भी बेहतर ढंग से तैयार करने में मदद करेगी।

आगामी 10 वर्षों के लिए सरकार ने महंगाई को मापने का आधार वर्ष 2012 से बदलकर 2024 कर दिया है। इस क्रम में, 12 फरवरी को पहली बार जनवरी माह की खुदरा महंगाई को नए आधार पर मापा गया। नए आधार पर जनवरी 2026 में यह बढ़कर 2. 75% हो गई, जो दिसंबर में 1. 33% थी, और यह पिछले 8 महीनों का उच्चतम स्तर है। इस दौरान, मई 2025 में यह 2. 82% तक पहुंच गई थी।

महंगाई का स्तर इस बात पर निर्भर करता है कि मांग और आपूर्ति का संतुलन कैसा है। जब लोगों के पास अधिक पैसे होंगे, तो वे अधिक वस्तुएं खरीदेंगे, जिससे मांग बढ़ेगी। यदि आपूर्ति मांग के अनुरूप नहीं है, तो वस्तुओं की कीमतें बढ़ जाएंगी। इसके विपरीत, जब मांग कम होती है और आपूर्ति अधिक होती है, तो महंगाई घट जाएगी। सरकार आमतौर पर हर 5 से 10 वर्षों में नया आधार वर्ष चुनती है, जो साल सूखा, बाढ़, महामारी या अत्यधिक महंगाई से मुक्त हो। पुराने सूचकांक में खाने-पीने की वस्तुओं का वेटेज लगभग 50% था, जिसे अब घटाकर 36. 8% कर दिया गया है। गौरतलब है कि आधार वर्ष वह वर्ष होता है जिसे कीमतों के लिए मानक या आधार माना जाता है। इसका अर्थ है कि उस वर्ष की वस्तुओं की औसत कीमत को 100 माना जाता है। फिर, अन्य वर्षों की कीमतों की तुलना उसी आधार वर्ष से की जाती है। इससे पता चलता है कि महंगाई कितनी बढ़ी या कम हुई है। उदाहरण के लिए, यदि 2022 को आधार वर्ष माना जाए और उस वर्ष एक किलो आलू की कीमत 50 रुपये थी, और 2025 में वह बढ़कर 80 रुपये हो गई, तो महंगाई दर = (80-50)/50×100 = 60% है। यह फॉर्मूला खुदरा महंगाई या उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) में उपयोग होता है। हालांकि, यह बाजार के सभी सामानों पर समान रूप से लागू नहीं होता है। महंगाई को मापने के लिए एक बकेट में वैसी वस्तुओं व सेवाओं को रखा जाता है, जो महंगाई को सबसे ज्यादा प्रभावित करते हैं। इस क्रम में हर वस्तु को उपभोक्ता के बजट में उसके महत्व के आधार पर भार दिया जाता है। सीपीआई सूचकांक की मदद से राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) हर महीने खुदरा महंगाई की गणना करता है, जिसमें ऐसी वस्तुएं और सेवाएं शामिल होती हैं, जिनका इस्तेमाल आम लोग ज्यादा करते हैं, जैसे कि खाद्य, कपड़े, आवास, ईंधन, स्वास्थ्य आदि। यह सूचकांक इन वस्तुओं की कीमतों में बदलाव को दर्शाता है, जो आधार वर्ष 2012 के संदर्भ में होते थे और अब ये 2024 के संदर्भ में होंगे। विकास को सुनिश्चित करने के लिए महंगाई की वास्तविक स्थिति को समझना आवश्यक है ताकि जनता की घटती क्रय शक्ति, स्थिर आय, और जीवन यापन की लागत का सही आकलन किया जा सके। इससे उपयुक्त वित्तीय योजना, निवेश की सुरक्षा, मजदूरी की उचित मांग और सरकार के लिए सही मौद्रिक नीतियों का निर्धारण आसान हो जाता है। जब महंगाई का चित्र स्पष्ट होता है, तो सरकार सही कदम लेकर इन पर नियंत्रण कर सकती है, जिससे आम जनता के नुकसान को रोका जा सकता है। महंगाई बढ़ने से पैसे का मूल्य घट जाता है, और इससे पता है कि हमें कितनी ज्यादा कमाने या बचत करने की जरूरत है। अगर महंगाई अधिक हो, तो निवेश का रिटर्न नकारात्मक हो



जाता है। वहीं, सही महंगाई दर जानकर सोना, शेयर जैसे बेहतर निवेश के विकल्प को चुनने में आसानी होती है। महंगाई के सही आंकड़ों से शिक्षा, स्वास्थ्य, और जरूरी वस्तुओं पर इसके असर को समझा जा सकता है। सरकारें इन आंकड़ों की मदद से ब्याज दरें और करों में बदलाव करती हैं। आंकड़ों के गलत रहने से सरकारी नीतियां जनता के लिए हानिकारक हो सकती हैं। जब महंगाई स्थिर नहीं रहती, तो जनता को सही आंकड़ों के आधार पर निर्णय लेना चाहिए। पिछले एक दशक के दौरान लोगों की जीवनशैली, खर्च करने के तरीके और लोगों के दैनिक आवश्यकताओं में आमूल-चूल बदलाव आया है। इसलिए, 2012 का आधार वर्ष महंगाई की सही तस्वीर नहीं दिखा पा रहा था। आंकड़े वास्तविक आयों के लिए सूचकांक में वस्तुओं और सेवाओं की संख्या भी बढ़ाई गई है। पहले सूचकांक में 299 वस्तुएं थीं, जिन्हें नए ढांचे में बढ़ाकर 358 कर दिया गया है। नए सूचकांक की मुख्य विशेषता है कि यह उन वस्तुओं और सेवाओं को शामिल करता है जिन पर आज अधिकांश लोग खर्च कर रहे हैं। अब, स्मार्टफोन, इंटरनेट, ईयरफोन, फिटनेस बैंड जैसे उपकरण हमारे जीवन का हिस्सा बन गए हैं, जबकि पहले इनका उपयोग सीमित था। इस सूचकांक में नेटफ्लिक्स, जियो हॉटस्टार, प्राइम वीडियो जैसी ओटीटी सेवाओं को भी शामिल किया गया है। नया आधार वर्ष लाने का मकसद है सब्जियों, अनाज जैसी वस्तुओं की कीमतों में बदलाव से महंगाई के आंकड़ों पर ज्यादा प्रभाव न पड़े। इस बदलाव से गैर-खाद्य वस्तुओं और सेवाओं की कीमतों के उतार-चढ़ाव को भी महंगाई मापने में शामिल किया गया है, ताकि महंगाई की वास्तविक तस्वीर हमारे सामने आ सके। नए सूचकांक में ई-कॉमर्स प्लेटफ़ॉर्म से वस्तुओं की कीमतों का डेटा इकट्ठा किया जाएगा। हवाई किराए, बिजली दरें, ऐप आधारित टैक्सी सेवाएं, ऑनलाइन सेवाएं और शॉपिंग की कीमतों को भी शामिल किया जाएगा। इसी तरह, इन वस्तुओं और सेवाओं की कीमतों में बदलाव का प्रभाव भी महंगाई के आंकड़ों में दिखाई देगा। ग्रामीण इलाकों में घर के किराए को सूचकांक में शामिल किया गया है, जिससे ग्रामीण महंगाई की तस्वीर और भी ज्यादा साफ होगी। इनके अलावा, वे वस्तुएं, जिनका उपयोग आज नहीं किया जाता है, जैसे वीडियो और ऑडियो कैसेट आदि, महंगाई मापने वाली सूची से हटा दी गई हैं। महंगाई की वास्तविक स्थिति को समझना बहुत जरूरी है। अगर इसे गलत तरीके से पेश किया गया, तो यह न सिर्फ जनता को परेशान कर सकता है, बल्कि विकास में भी बड़ी बाधा बन सकता है। जब महंगाई की दर बढ़ती है, तो भारतीय रिजर्व बैंक रेपो दर को कम नहीं करता, जिससे बैंकों को सस्ती पूंजी नहीं मिलती और उन्हें उच्च ऋण दर पर ऋण देना पड़ता है। इससे उधार लेने की प्रतिस्पर्धा कम हो जाती है, और पूंजी की कमी के कारण आर्थिक गतिविधियां मंद हो जाती हैं। इसलिए, महंगाई का सही स्तर समझना अनिवार्य है। इसके साथ ही, आधार वर्ष में बदलाव और बकेट में उपयोगी वस्तुओं को शामिल करने से महंगाई की सच्चाई सामने आ सकती है, और सही उपाय अपनाकर विकास की गति बढ़ाई जा सकती है। भारत के मुख्य आर्थिक सलाहकार वी. अनंत नागेश्वरन के अनुसार 2024 को आधार वर्ष मानकर जारी की गई नई कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स (सीपीआई) सीरीज देश की अर्थव्यवस्था के लिए एक बड़ा सुधार है। नई व्यवस्था न केवल गरीबी के अनुमानों को अधिक सटीक बनाएगी, बल्कि सरकार की नीतियों को भी बेहतर ढंग से तैयार करने में मदद करेगी।

(लेखक एसबीआई में एजीएम हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## दिवस विशेष

सुनील कुमार महला




# क्योटो प्रोटोकॉल : जलवायु समझौतों के लिए मार्गदर्शक

पर्यावरणीय दृष्टि से 16 फरवरी का दिन अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है, क्योंकि इस दिन 2005 को क्योटो प्रोटोकॉल आधिकारिक रूप से लागू हुआ था, जो जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए विश्व का पहला कानूनी रूप से बाध्यकारी अंतरराष्ट्रीय समझौता था। इसे 1997 में जापान के क्योटो शहर में अपनाया गया था और यह संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन रूपरेखा अभिसमय (यूएनएफसीसीसी) के अंतर्गत बनाया गया था। इसका मुख्य उद्देश्य औद्योगिक (विकसित) देशों द्वारा ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को 1990 के स्तर की तुलना में कम करना था, ताकि वैश्विक तापमान वृद्धि को नियंत्रित किया जा सके। वास्तव में आज पूरी दुनिया जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग की समस्या से प्रभावित है, जिसका प्रमुख कारण बढ़ती जनसंख्या, अंधाधुंध औद्योगिकीकरण, तेज शहरीकरण, विकास कार्यों के नाम पर पेड़ों की कटाई, जीवाश्म ईंधनों का अत्यधिक उपयोग, परिवहन, कृषि गतिविधियां और प्रदूषण हैं, जिनसे वातावरण में ग्रीनहाउस गैसों की मात्रा तेजी से बढ़ रही है। ग्रीनहाउस गैसों जैसे कि कार्बन डाइऑक्साइड, मीथेन, नाइट्रस ऑक्साइड, जलवाष्प तथा फ्लोरीनयुक्त गैसें आदि वायुमंडल में सूर्य की ऊष्मा को रोककर पृथ्वी का तापमान बढ़ाती हैं, जिसे ग्रीनहाउस प्रभाव कहा जाता है। नवीनतम आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2024 में वैश्विक ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन लगभग 57.7 गीगाटन कार्बन डाइऑक्साइड समतुल्य तक पहुंच गया, जो अब तक का सबसे अधिक स्तर है और पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 2.3% अधिक है। इस अवधि में उत्सर्जन वृद्धि में भारत का योगदान सबसे अधिक रहा, हालांकि प्रति व्यक्ति उत्सर्जन अभी भी वैश्विक औसत से कम है। बता दें कि भारत में लगभग 3 टन प्रति व्यक्ति प्रतिवर्ष, जबकि वैश्विक औसत लगभग 6.4 टन है। कुल उत्सर्जन के मामले में भारत लगभग 4 गीगाटन वार्षिक उत्सर्जन के साथ विश्व का तीसरा सबसे बड़ा उत्सर्जक है, लेकिन ऐतिहासिक योगदान विकसित देशों से कम है। जानकारी के अनुसार 2024 में वायुमंडल में कार्बन डाइऑक्साइड की सांद्रता लगभग 423–425 पीपीएम तक पहुंच गई, जो औद्योगिक क्रांति से पहले की तुलना में लगभग 50% अधिक है और जलवायु जोखिम को बढ़ा रही है। क्योटो प्रोटोकॉल की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता 'साझा लेकिन भिन्न जिम्मेदारी' का सिद्धांत था। इसके अनुसार ऐतिहासिक रूप से अधिक प्रदूषण करने वाले विकसित देशों पर अधिक दायित्व डाला गया, जबकि भारत और चीन जैसे विकासशील देशों को शुरुआती चरण में अनिवार्य उत्सर्जन कटौती से छूट दी गई। इस समझौते के अंतर्गत उत्सर्जन व्यापार, क्लीन डेवलपमेंट मैकेनिज्म (सीडीएम) और संयुक्त कार्यान्वयन जैसे नवाचारपूर्ण तंत्र बनाए गए, जिन्हें फ्लेक्सिबल मैकेनिज्म कहा गया और इन्हीं के माध्यम से कार्बन ट्रेडिंग की अवधारणा विकसित हुई, जिससे विकसित देश अन्य देशों में हरित परियोजनाओं या स्वच्छ तकनीक में निवेश करके कार्बन क्रेडिट खरीद सकते थे। भारत ने सीडीएम के तहत बड़ी संख्या में परियोजनाएं विकसित कीं, जिससे तकनीकी आधुनिकीकरण, विदेशी निवेश और 'सर्टिफाइड एमिशन रिडक्शन' (सीईआर) क्रेडिट के रूप में आर्थिक लाभ मिला तथा भारत वैश्विक कार्बन बाजार का महत्वपूर्ण भागीदार बना। हालांकि, संयुक्त राज्य अमेरिका ने इस समझौते पर हस्ताक्षर तो किए थे, लेकिन इसे अपनी संसद से अनुमोदित नहीं कराया, जिससे इसकी प्रभावशीलता पर प्रश्न उठे, फिर भी इसकी एक बड़ी उपलब्धि यह रही कि इसने उत्सर्जन की निगरानी, रिपोर्टिंग और सत्यापन की सख्त वैश्विक प्रणाली विकसित की, जो आज भी अंतरराष्ट्रीय जलवायु व्यवस्था की आधारशिला मानी जाती है। आगे चलकर वैश्विक जलवायु प्रयासों को अधिक व्यापक बनाने के लिए 2015 में पेरिस समझौता अस्तित्व में आया, जिसमें लगभग सभी देशों को जलवायु कार्रवाई के साझा लक्ष्य में शामिल किया गया। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम की रिपोर्टों के अनुसार वर्ष 2023-2024 में वैश्विक उत्सर्जन रिकॉर्ड स्तर के आसपास है और वर्तमान नीतियों के साथ 1.5 डिग्री सेल्सियस वृद्धि लक्ष्य हासिल करना कठिन दिखाई देता है। हालांकि, अब वैश्विक जलवायु नीति का केंद्र पेरिस समझौता बन चुका है, फिर भी क्योटो प्रोटोकॉल ने अंतरराष्ट्रीय सहयोग की नींव रखी। भारत ने वर्तमान वैश्विक व्यवस्था में महत्वपूर्ण लक्ष्य घोषित किए हैं। आज जलवायु परिवर्तन की बढ़ती चुनौतियों के बीच यह समझौता दुनिया को उत्सर्जन नियंत्रण की जिम्मेदारी याद दिलाता है। संक्षेप में, क्योटो प्रोटोकॉल आधुनिक वैश्विक जलवायु नीतियों का आधार माना जाता है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## जब मन अशांत हो तो इष्टदेव के मंत्रों का जप करें



संकलित
**दर्शन**

शुकदेव राजा परीक्षित को कथा सुना रहे थे, उस समय राजा ने पूछा कि आजकल लोग इतने बेचैन क्यों हैं? लोगों का मन अशांत क्यों है? शुकदेव ने राजा को एक कथा सुनाई कि एक दिन पृथ्वी ने भी भगवान से यही बात पूछी थी। पृथ्वी ने भगवान से कहा था कि ये लोग जो खुद मौत के खिलौने हैं। ये सभी मुझे यानी धरती, राज्य जीतना चाहते हैं। अभी तक मुझे यानी धरती को कोई भी मृत्यु के बाद अपने साथ ऊपर नहीं ले जा सका है। लोग ये बात क्यों नहीं समझते हैं? शुकदेव ने राजा से कहा कि पृथ्वी ने ये सभी बातें भगवान से इसलिए कहीं थीं, कि धरती पर जो धन-संपत्ति है, वही सारे झगड़ों की जड़ है। सभी चाहते हैं कि मेरे पास दूसरों से ज्यादा वैभव हो, सभी इसी में लगे हुए हैं। जिस दिन इस दुनिया से जाएंगे, सब कुछ यहीं रह जाएगा। परीक्षित ने शुकदेव की बातें ध्यान से सुनीं और कहा कि आजकल इतनी अशांति है तो शांति पाने के लिए हमें क्या करना चाहिए? शुकदेव ने कहा कि जब भी हमारा मन अशांत हो, हमें भगवान के नामों का जप करना चाहिए, ध्यान, पूजा-पाठ करना चाहिए। अपने इष्टदेव के नामों का जप करने से नकारात्मकता दूर होती है, मन शांत होता है। मंत्र जप से शरीर में जो परिवर्तन होते हैं, उनसे मन शांत होता है।


## काम शुरू करने से ज्यादा महत्वपूर्ण काम करते रहना



संकलित
**प्रेरणा**

एक प्राचीन कथा के मुताबिक, ब्रह्मा और विष्णु ने शिवलिंग के मस्तक और पैरों की खोज शुरू की। ब्रह्मा को शिव का मस्तक ढूंढने का और विष्णु को शिव के पैर ढूंढने का कार्य सौंपा गया। सभी देवता इसके आरंभ और अंत के विषय में जानने के लिए उत्सुक थे। ब्रह्मा ने अपनी यात्रा आरंभ की और वे आगे बढ़ते गए। कई लोक पीछे छूट गए और कई युग बीत गए। फिर भी ब्रह्मा शिव के मस्तक का पता नहीं लगा पाए। सृष्टि का एक अंत है। सृजन एक बिंदु पर समाप्त होता है। ब्रह्मा ने अपनी यात्रा उसके बाद भी जारी रखी। उन्होंने एक केतकी का पुष्प देखा जो आकाश से नीचे आ रहा था। ब्रह्मा ने केतकी पुष्प से पूछा, 'तुम कहां से आ रहे हो? क्या तुमने शिव का मस्तक देखा है? यहां से शिव का मस्तक कितनी दूर है?' केतकी पुष्प ने कहा, 'मैं शिव के मस्तक से आ रहा हूं।' तो ब्रह्मा ने निष्कर्ष निकाला कि शिव का एक मस्तक था और वे पुष्प लेकर नीचे आए। विष्णु का कार्य शिव के पैरों की खोज करना था। ऐसा कहा जाता है कि विष्णु बहुत विनम्र हैं। पालनकर्ता को हमेशा बहुत विनम्र होना चाहिए। रचयिता जैसा भी हो, यदि पालनकर्ता विनम्र हो, तभी पालन कार्य संभव है। व्यवसाय आरंभ करना कोई बड़ी बात नहीं है, लेकिन आपको व्यवसाय चलाने के लिए बहुत सतर्क, बहुत विनम्र रहना पड़ेगा, अन्यथा व्यापार डूब जाएगा। विष्णु की विनम्रता ने ही उन्हें शिव के चरणों को ढूंढने का कार्य करने योग्य बनाया। युगों तक यात्रा करने के बाद, विष्णु शिव के चरणों को ढूंढने में सक्षम नहीं हुए।

## गौरव



भारतीय तैराक सतेंद्र सिंह लोहिया न्यूजीलैंड के वेलिंगटन में कुक जलडमरूमध्य को सफलतापूर्वक पार करने के बाद भारतीय तिरंगा प्रदर्शित करते हुए, और ऐसा करने वाले एशिया के पहले पैरा तैराक बन गए हैं।

## आज की पाती

### महाशिवरात्रि : भीतर के अंधकार से संवाद

महाशिवरात्रि केवल एक धार्मिक तिथि नहीं, बल्कि भारतीय चेतना का वह विराट क्षण है जहां आस्था, दर्शन और आत्मबोध एक-दूसरे से संवाद करते हैं। फाल्गुन मास की कृष्ण पक्ष की यह चतुर्दशी, शिव-तत्त्व के स्मरण और साधना का पर्व है- वह शिव, जो संहारक नहीं, बल्कि परिवर्तन और कल्याण के अधिष्ठाता हैं। भारतीय दर्शन में शिव को आदि और अनंत के प्रतीक के रूप में देखा गया है। वे न केवल सृष्टि के संहारक हैं, बल्कि नवसृजन के भी मूल स्रोत हैं। शिव का डमरु ब्रह्मांड की लय को उद्घोषित करता है, गंगा का अवतरण करुणा का प्रतीक है और भस्म-विभूषण यह संदेश देता है कि भौतिकता अंततः नश्वर है। महाशिवरात्रि की रात्रि जागरण और साधना की रात्रि है।

*- जगदीश पाठक, बेमेतरा*

## ट्रेंड


### कांग्रेस की बौखलाहट



कांग्रेस ने कभी देश की सुरक्षा को प्राथमिकता नहीं दी। इसलिए आज जब हम अपनी सीमाओं पर शानदार हाईवे, टनल्स, ऊंचे-ऊंचे ब्रिज और आधुनिक एयरफील्ड्स के साथ देश की सुरक्षा को बढ़ा रहे हैं, तो वो बौखलाहट से भर गई है।

- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### शिक्षा से रोजगार तक



औद्योगिक विकास के साथ-साथ कौशल विकास को केंद्र में रखा गया है, उद्योग-अकादमिक साझेदारी, अप-स्किलिंग, एआई और डिजिटलीकरण पर विशेष बल दिया गया है, ताकि शिक्षा से रोजगार तक का मजबूत पारिस्थितिकी तंत्र तैयार हो और स्थानीय युवाओं को नए अवसर मिलें।

- धर्मेन्द्र प्रधान, केंद्रीय शिक्षा मंत्री

### किसानों से विश्वासघात



हम अमेरिका के साथ व्यापार समझौते के नाम पर भारत के किसानों के साथ हो रहे विश्वासघात को देख रहे हैं। मैं प्रधानमंत्री से पूछना चाहता हूं,. डीडीजी आयात करने का असल मतलब क्या है? क्या इसका मतलब भारतीय पशुओं को जीएम अमेरिकी मक्के से बना डिस्टिलर्स ग्रेन खिलाया जाएगा?

- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

### सोलर से समृद्धि




दिल्ली ने सोलर से समृद्धि का रास्ता प्रशस्त कर लिया है। अब किसान बिना एनओसी के कृषि भूमि पर सोलर पैनल लगा सकते हैं। हमारी सरकार ने प्रक्रिया आसान कर दी है ताकि किसानों की आय बढ़े।

- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

## करंट अफेयर

# नाइजीरिया में हुई मछली पकड़ने की प्रतियोगिता



नाइजीरिया के उत्तर-पश्चिम में स्थित अर्गुंगु शहर में हरियाली के बीच बहने वाली मतान फदान नदी में शनिवार को हजारों मछुआरे मछली पकड़ने के पारंपरिक पर्व में शामिल हुए। राष्ट्रपति बोला अहमद टिनुबू सहित हजारों दर्शकों ने सबसे बड़ी मछली पकड़ने की प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाया। हालांकि सुरक्षा संबंधी कारणों से कुछ लोगों ने उत्सव से दूरी बनाए रखी। इस पर्व पर मछली पकड़ने के लिए लोगों ने हाथ से बुने जाल और लौकी से बने बर्तन जैसे केवल पारंपरिक समानों का इस्तेमाल किया। कुछ ने अपने कौशल का प्रदर्शन करने के लिए केवल हाथों से ही मछली पकड़ी। इस साल के विजेता ने 59 किलोग्राम की क्रोकर मछली पकड़ी। प्रतियोगिता के विजेता को नकद इनाम दिया जाता है, जबकि बाकी प्रतिभागी अपनी पकड़ी मछलियां बेचते हैं, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलता है। साल के बाकी समय इस नदी में किसी को जाने की अनुमति नहीं होती और इसकी देखरेख एक पदवीधारी प्रमुख करते हैं, जिन्हें 'सरकिन रुवा' यानी पानी का मुखिया कहा जाता है। मछली पकड़ने की प्रतियोगिता वार्षिक अंतरराष्ट्रीय मछली पकड़ने के उत्सव का समापन था। पर्व के दौरान पारंपरिक कुश्ती, संगीत और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी पेश किए गए।

## ऑफ बीट

# रूमाल या टिश्यू, हमारे स्वास्थ्य के लिए कौन बेहतर



आज, हम जानते हैं कि नाक से निकलने वाले स्राव में ठंडे प्रकार के वायरस पाए जाते हैं जो कई सतहों पर स्थानांतरित हो सकते हैं - हाथ, रूमाल, टिश्यू, दरवाज़े के हैंडल, कीबोर्ड - कभी-कभी शुरुआती जोखिम के बाद भी लंबे समय तक जीवित रहते हैं। इसलिए दोबारा इस्तेमाल हो सकने वाले सूती रूमाल में अपनी नाक साफ करना, फिर किसी अन्य वस्तु को छूना, इसका मतलब है कि ये वायरस फैल सकते हैं। यहां तक कि अगर आप अपने सूती रूमाल को तुरंत धोने के लिए रख देते हैं, तो भी आप दरवाजे की कुंडी जैसी सतहों को दूषित कर देंगे, और वॉशिंग मशीन को चलाने के लिए अपने संक्रमित हाथों का उपयोग करेंगे। वायरस टिशू पर इतने लंबे समय तक जीवित नहीं रह पाते हैं। बशर्ते आप टिश्यू का उपयोग करने के बाद उन्हें फेंक दें, और उन्हें दूसरों के उठाने के लिए इधर-उधर नहीं छोड़ें, तभी इस्तेमाल किए गए टिश्यू से दूसरों तक रोगाणु पहुंचने की संभावना बहुत कम होती है। फिर सवाल यह है कि क्या रुमाल या टिश्यू खांसी और सांस के रास्ते निकलने वाले थूक को रोकने के लिए प्रभावी हैं। रूमाल जैसे बुनियादी कपड़े के आवरण, टिश्यू की तरह, थूक को पकड़ सकते हैं। लेकिन कई अध्ययनों से पता चला है कि वे श्वसन एरोसोल को प्रभावी ढंग से फ़िल्टर नहीं करते हैं।

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# पहली पत्नी के रहते चूड़ी पहनाकर दूसरी मान्य नहीं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने पारिवारिक कानून और उत्तराधिकार को लेकर एक अहम फैसला सुनाया है। कोर्ट ने साफ कहा है कि पहली शादी के रहते सिर्फ चूड़ी प्रथा के आधार पर की गई दूसरी शादी को कानूनी मान्यता नहीं मिल सकती और ऐसी स्थिति में दूसरी पत्नी या उसकी संतान का संपत्ति में कोई हक नहीं होगा। जस्टिस बिभू दत्ता गुरु की सिंगल बेंच ने हिंदू विवाह अधिनियम 1955 का हवाला देते हुए कहा कि जीवित जीवनसाथी के रहते किया गया दूसरा विवाह शून्य होता है। केवल चूड़ी पहनाने या लंबे समय तक साथ रहने से विवाह वैध नहीं बन जाता, जब तक कि पहला विवाह कानूनन समाप्त न हुआ हो।दरअसल मामला दुर्ग निवासी सगनूराम की संपत्ति से जुड़ा था, जहां पहली पत्नी की बेटी सूरज बाई और दूसरी कथित पत्नी ग्वालिन बाई की बेटियों के बीच मालिकाना हक को लेकर विवाद हुआ। सुनवाई में सामने आया कि ग्वालिन बाई के चूड़ी विवाह के समय उनका पहला पति जीवित था। किसी कानूनी या प्रथागत तलाक का प्रमाण नहीं था. गवाह की जिरह में यह तथ्य स्वीकार होने के बाद हाईकोर्ट ने माना कि दूसरी शादी का कोई अस्तित्व नहीं है।

सरकार बदल सकती है आधार कार्ड की डिजाइन

# आधार में फोटो के साथ दिखेगा क्यूआर कोड!

**नई दिल्ली।** आधार कार्ड के मिसयूज होने का टेंशन खत्म हो जाएगा। ऐसी खबरें है कि आधार कार्ड डिटेल्स की चोरी रोकने के लिए सरकार आधार कार्ड का डिजाइन बदलने जा रही है। नए आधार ऐप के लॉन्च के बाद, यूनिक आइडेंटिफिकेशन अथॉरिटी ऑफ इंडिया (यूआईडीएआई) आधार कार्ड का गलत इस्तेमाल रोकने के लिए इसमें बड़े बदलाव करने की तैयारी कर रहा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अपडेटेड आधार कार्ड पर सिर्फ कार्ड होल्डर की फोटो और एक क्यूआर कोड दिखेगा। इस कदम का मकसद आधार कार्ड की फोटोकॉपी का गलत इस्तेमाल रोकना है, जिसमें सेंसिटिव पर्सनल जानकारी होती है।




## क्यूआर कोड-बेस्ड वेरिफिकेशन

प्रस्तावित बदलावों के तहत, आधार कार्ड पर क्यूआर कोड स्कैन करने से बैंकिंग, सिम जारी करने और सरकारी योजनाओं जैसी सर्विसेस के लिए वेरिफिकेशन हो सकेगा। इस सिस्टम से प्राइवेसी बढ़ने और गलत इस्तेमाल का खतरा कम होने की संभावना है।

**बदलाव का प्रस्ताव क्यों**

आधार कार्ड भारतीय निवासियों के लिए एक बेहद जरूरी डॉक्यूमेंट बन गया है। बैंक अकाउंट खोलने हो, सिम कार्ड खरीदने हो, जमीन खरीदना हो, लोन लेना हो या फिर किसी सरकारी स्कीम का फायदा उठाना हो, लगभग हर काम के लिए इसकी जरूरत होती है। अभी, कार्ड होल्डर ऐसी सर्विस के लिए अपने आधार कार्ड की फोटोकॉपी जमा करते हैं।

बिहार में मधुबनी जिले के मंगरौनी में आम और महुआ का एक जुड़वा पेड़ है। यहां प्रेमी जोड़े या शादीशुदा के रिश्तों, जिसमें अनबन होती है तो यहां 3 बार पेड़ के परिक्रमा करने से रिश्ते ठीक हो जाते हैं।

# रिश्ते टूटने से पहले मधुबनी में यहां लगाओ 3 चक्कर! जज-वकील भी देते हैं सलाह


**मधुबनी।** यहां की ऐसी मान्यता है कि लोग इस परंपरा को आज भी मानते चले आ रहे हैं। वहीं, यहां के पुजारी बताते हैं कि वकील, जज के पास भी तलाक और रिश्तों में खटास वाले लोग आते हैं तो वह भी यहां चक्कर लगाने की सलाह देते हैं।

मधुबनी जिला स्थित मंगरौनी गांव में एकादश रुद्र है। उसी परिसर के आगे जुड़वा पेड़ है। जहां की मान्यता भी बड़ी गजब है। इसे लोग हैरान करने वाली मान्यता भी कहते हैं। बता दें कि यह जुड़वा पेड़ 80 सालों से अधिक समय का है। आम और महुआ की जड़ और तना भी आपस में जुड़े हुए हैं।

## जुड़वा पेड़ ने हजारों जोड़ों का बचाया घर

### धार्मिक मान्यता अनोखी

जहां हर मिथिलांचल और दूरदराज के लोग आकर तीन चक्कर लगाते हैं। मान्यता है कि प्रेमी जोड़े, शादीशुदा कपल, न्यू मेरिड हो या किसी भी रिश्ते में खटास, अनबन और परिवार नहीं बस रहा हो जैसी परेशानी होती है तो यहां 3 बार परिक्रमा करते है। यहां की धार्मिक मान्यता अनोखी मानी जाती है। पुजारी के अनुसार जज-वकील भी यहां पूजा करने की सलाह देते हैं।



### जानें क्या है मान्यताएं

यहां के पंडित गिरिधर झा शास्त्री ने बताया कि यहां हजारों लोगों का घर परिवार तलाक होने से बचा है। पंडित ने बताया कि वह जब से यहां हैं, ऐसा ही देखने को मिलता है कि यहां लोग शादी के बाद 3 फेरे लगाते हैं। इसके साथ ही पूजा-पाठ विधि-विधान से करते हैं। इसके अलावा मिथिला में लड़का और लड़की दोनों अलग-अलग आम और महुआ पेड़ की पूजा करते हैं, जिससे ग्रह दोष में निवारण होता है। यहां दोनों पेड़ जुड़े हुए हैं। यहां सभी जोड़े एक साथ फेरे लेते हैं।

### यहां आने से मामले सुलझ गए

यहां की सबसे अनोखी बात तो यह है कि पति-पत्नी में तलाक या रिश्तों में अनबन को लेकर जो मामले कोर्ट में जाते हैं। वहां भी जानकारी के अनुसार मंगरौनी में जाने के लिए जज और वकील सलाह देते हैं कि दोनों एकबार यहां जाएं। ताकि रिश्तों में प्रेम होने की जो भी गुंजाइश बची है, वो सफल हो। हालांकि, ऐसे कई केस हैं जो फैमिली कोर्ट में आए और यहां आने से मामले सुलझ गए। परिवार खुशी से अपने घर गया ऐसा पंडित जी बताते है।

## रोचक खबरें


# पतली दिखने के लिए महिला ने निकलवाई पसलियां, फिर उसी को पकाकर बनाया सूप

**ओटावा।** कनाडा की एडिया डेनियल एक इंस्टाग्राम इंफ्लुएंसर हैं, जिनके 4 लाख से ज्यादा फॉलोअर्स हैं। वो अक्सर मेकअप और पर्सनल लाइफ से जुड़े वीडियोज पोस्ट करती हैं। हाल ही में उनका एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वो लोगों को एक सूप बनाना सिखा रही हैं। ये सूप उन्होंने अपनी ही पसलियों से बनाया है। खूबसूरत दिखने की चाहत इंसान से क्या-क्या नहीं करवाती। लोग लाखों-करोड़ों के ब्यूटी ट्रीटमेंट्स करवाते हैं, जिससे सबसे अलग और सुंदर नजर आएं। पर कुछ लोग तो उनसे भी आगे निकलकर शरीर को ही अपने मन मुताबिक बदलवाने लगते हैं। ऐसा ही एक महिला ने भी किया। उसने पतली दिखने के लिए पहले तो अपनी पसलियां निकलवाईं। पर सिर्फ खूबसूरत नहीं दिखना चाहती थी, सोशल मीडिया पर वायरल भी होना चाहती थी। इस वजह से उसने एक और अजीबोगरीब हरकत की। उसने अपनी पसलियों का ही सूप बनाया और उसका वीडियो सोशल मीडिया पर डाल दिया। वीडियो के अंत में वो सूप पीती भी दिख रही हैं और साथ में उसका स्वाद भी बताया, जो चिकन जैसा था। कनाडा की एडिया डेनियल एक इंस्टाग्राम इंफ्लुएंसर हैं जिनके 4 लाख से ज्यादा फॉलोअर्स हैं। वो अक्सर मेकअप और पर्सनल लाइफ से जुड़े वीडियोज पोस्ट करती हैं। हाल ही में उनका एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वो लोगों को एक सूप बनाना सिखा रही हैं। उनका ये वीडियो पिछले साल नवंबर का है, मगर अभी भी जब कोई उसे देख रहा है तो चौंक जा रहा है। इस वीडियो में वो कोई मामूली सूप नहीं, बल्कि अपनी ही पसलियों को पकाकर सूप बना रही हैं।



# फरवरी ही क्यों है सबसे छोटा महीना, 2000 साल पुरानी है इसके पीछे की कहानी

**रोम।** आज हम जिस ग्रेगोरियन कैलेंडर का इस्तेमाल करते हैं, वह सीधा सादा नहीं है। इसकी जड़ें प्राचीन रोम से जुड़ी हैं। शुरुआत में रोमन कैलेंडर चांद के हिसाब से चलता था। साल में सिर्फ 10 महीने होते थे, मार्च से दिसंबर तक। सर्दियों के महीनों को गिना ही नहीं जाता था। बाद में रोमन राजा नुमा पोम्पिलियस ने जनवरी और फरवरी को जोड़ा ताकि साल पूरा हो सके, लेकिन 12 महीनों में दिन बांटते वक्त गड़बड़ हो गई। रोमन लोग सम संख्या को अशुभ मानते थे। ऐसे में फरवरी को छोटा कर दिया गया। फरवरी को मृतकों से जुड़े रीति- रिवाजों का महीना भी माना जाता था, इसलिए इसे 28 दिन पर रोक दिया गया।





**जूलियस सीजर का सुधार :** फिर आए जूलियस सीजर। उन्होंने चंद्र कैलेंडर की जगह सौर आधारित जूलियन कैलेंडर लागू किया। इसके बावजूद फरवरी 28 दिन की ही रही। हर चार साल में एक दिन जोड़कर लीप ईयर बनाया गया। 1582 में पोप ग्रेगरी XIII ने सुधार कर ग्रेगोरियन कैलेंडर लागू किया, जो आज दुनिया में चलता है। फरवरी में 28 दिन सवाल सिर्फ जिज्ञासा नहीं, बल्कि यह दिखाता है कि कैलेंडर इंसानी फैसलों और इतिहास का नतीजा है।

## खोज

वैज्ञानिकों ने दी महाप्रलय की चेतावनी?

# ग्रीनलैंड में इमरजेंसी! बर्फ पिघलते ही तट पर पहुंचीं शिकारी व्हेल

**नुउक।** ग्रीनलैंड में समुद्र की बर्फ तेजी से टूट रही है। उसी के साथ ऑर्का व्हेल की संख्या तट के पास अचानक बढ़ गई है। वैज्ञानिक इसे जलवायु बदलाव से जोड़ रहे हैं। सरकार ने समुद्री आपातकाल घोषित कर दिया है। वहीं, मछुआरों को ज्यादा मछलियां मिल रही हैं। जबकि पर्यावरण कार्यकर्ता मछली पकड़ने पर रोक की मांग कर रहे हैं। एक ही समुद्र में तीन अलग तस्वीरें नजर आ रही हैं। वैज्ञानिक खतरे की घंटी बजा रहे हैं। मछुआरे इसे सुनहरा मौका मान रहे हैं। एक्टिविस्ट इसे आने वाले संकट की चेतावनी बता रहे हैं। हालात इतने बदल गए हैं कि सरकार को इमरजेंसी लगानी पड़ी है। ग्रीनलैंड की राजधानी नुउक के पास सुबह तीन बजे लोगों ने समुद्र की सतह पर ऑर्का व्हेल के पंख देखे। पहले जहां मोटी जमी बर्फ हुआ करती थी, अब वहां टूटी बर्फ के टुकड़े और खुला पानी दिख रहा है।



### एक्टिविस्ट की मांग

दूसरी तरफ कुछ स्थानीय लोग और पर्यावरण कार्यकर्ता तख्तियां लेकर विरोध कर रहे हैं। उनका कहना है कि अगर अभी रोक नहीं लगाई गई तो मछली भंडार गिर सकता है। वे खास इलाकों में पूरी तरह मछली पकड़ने पर रोक चाहते हैं। उनका तर्क है कि जब व्हेल और मछलियां सीमित जगहों पर जमा हो रही हैं। तब ज्यादा शिकार करना खतरे को बढ़ा सकता है। वैज्ञानिक भी चेतावनी दे रहे हैं कि अगर स्टॉक गिर गया तो वह जल्दी वापस नहीं आने वाला है।

### सरकार की ये है मुश्किल

नुउक में अधिकारी अब अलग-अलग जोन बना रहे हैं। जहां ऑर्का की गतिविधि ज्यादा है, वहां सख्त नियम या अस्थायी रोक लगाने की बात हो रही है। मछुआरों, वैज्ञानिकों और एक्टिविस्टों के साथ मिलकर निगरानी की जा रही है। हालांकि, असली सवाल यही है कि रोजी-रोटी और भविष्य के बीच संतुलन कैसे बनाया जाए। एक तरफ परिवारों की कमाई है तो दूसरी तरफ समुद्र का भविष्य। ग्रीनलैंड आज उसी मोड़ पर खड़ा है, जहां हर फैसला आने वाले कई सालों पर असर डाल सकता है।

### मछलियां बड़ी संख्या में पानी के किनारे

पश्चिमी ग्रीनलैंड के फियोर्ड इलाकों में मछुआरे बता रहे हैं कि उनके जाल पहले से ज्यादा भारी होकर लौट रहे हैं। कॉड और हैलिबट जैसी मछलियां बड़ी संख्या में किनारे की तरफ आ रही हैं। एक युवा कप्तान ने इसे अपनी जिंदगी का सबसे अच्छा सीजन बताया, लेकिन साथ ही यह भी कहा कि वह ज्यादा सोचने की कोशिश नहीं करता कि ऐसा क्यों हो रहा है। सरकार ने इस 'असाधारण समुद्री बदलाव' को देखते हुए आपातकाल घोषित किया है। इससे निगरानी बढ़ाई गई है। फंड जारी किए गए हैं। कई मछुआरे इसे मौका मानकर ज्यादा से ज्यादा समुद्र में जा रहे हैं, क्योंकि उन्हें डर है कि आगे नियम सख्त हो सकते हैं।

# बेटे की याद में पिता ने जमीन में गाड़ दी 6 करोड़ की लग्जरी बीएमडब्ल्यू कार



**नई दिल्ली।** बेटे की मौत का सदमा क्या होता है, यह वही समझ सकता है, जिसने अपना जिगर का टुकड़ा खोया हो। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में दिख रहा है कि, कैसे एक पिता ने अपने बेटे के इंतकाल के बाद 6 करोड़ रुपए की नई बीएमडब्ल्यू कार को उसकी कब्र के पास दफना दिया। यह मामला अब चर्चा का विषय बन गया है।

### बेटे के लिए खरीदी थी लग्जरी कार

रिपोर्ट्स के मुताबिक, पिता ने बेटे के जन्मदिन पर बीएमडब्ल्यू कार बतौर सरप्राइज गिफ्ट दी थी। बेटे ने कभी महंगी कार की ख्वाहिश नहीं की थी, लेकिन पिता ने मोहब्बत में 6 करोड़ बीएमडब्ल्यू खरीद ली। कार घर आई ही थी कि कुछ दिनों बाद बेटे की दुखद मौत हो गई। हर सुबह जब पिता उस बीएमडब्ल्यू कार को देखते, तो उनका दिल गम से भर जाता। बेटे की यादें उन्हें चैन नहीं लेने देती थीं।

### कब्र के पास दफनाई

आखिरकार पिता ने फैसला किया कि जब बेटा ही नहीं रहा, तो कार का क्या मतलब। जेसीबी से गड्ढा खुदवाया गया और नई बीएमडब्ल्यू को बेटे की कब्र के पास उतार दिया गया, फिर कार के ऊपर कंक्रीट डाला गया ताकि कोई उसे बाहर न निकाल सके. पिता ने कार की चाबी भी उसी गड्ढे में फेंक दी।

# क्या इंसान कभी स्वर्ग तक पहुंच सकता है, छेड़ी नई बहस

**वॉशिंगटन।** स्वर्ग आखिर कहां है? यह सवाल सदियों से लोगों के मन में उठता रहा है। अब एक पूर्व हार्वर्ड प्रोफेसर ने इस सवाल पर विज्ञान और धर्म को जोड़ते हुए एक नया दृष्टिकोण पेश किया है। डॉ. माइकल गिलेन, जो भौतिकी, गणित और खगोल विज्ञान में डॉक्टरेट कर चुके हैं, उन्होंने हाल ही में फॉक्स न्यूज में लिखे अपने लेख में स्वर्ग की संभावित जगह को लेकर अपनी थ्योरी बताई। उन्होंने आधुनिक कॉस्मोलॉजी (ब्रह्मांड विज्ञान), भौतिकी और धार्मिक मान्यताओं को मिलाकर यह विचार सामने रखा है।



### ब्रह्मांड के विस्तार से जुड़ा है यह सिद्धांत

डॉ. गिलेन ने अपनी व्याख्या में वैज्ञानिक एडविन हबल की खोज का हवाला दिया है। हबल ने 1929 में बताया था कि ब्रह्मांड लगातार फैल रहा है और दूर की आकाशगंगाएं हमसे तेजी से दूर जा रही हैं। गिलेन के अनुसार, जितनी दूर कोई आकाशगंगा होती है, उतनी ही तेज गति से वह दूर जाती दिखाई देती है। उन्होंने कहा, कि ब्रह्मांड में एक ऐसी सीमा है, जिसे कॉस्मिक होराइजन कहा जाता है। यह दूरी इतनी ज्यादा है कि कोई भी भौतिक वस्तु या इंसान वहां तक नहीं पहुंच सकता। आइंस्टीन के सापेक्षता सिद्धांत के अनुसार, केवल प्रकाश ही प्रकाश की गति तक पहुंच सकता है। इसलिए, इंसानों के लिए इस सीमा को पार करना असंभव माना जाता है।

### क्या कॉस्मिक होराइजन के पार है स्वर्ग?

डॉ. गिलेन का मानना है कि धार्मिक ग्रंथों में स्वर्ग को ऊपर और मानव पहुंच से दूर बताया गया है। उन्होंने बाइबिल के वर्णन का उदाहरण देते हुए कहा, कि स्वर्ग को अलग-अलग स्तरों में बताया गया है, पृथ्वी का आकाश, अंतरिक्ष और उससे भी ऊपर परम स्थान। उनके अनुसार, कॉस्मिक होराइजन ब्रह्मांड की वह अंतिम सीमा है जिसके पार की दुनिया हम कभी देख या माप नहीं सकते। गिलेन का मानना है कि स्वर्ग इसी सीमा के पार हो सकता है, एक ऐसी जगह जो समय और भौतिक नियमों से परे हो। उन्होंने यह भी कहा कि यह विचार कोई वैज्ञानिक प्रमाण नहीं है, बल्कि विज्ञान और आस्था के बीच एक वैचारिक पुल की तरह है।

# कराची के इस मजार में रहता है मगरमच्छों का खानदान, खाता है मिठाइयां

**कराची।** सोशल मीडिया पर इन दिनों पाकिस्तान के कराची में स्थित मंगोपिर मजार की तस्वीरें और वीडियो खूब वायरल हो रहे हैं। इस मजार में एक झील है, जिसमें 200 से ज्यादा मगरमच्छ रहते हैं। ये मगरमच्छ इतने शांत हैं कि श्रद्धालु इन्हें हाथ से खाना खिलाते हैं। ये मगरमच्छ मिठाइयां, मीट, अंडे और चावल खाते हैं। कई मगरमच्छ 100 साल से ज्यादा पुराने बताए जाते हैं। लोग इन्हें 'बाबा फरीद के जुओं'से जोड़कर देखते हैं।



### संत से जुड़ी है कहानी

मंगोपिर मजार 13वीं सदी के सूफी संत पीर मंगो (जिन्हें साकी सुल्तान भी कहा जाता है) की दरगाह है। ये कराची के गडाप टाउन में स्थित है, जो शहर के सबसे पुराने इलाकों में से एक है। पीर मंगो बाबा फरीद गंज शकर (1173-1266) के शिष्य थे। बाबा फरीद चिश्ती सिलसिले के महान संत थे। कहानी के मुताबिक, पीर मंगो पहले हिंदू डाकू मंगो वासा थे, जो कारवां लूटते थे। एक बार उन्होंने बाबा फरीद को लूटने की कोशिश की, लेकिन बाबा की दिव्यता से प्रभावित होकर उन्होंने इस्लाम कबूल कर लिया और सूफी बन गए।

# चट्टानों को चीरकर किसने बनाई ये सुरंगें

**विंडहॉक।** नामीबिया, ओमान और सऊदी अरब के सूखे इलाकों में खोज कर रहे वैज्ञानिकों को पुरानी चट्टानों के अंदर बहुत ही बारीक सुरंगें मिली हैं। ये सुरंगें किसी के जीवाश्म जैसी लगती हैं। इसके अलावा ये बिल्कुल सीधी हैं और एक-दूसरे के बराबर दूरी पर बनी हैं। बाहर से देखने पर ये चट्टानें साधारण लगती हैं, लेकिन जब इन्हें काटकर पॉलिश किया जाता है तब ये बारीक सुरंगें साफ नजर आती हैं। ये सुरंगें एक मिमी से भी ज्यादा पतली हैं, लेकिन कई सेंटीमीटर गहरी हो सकती हैं।



### वैज्ञानिकों ने खोजे कई तरह के निशान

जर्मनी की यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर सीस पासचियर और उनकी टीम ने रेगिस्तान के उन पत्थरों और संगमरमर की जांच की जो लाखों साल पुराने हैं। उन्होंने उन जगहों को चुना जहां सूखा मौसम होने की वजह से चट्टानों की दरारें और सुरंगें साफ दिखाई दे रही थीं। वैज्ञानिकों ने खास मशीनों से इन सुरंगों की जांच की तो कई चीजें सामने आईं।

### मशीनों की जांच में क्या पता चला?

वैज्ञानिकों ने जब मशीनों से इसकी जांच की तो कई सारी चौंकाने वाली चीजें सामने आईं। इन सुरंगों के अंदर जो पदार्थ भरा हुआ था वह बाहर की चट्टान से बिल्कुल अलग था। इन सुरंगों के अंदर कार्बन, फास्फोरस और सल्फर जैसी चीजें मिलीं। ऐसी चीजें तभी मिलती हैं जब वहां कोई जिंदा जीव रहा हो या उसके शरीर का कोई हिस्सा वहां मौजूद रहा हो।

सुरंगों के आसपास की चट्टान का रंग बदला हुआ था। इसके अंदर खनिजों की परतें जमी हुई थीं जो बिल्कुल वैसी ही दिखती हैं जैसे किसी जीव के रहने के बाद बचा हुआ कचरा। जांच में पता चला कि उन सुरंगों के अंदर कार्बन और ऑक्सीजन का बैलेंस बिगड़ा हुआ है। इसका मतलब है कि अंदर कोई जिंदा जीव मौजूद था।

## नक्सलियों के भय से पहले जंगल की ओर नहीं जाते थे ग्रामीण

# तोयनार के जंगल में मिली ब्लू गुफा जैव विविधता का नायाब नमूना

राजेश दास/सुरेश सिंह ▶▶| जगदलपुर


अलग खबर


बस्तर जिले के दरभा ब्लॉक के अंतिम छोर तोयनार के जंगल में ग्रामीणों ने अद्भुत गुफा की खोज की है। नीले पत्थरों की यह गुफा प्राकृतिक सुंदरता व जैव विविधता का नायाब नमूना है। दो दिन पूर्व मिले गुफा के नीले पत्थर रोशनी में अलग ही छंटा बिखर रहे हैं, जिसे देखने ग्रामीणों की भीड़ जुटने लगी है। दो दशक पूर्व मवेशियों को चराने जाने वाले कुछ ग्रामीणों ने इस गुफा को देखा था, लेकिन नक्सलियों के भय से लोग इस ओर जाने से कतराते थे। अब जब नक्सलवाद समाप्ति पर है तो ग्रामीणों ने बैठक-कर गुफा की सफाई व खुदाई का काम शुरू किया है। पिछले दो दिन में सौ मीटर अंदर तक गुफा की सफाई की जा चुकी है।



### 25 फरवरी से पर्यटक कर सकेंगे दीदार

ग्राम प्रमुखों ने कहा कि 25 फरवरी को मेले का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए प्रचार प्रसार शुरू कर दिया गया है। स्थानीय लोग व पर्यटक गुफा की खूबसूरती का दीदार कर सकेंगे, इसके लिए तैयारी शुरू कर दी गई है। तोयनार से लगभग 2 किमी दूर जंगल में मिले गुफा तक जाने के लिए पगडंडी मार्ग भी तैयार किया जा रहा है, ताकि आने वालों को दिक्कत ना हो।





## डमरू वाले बाबा की निकली बारात, भूत-प्रेत हाथी-घोड़े सब बने बाराती

# महाशिवरात्रि पर्व: मंदिरों में उमड़ी भक्तों की भीड़, हर-हर महादेव की गूंज






जबलपुर।

**शिवजी की आराधना, भक्ति के महापर्व महाशिवरात्रि पर रविवार को समूची संस्कारधानी धर्ममय नजर आई। शिवालयों, मंदिरों से लेकर घर-घर हर-हर महादेव, बम-बम भोले, ऊँ नमः शिवाय के सम्मलित स्वर सुनाई देते रहे। शिवरात्रि पर्व पर ब्रम्ह मुहूर्त से ही मंदिरों में शिवजी का अभिषेक, पूजन अर्चन के लिए भक्तों की जो भीड़ जुटना शुरू हुई, वह देर रात तक जारी रही।**

गुप्तेश्वर महादेव मंदिर, कचनारसिटी स्थित बड़े महादेव, जीसीएफ इस्टेट स्थित पाटबाबा मंदिर, शिव-पार्वती मंदिर भानतलैया, गौरीघाट स्थित साकेत धाम, जिलहरीघाट शिव मंदिर, बड़ा फुहारा शिव मंदिर, गंजीपुरा शिवमंदिर के अलावा शहर के अन्य मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की लंबी कतारें देखी गई। जहां शिवभक्तों ने भक्तिभाव के साथ भोले-भंडारी का विल्वपत्र, धतूरा तथा अन्य पूजन सामग्री के साथ अभिषेक, पूजन किया।

### जगमग रोशनी से नहाए मंदिर

शिवरात्रि पर्व पर शहरभर में भक्ति भाव का नजारा दिखाई दे रहा था। नगर के शिव मंदिरों में आकर्षक विद्युत साज-सज्जा की गई जहां दिन भर शिवजी के भक्ति गीत गूंजते रहे। मंदिरों में भगवान भोलेशंकर का विशेष श्रृंगार किया गया। रूद्राभिषेक, दुग्धाभिषेक, जलाभिषेक, सहस्त्रार्चन के अलावा विविध धार्मिक अनुष्ठान प्रातः से लेकर रात के चारों पहर तक चलते रहे। इसी के साथ लोगों ने व्रत रखकर अपने घरों में विधि विधान के साथ शिवजी की पूजा अर्चन की।

### निकली भोलेनाथ की बारात

भरतीपुर स्थित शिव पार्वती मंदिर में सोनकर खटीक समाज द्वारा भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह समारोह पूर्वक संपन्न कराया गया। वर पक्ष कन्या पक्ष के यहां पूरी हिन्दू रीति रिवाज के साथ बारात लेकर पहुंचा। बारात में बैंड दलए धमाल पार्टियां, विविध झांकियां, नर्तन दल, भगवान शिव के विभिन्न वेशधारी नागरिकगण एवं बड़ी तादात में श्रद्धालुजन शामिल थे। बारात शहर के प्रमुख स्थलों से होते हुए शिव पार्वती मंदिर भरतीपुर पहुंची जहां पर हिन्दु रीति रिवाज के साथ द्वारचार, पारिणग्रहण संस्कार, कन्यादान आदि की रस्में पूर्ण की गई।

### कचनार शिवालय में उमड़ी भीड़

शहर के शांत क्षेत्र विजय नगर के पास कचनार सिटी में स्थित बड़े शंकर जी के मंदिर में सुबह से ही भक्तों का मेला प्रारंभ हो गया था। यहां विशाल परिसर में स्थापित भोलेनाथ के अद्भुत विशाल मूर्ति और गुफा के अंदर स्थित 12 ज्योतिर्लिंगों के दर्शन करने बड़ी संख्या में लोगों का पहुंचना प्रारंभ हो गया था। ज्यों-ज्यों दिन चढ़ता गया, त्यों-त्यों भीड़ बढ़ती चली गई। दोपहर में अहिंसा चौक से पुलिस को बेरिकेट्स लगाकर वाहनों को रोकना पड़ा। अंहिसा चौक से कचनार सिटी मंदिर तक भीड़ ही भीड़ नजर आ रही थी।

### शिव पंचायतन मंदिर हनुमानगढ़ी में रूद्राभिषेक

महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर नर्मदा तट गौरीघाट स्थित प्राचीन सिद्ध शिव पंचायतन मंदिर हनुमानगढ़ी में शिव भक्तों द्वारा सायंकाल में महारूद्रभिषेक किया गया। मंदिर समिति के संदीप जैन ने बताया कि विगत 22 वर्षों से यहां भक्तों द्वारा भगवान भोलेनाथ का अभिषेक किया जा रहा है। इस पुण्य आयोजन में इस साल यज्ञाचार्य पं. राधेश्याम शर्मा शास्त्री के साथ 11 ब्राम्हणों द्वारा रूद्राभिषेक किया गया।

इस अवसर पर भाजपा नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, पूर्व विधायक अंचल सोनकर, विधायक अशोक रोहाणी, विनायक लखन घनघोरिया, पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेश सोनकर आदि शामिल रहे। इसके अलावा शहर के अन्य स्थानों से भी शिवजी की बारात धूमधाम से निकाली गई। बारात में हाथी, घोड़े, भूत-प्रेत सब शामिल थे। शिवपार्वती मंदिर प्रेम नगर पोस्ट आफिस से भी एक बारात निकाली गई. इसमें बल्लू रजक सुनील विश्वकर्मा, शेख रमजान बन्टी कहार आदि शामिल थे. बारात में भूत-प्रेत नृत्य करते चलते रहे थे तो हाथी घोड़े भी मदमस्त होकर झूम रहे थे। ''डमरू वाले बाबा चले व्याह रचाने'' ये गीत की धुनों पर बारात में शामिल श्रद्धालु भी झूम रहे थे।

### गुप्तेश्वर में लगी लंबी कतारें

स्वयंभू सिद्धपीठ गुप्तेश्वर महादेव मंदिर में भी महाशिवरात्रि पर्व की खासी धूम रही। यहां पर भगवान भोलेनाथ का अद्भुत श्रंगार किया गया। महादेव के दर्शन करने भक्तों की लंबी-लंबी कतारें लगी रहीं। सुबह 10 बजे से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया और शाम को पंच महाआरती की गई। कन्याओं का पूजन किया गया। इस अवसर पर एडवोकेट राजेश तिवारी, ऋषभ मिश्रा, उत्कर्ष रावत, रश्मि गुप्ता, मोहित झारिया आदि उपस्थित रहे। मार्ग के दोनों ओर पूजन सामग्री, खेल-खिलौने आदि की दुकानें सजी रहीं। शिवरात्रि के मेले का विहंगम दृश्य यहां देर रात तक बना रहा। इसके अलावा पाठबाबा मंदिर में भी काफी चहल पहल रही।

### शिव मंदिर नार्बल स्कूल रोड

बड़े शंकर जी के मंदिर अन्नपूर्णा मार्केट गंजीपुरा और नार्बल स्कूल में भगवान शिव का पूजन अर्चन हुआ एवं अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। प्रातः काल 4 बजे महाअभिषेक हुआ और शाम 6 बजे हवन पूजन के बाद महाआरती की गई। इसके बाद देर रात तक भजनों का कार्यक्रम चलता रहा। वीरेन्द्र तिवारी और सुधीर साहू के द्वारा प्रसाद का वितरण किया गया।

### बड़े महावीर में सजी अमरनाथ की झांकी

बड़े फुहारे स्थित श्री महावीर मंदिर परिसर में स्थित शिवालय में भक्तों ने बाबा अमरनाथ की झांकी सजाई थी। हवन पूजन अभिषेक के आयोजन किये गये। मंदिर को आकर्षक विद्युत साज-सज्जा से अलंकृत किया गया था। यहां की गई रंग बिरंगी विद्युत छटाओं की सजावट के बीच भजन कीर्तन के कार्यक्रम देखने व सुनने श्रद्धालु मंत्रमुग्ध होकर खड़े रहे।



## महाशिवरात्रि पर्व पर कुशवाहा समाज के युवक, युवतियों का निःशुल्क विवाह संपन्न

**जबलपुर।** संस्था को अपार हर्ष है कि संस्था की परम्परा अनुसार महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर कुशवाहा धाम श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर ग्वारीघाट में प्रातः महादेव का अभिषेक एवं श्री पंचमुखी हनुमान जी की आरती उपरान्त प्रसाद वितरण किया गया तथा समाज के युवक, युवतियों के विवाह आवेदन के परीक्षण उपरान्त दो जोड़े पात्र पाये गये, जिनकी अनुसंशा संबंधित क्षेत्रीय कमेटियों द्वारा निःशुल्क विवाह कराये जाने की अनुसंशा की गई, तदोपरान्त आज सामाजिक सम्मेलन कार्यक्रम में बच्चों का विवाह एवं प्रीतिभोज का आयोजन संस्था के अध्यक्ष हरगोपाल कुशवाहा, महामंत्री दीपक कुशवाहा, कोषाध्यक्ष बृजेश कुशवाहा, सचिव अशोक वर्मा, गोपाल कुशवाहा एवं जिला अध्यक्ष के.पी. कुशवाहा, सचिव अनंत कुमार कुसवाह एवं कमेटी के सभी सदस्यों ने प्रदेश अध्यक्ष बैजनाथ पटेल, उपाध्यक्ष गंगाराम पटेल, राजेन्द्र पटेल, मन्नुलाल पटेल, योगेन्द्र वर्मा, माया देवी कुशवाहा, सुशीला कनौजिया, शारदा कुशवाहा (पार्षद), रंजना मौर्य, अर्पणा कुशवाहा, सावित्री कुशवाहा, पूनम कुशवाहा, तुलसीराम कुशवाहा के मार्गदर्शन एवं सहयोग से सम्पन्न कराया गया।

# कर्मचारियों की समस्याओं का निराकरण करने ज्ञापन सौंपा



**जबलपुर।** मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन ने कर्मचारियों की विभिन्न लंबित मांगों के निराकरण को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष राबर्ट मार्टिन के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने जबलपुर संभाग के कमिश्नर कार्यालय में डिप्टी कमिश्नर रेवेन्यू को ज्ञापन सौंपते हुए समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की। ज्ञापन में प्रमुख रूप से प्रदेश के कर्मचारियों को केंद्र सरकार के कर्मचारियों की भांति कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने, 58 प्रतिशत महंगाई भत्ता देने, पुरानी पेंशन योजना लागू करने तथा लिपिकीय व स्टेनोग्राफर कर्मचारियों की वेतन विसंगतियां दूर करने की मांग शामिल है। साथ ही 1900 ग्रेड पे के स्थान पर 2400 ग्रेड पे के आधार पर प्रारंभिक वेतन देने की मांग की गई है। संगठन ने बी.पी.एड., सी.पी.एड. एवं एम.पी.एड. डिग्रीधारी सहायक, माध्यमिक व प्राथमिक शिक्षकों को हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों में व्यायाम निर्देशक/पीटीआई नियुक्त करने, शिक्षकों को नियुक्ति तिथि से वरिष्ठता का लाभ देने तथा क्रमोन्नत योजना के स्थान पर समयमान वेतनमान लागू करने की मांग भी उठाई। इसके अतिरिक्त नवनियुक्त तृतीय श्रेणी कर्मचारियों को पूर्ण वेतन देने, स्टायफंड व्यवस्था समाप्त करने और पूर्व में पदस्थ कर्मचारियों को एरियर भुगतान करने की मांग की गई। संगठन पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि मांगों का शीघ्र निराकरण नहीं होने पर आगे की रणनीति बनाई जाएगी।



## श्री सिद्ध दुर्गा शक्ति पीठ मंदिर में सामूहिक रुद्राभिषेक किया गया

जबलपुर। श्री सिद्ध दुर्गा शक्ति पीठ मंदिर आयुषी धरा कॉलोनी सागड़ा जबलपुर में आज महाशिवरात्रि पर्व पर पंडित आचार्य राधे ने भगवान शिव का सामूहिक रूप से रुद्राभिषेक वैदिक मंत्रों के साथ विधि विधान से कराया। पूजा अर्चना में दूध, दही, शहद, भस्म, घी, नर्मदा जल, गन्ने का रस से रुद्राभिषेक कराया गया एवं बताया गया कि सृष्टि की रचना करने वाले भगवान ब्रह्मा एवं विष्णु, भगवान श्री राम ने भी भगवान शिव का रुद्राभिषेक किया है। शिव भक्ति से प्राणियों का उद्धार होता है, भोलेनाथ एक लौटा जल चढ़ाने पर प्रसन्न हो जाते हैं, संसार में जब-जब घोर संकट आता है तब शिव ही अविनाशी सर्व गुणाधर सर्वज्ञ हैं जो मंगलमय शिव रूद्र अभिषेक की देन है, साथ ही ॐ नमः शिवाय, हर-हर महादेव शंभू काशी विश्वनाथ गंगे के सात नारों से शंखनाद भोग, हवन, महाआरती की गई। पूजन अभिषेक के उपरांत प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष जीपी दुबे, सचिव अवधेश कुमार खरे, भूपेन्द्र मिश्रा, वीपी वैश्य, राजा मिश्रा, देवेन्द्र राय, विवेक राव, आशीष जायसवाल, अजय शर्मा, जय कुमार, अभिषेक शाही, दिलीप मिश्रा, मनीष पटेल, अखिलेश साहू, पुष्पेंद्र सिंह, शालनी मिश्रा, उषा खरे, प्रभा दुबे, सविता पाठक, कुसुम खरे, राजेश्वरी वैश्य, कीर्ति आधिकारी, हेमा, रेखा, सर्वे, शिखा राव, मोना राय, आरती जायसवाल, ब्रजेश खरे, रक्षा शाही, संध्या पटेल, सोनू साहू, आयुषी धरा के सभी भक्तगण उपस्थित रहे।

## स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना के तहत जैविक कृषि आधारित स्वरोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण संपन्न



**जबलपुर।** शासकीय महाकौशल कॉलेज (प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस) में स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना के अंतर्गत विद्यार्थियों हेतु आयोजित "जैविक कृषि आधारित स्वरोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण" का समापन किया गया।संभागीय नोडल अधिकारी प्रो. अरुण शुक्ल ने कहा कि वर्तमान समय में जैविक उत्पादों की मांग देश-विदेश में तेजी से बढ़ रही है, जिससे युवाओं के लिए रोजगार, उद्यमिता और स्टार्टअप के नए अवसर सृजित हुए हैं। उन्होंने कहा कि जैविक खेती केवल खेती नहीं, बल्कि कॅरियर, व्यवसाय और आत्मनिर्भरता का सशक्त माध्यम है।
"जैविक खेती अपनाएँ, रोजगार बढ़ाएँ" का संदेश देते हुए उन्होंने युवाओं को इस क्षेत्र में आगे आने के लिए प्रेरित किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अलकेश चतुर्वेदी ने कहा कि जैविक खेती युवाओं को आत्मनिर्भरता एवं स्वरोजगार की दिशा में प्रेरित करती है। प्रशिक्षण प्रशिक्षक डॉ. प्रज्ञा रामगिरी एवं डॉ. संज्ञा सिंह ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों को बीज उपचार, पोषक तत्व प्रबंधन, कीट नियंत्रण, जैविक खाद एवं तरल उर्वरक निर्माण का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में विद्यार्थियों ने जीवामृत, नीमास्त्र, धनजीवामृत, बीजामृत तथा ट्राइकोडर्मा उर्वरक तैयार करना सीखा। समापन अवसर पर लगभग 35 विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

## महाशिवरात्रि पर्व पर रुद्राभिषेक और लघुरुद्र स्वाहाकार यज्ञ संपन्न



**जबलपुर।** आदि शंकराचार्य चौक स्थित समन्वय सेवा केंद्र परिसर में विराजमान श्री अमृतेश्वर महादेव का महामंडलेश्वर स्वामी अखिलेश्वरानंद गिरि महाराज के सानिध्य में समन्वय भक्तों द्वारा पूजन और रुद्राभिषेक किया गया। साथ ही परिसर स्थित यज्ञशाला में एक कुण्डीय लघुरुद्र स्वाहाकार यज्ञ आयोजित हुआ जिसमें अनेक गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए। इस अवसर पर महामंडलेश्वर स्वामी अखिलेश्वरानंद गिरि ने महाशिवरात्रि पर्व के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिवकृपा अपरंपार है, जो जीवन से हर तरह के दुखों और अहंकार को मिटाकर शांति और सुख प्रदान करती है। महादेव के चरणों में ही सच्चा सुकून है; 'ॐ नमः शिवाय' मन्त्र का जाप जीवन की हर मुश्किल को आसान कर देता है। भोलेनाथ की कृपा से भक्तों की हर अधूरी इच्छा पूरी होती है और वे प्रेम व सुरक्षा का अनुभव करते हैं। कार्यक्रम में डॉक्टर कैलाश गुप्ता, ज्ञान सनोरिया, उमाकांत मालवीय, डॉक्टर भारत पवार, देवेंद्र विश्वकर्मा, संदीप पांडे, डॉ. राजेंद्र नेमा, एडवोकेट अशोक तिवारी आदि भक्तजनों की उपस्थिति रही।




## नागरिकों के सहयोग से अपार सफलता की ओर बढ़ता "दीनबंधु अभियान"

**जबलपुर।** भिक्षु मुक्त शहर बनाने तथा निराश्रित एवं अक्षम लोगों के पुनर्वास हेतु चलाए जा रहे "दीनबंधु अभियान" की श्रृंखला में विजन जबलपुर के सभी सदस्यों के द्वारा नगर निगम जबलपुर, जिला प्रशासन एवं पुलिस के सहयोग से चलाए जा रहे "दीनबंधु अभियान" के तहत आज माल गोदाम चौक पर जागरूकता अभियान चलाया गया। लोगों को जागरूक किया गया कि दिव्यांग, छोटे बच्चे, वृद्धजन जो भीख मांगते हैं, उन्हें भिक्षा के रूप में नकद पैसे न दें। उन्हें कपड़े दें, भोजन करवाएं तथा उनके पुनर्वास के लिए प्रयास करें। सभी नागरिकों का सकारात्मक सहयोग इस अभियान को संबल प्रदान कर रहा है, इसके लिए नागरिकों का आभार। विजन जबलपुर के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह एवं सचिव सीएस राजपूत के साथ संस्था के पूरन बहादुर, आरडी यादव, चितरंजन बांग, पीएन बातरे, आरएस ठाकुर, सुदामा प्रसाद, राजेश मलिक, मलकीत सिंह, अशोक राजपूत, गंगाराम, अरुण दुबे, बीएस राजपूत, आरके व्यास, प्रेम नारायण बातरे, बीबी मोगा, केपी साहू, विजय यादव, अनूप मजूमदार, रूप कुमार आदि उपस्थित रहे।

# यश नर्सरी हायर सेकेंडरी स्कूल के स्काउट्स-गाइड्स ने वीर जवानों को दी श्रद्धांजलि



**जबलपुर।** देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले पुलवामा के वीर सपूतों की स्मृति में यश नर्सरी हायर सेकेंडरी स्कूल के स्काउट्स-गाइड्स द्वारा एक भव्य कैंडल मार्च का आयोजन किया गया। कार्यक्रम भारत स्काउट्स एंड गाइड्स जिला संघ जबलपुर के तत्वावधान में संपन्न हुआ। विद्यालय परिसर से प्रारंभ हुए कार्यक्रम में स्काउट्स एवं गाइड्स पूर्ण गणवेश में एकत्रित हुए और शहीदों की स्मृति में मौन रखा। इसके बाद हाथों में जलती मोमबत्तियाँ लिए छात्र-छात्राएँ अनुशासित पंक्तियों में राष्ट्रभक्ति नारों के साथ सदर क्षेत्र की ओर अग्रसर हुए। "अमर शहीद अमर रहें", "भारत माता की जय" और "वंदे मातरम्" के नारों से वातावरण गूंज उठा।कैंडल मार्च का समापन वार मेमोरियल शहीद स्मारक पर हुआ, जहां शहीदों के चित्रों के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर दो मिनट का मौन रखा गया तथा पुष्पांजलि अर्पित की गई। उपस्थित जनसमूह ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर वीर जवानों के प्रति कृतज्ञता प्रकट की। इस अवसर पर सहायक राज्य संगठन आयुक्त ललित कुमार मिश्रा एवं जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। जिला मुख्य आयुक्त डॉ. विजयकांत तिवारी ने कहा कि स्काउट्स एवं गाइड्स संगठन सदैव राष्ट्रहित में अग्रणी भूमिका निभाता रहा है और आगे भी निभाता रहेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में राहुल राजपूत, अतुल श्रीवास्तव, किरण येवले, अंकिता तिवारी, रीना कोरी, रिंकू शाह एवं नयन विश्वकर्मा का विशेष सहयोग रहा। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में 35 गाइड्स एवं 42 स्काउट्स ने सहभागिता कर राष्ट्र के प्रति अपनी अटूट निष्ठा व्यक्त की। आयोजन ने यह संदेश दिया कि देश के वीर सपूतों का बलिदान सदैव स्मरणीय रहेगा और युवा पीढ़ी उनके आदर्शों पर चलने के लिए प्रतिबद्ध है।



## महर्षि विद्या मंदिर विजयनगर में पार्थिव शिवलिंग व महारुद्राभिषेक का आयोजन

**जबलपुर।** महर्षि विद्या मंदिर विजयनगर जबलपुर में 15 फरवरी को महाशिवरात्रि पर्व महोत्सव का आयोजन किया गया। महर्षि विद्या मंदिर विजयनगर के प्राचार्य श्रीकांत सोनी के मार्गदर्शन में जगत के कल्याण एवं स्थाई शांति की स्थापना के उद्देश्य से पार्थिव शिवलिंग व महारुद्राभिषेक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अभिभावक, विद्यार्थियों एवं समस्त स्टाफ ने पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं महारुद्र अभिषेक किया।

# सीबीएसई ने बनाए 'ड्रेस कोड' के कड़े नियम, छोटी सी चूक पड़ सकती है भारी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

*सीबीएसई की 10वीं की परीक्षा 17 फरवरी से 11 मार्च तक और 12वीं की परीक्षा 17 फरवरी से 10 अप्रैल 2026 तक आयोजित की जाएगी। परीक्षाओं को लेकर छात्रों के बीच तैयारी को लेकर तनाव के साथ-साथ उत्साह भी बना हुआ है। परीक्षा के दिन किसी भी प्रकार की अफरा-तफरी और मानसिक दबाव से बचने के लिए बोर्ड ने इस बार ड्रेस कोड और सुरक्षा प्रोटोकॉल को लेकर स्पष्ट गाइडलाइन जारी की है। इन नियमों का मुख्य उद्देश्य परीक्षा को पारदर्शी, निष्पक्ष और सुरक्षित बनाना है। परीक्षा केंद्र पर बिना एडमिट कार्ड प्रवेश की अनुमति नहीं होगी।*

### क्यों जरूरी है ड्रेस कोड का पालन?

अक्सर छात्र यह सवाल पूछते हैं कि परीक्षा के लिए विशेष पहनावा क्यों आवश्यक है? बोर्ड के अनुसार, सुरक्षा जांच के दौरान भारी कपड़ों, धातु की वस्तुओं या अधिक जेब वाले परिधानों के कारण समय नष्ट होता है। सादे कपड़ों में चेकिंग जल्दी होती है, जिससे छात्रों को लंबी लाइनों में खड़ा नहीं होना पड़ता और वे शांत मन से परीक्षा कक्ष में प्रवेश कर पाते हैं।

**नियमों का मुख्य उद्देश्य परीक्षा को पारदर्शी, निष्पक्ष और सुरक्षित बनाना**




### छात्रों की दोनों केटेगरी के लिए ये नियम

**नियमित छात्र** : जो छात्र स्कूल के माध्यम से परीक्षा दे रहे हैं, उनके लिए पूरी स्कूल यूनिफॉर्म अनिवार्य है। अधूरी ड्रेस होने पर प्रवेश में दिक्कत आ सकती है।

**प्राइवेट छात्र** : प्राइवेट के तौर पर परीक्षा दे रहे विद्यार्थियों को हल्के रंग की साधारण शर्ट या टी-शर्ट और प्लेन ट्राउजर (पैंट) पहनने की सलाह दी गई है।

**इनसे बचें** : ऐसे कपड़े जिनमें बड़े बटन, बहुत सारी ज़िप या धातु के हुक लगे हों, उन्हें न पहनें। जूतों के मामले में भी भारी या 'हाई-एंकल' बूट्स के बजाय साधारण सैंडल या चप्पल पहनना सबसे सुरक्षित विकल्प है।

### छात्राओं के लिए विशेष दिशा-निर्देश

***पहनावा***: *नियमित छात्राएं स्कूल यूनिफॉर्म में आएं, जबकि प्राइवेट छात्राएं हल्के और आरामदायक कपड़े पहनें। भारी कढ़ाई या डिजाइनर कपड़ों से परहेज करें।*

***आभूषणों पर पाबंदी***: *परीक्षा केंद्र के भीतर किसी भी प्रकार के गहने जैसे- झुमके, अंगूठी, नाक की पिन, पायल, चूड़ियां, ब्रेसलेट या नेकलेस पहनकर आने की अनुमति नहीं है।*

***फुटवियर और एक्सेसरीज***: *हाई हील्स के बजाय फ्लैट चप्पल या सैंडल पहनें। बालों में भी किसी भी प्रकार की धातु वाली क्लिप या भारी एक्सेसरी न लगाएं।*

### छात्र इन बातों का विशेष ध्यान रखें

***अनिवार्य दस्तावेज***: *अपने साथ एडमिट कार्ड और स्कूल आईडी कार्ड ले जाना न भूलें। इनके बिना केंद्र में प्रवेश वर्जित है।*

***प्रतिबंधित वस्तुएं***: *मोबाइल फोन, स्मार्टवॉच, ब्लूटूथ डिवाइस, ईयरफोन या कैलकुलेटर जैसे किसी भी इलेक्ट्रॉनिक गैजेट को घर पर ही छोड़ दें।*

***समय प्रबंधन***: *ट्रैफिक और सुरक्षा जांच के समय को ध्यान में रखते हुए परीक्षा केंद्र पर निर्धारित समय से कम से कम 30-45 मिनट पहले पहुँचें।*

***सहयोगात्मक व्यवहार***: *जांच के दौरान सुरक्षा कर्मियों और स्कूल स्टाफ के साथ शांति बनाए रखें और पूरा सहयोग करें।*

***प्रश्नपत्र के निर्देश***: *सीट पर बैठने के बाद प्रश्नपत्र मिलते ही सबसे पहले उस पर लिखे निर्देशों को ध्यान से पढ़ें। जल्दबाजी में की गई गलती पूरे पेपर को प्रभावित कर सकती है।*

***विशेष टिप***: *हल्का और साधारण पहनावा न केवल आपको शारीरिक रूप से आरामदायक महसूस कराएगा, बल्कि चेकिंग की प्रक्रिया को भी तेज और तनावमुक्त बना देगा।*

# दुनिया में अब तक खोजे गए सबसे दुर्लभ जीवाश्म

जीवाश्म विज्ञानी विभिन्न प्रकार के जीवाश्म खोजने के लिए कड़ी मेहनत करते हैं। ज्यादातर जीवाश्म विज्ञानी डायनासोर के जीवाश्मों की खोज करने का प्रयास करते हैं। हालांकि, जाने अनजाने उन्हें कई अनोखे और दुर्लभ जीवों के जीवाश्म भी मिल जाते हैं। इन सभी के जरिए कई रहस्यों की गुत्थी खुल जाती है और नए जीवों के बारे में अहम जानकारी मिलती है। आइए दुनिया के 4 सबसे दुर्लभ जीवाश्मों के बारे में जानते हैं।**मछली के फेफड़े का जीवाश्म :** फरवरी 2021 में वैज्ञानिकों को मछली की एक नई प्रजाति मिली थी, जो सदियों पहले विलुप्त हो गई थी। उन्हें इस मछली के फेफड़े का जीवाश्म मिला था। इसके जरिए सामने आया कि यह मछली विशाल सफेद शार्क जितनी बड़ी थी। इसे कोइलाकैंथ कहा जाता है, जिसके फेफड़े का जीवाश्म करीब 6.6 करोड़ साल पुराना है। यह अनोखा जीवाश्म मोरक्को में खोजा गया था। फेफड़े को हुए नुकसान से पता चलता है कि इसे किसी प्लेसियोसॉर मछली ने मारा होगा।



### टुली राक्षस का जीवाश्म

टुली राक्षस का जीवाश्म अब तक खोजा गया सबसे दुर्लभ जीवाश्म है। यह स्ट्रिप खदानों में माजोन क्रीक संरचना में पाया गया था, जो लगभग 30 करोड़ साल पुराना है। इसे 1955 में शौकिया जीवाश्म शिकारी फ्रांसिस टुली ने खोजा था। यह एक लंबे कीड़े का जीवाश्म था, जिसकी डंठल जैसी आंखें, छोटे दांतों वाली लंबी सूंड और पूंछ के पास पंख हुआ करते थे। सदियों तक इस जीव की पहचान कर पाना मुश्किल हो गया था।

# चेरनोबिल में मिले कुत्तों के नीले रंग ने सभी को किया हैरान

**चेरनोबिल।** चेरनोबिल परमाणु ऊर्जा संयंत्र के पास चमकीले नीले बालों वाले आवारा कुत्तों के एक वायरल वीडियो ने वैज्ञानिकों और सोशल मीडिया यूजर्स को हैरान कर दिया है। चेरनोबिल में आवारा जानवरों की देखभाल करने वाले समूह की ओर से शेयर की गई इस वीडियो क्लिप को अब तक 3 लाख से ज्यादा बार देखा जा चुका है। इसने 1986 की परमाणु आपदा के विचित्र परिणामों के बारे में वैश्विक जिज्ञासा को फिर से जगा दिया है।

### कैसे लगा इन कुत्तों का पता?

वायरल वीडियो को लेकर कुत्तों की देखभाल करने वाले संगठन ने कहा कि नसबंदी अभियान के दौरान उन्हें ये कुत्ते अचानक दिखाई दिए। डॉग्स ऑफ चेरनोबिल ने इंस्टाग्राम पर लिखा, /"हमें 3 कुत्ते मिले जो पूरी तरह से नीले रंग के थे। हमें ठीक से समझ नहीं आ रहा कि क्या हो रहा है। स्थानीय लोगों ने दावा किया कि यही कुत्ते एक सप्ताह पहले तक सामान्य दिख रहे थे, जिससे रहस्य और गहरा गया।



### वीडियो नकली होने का संदेह

सोशल मीडिया पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से बने वन्यजीव वीडियो की बाढ़ आने के बाद कई यूजर्स ने इस क्लिप की प्रामाणिकता पर सवाल उठाए हैं। चेरनोबिल के कुत्तों की टीम का कहना है कि यह फुटेज असली है। एनजीओ ने स्पष्ट किया, /"हम कुत्तों को पकड़ने की कोशिश कर रहे हैं, ताकि यह पता लगाया जा सके कि ऐसा क्यों हुआ। संभवतः, वे किसी रसायन के संपर्क में आ गए थे।

### विशेषज्ञों ने किया यह दावा

विशेषज्ञों का मानना है कि यह चटक नीला रंग आनुवंशिक होने की संभावना नहीं है। उन्हें संदेह है कि रासायनिक संपर्क- संभवतः कोबाल्ट, कॉपर सल्फेट या अन्य औद्योगिक अपशिष्ट के कारण कुत्तों के बालों पर दाग लगे होंगे। इसी तरह के यौगिक दूषित मिट्टी या पानी के संपर्क में आने पर चटक रंग उत्पन्न करते हैं। जब तक जानवरों को पकड़कर उनका परीक्षण नहीं किया जाता, तब तक यह रहस्य अनसुलझा ही रहेगा।

# दो शिवधाम, शिवलिंग के कद के साथ बढ़ती जा रही आस्था

लवकुश शुक्ला ⏭ रायपुर

भगवान शिव की आस्था से जुड़े रायपुर से 35 से 40 किलोमीटर की दूरी पर दो ऐसे शिवधाम हैं, जिनके उद्भव से जुड़ी कई मान्यताएं उन्हें दूसरे शिवालयों से अलग पहचान दिलाती है। खास बात यह है कि शिवलिंग का कट लगातार बढ़ भी रहा है। इनमें एक धमधा-दुर्ग मार्ग पर स्थित कोड़िया गांव है। यहां 300 साल पहले मालगुजारी के दौर में जिस स्थान पर घुरवा हुआ करता था, वहीं से भू-फोड़ शिवलिंग का उद्भव हुआ। उस स्थान पर बनवाया गया छोटा मंदिर अब भव्य स्वरूप ले चुका है। इसी तरह तरपोंगी के पास स्थित मोहदा गांव में 204 साल पहले तालाब के किनारे भू-फोड़ शिवलिंग का दर्शन लोगों ने किया। यहां शिवरात्रि पर ही नहीं बल्कि होली के दिन भी आस्था का सैलाब उमड़ता है।राजधानी करीब 40 किलोमीटर दूर धमधा-दुर्ग पर स्थित कोड़िया गांव में इन दिनों भू-फोड़ शिवधाम में आस्था का सैलाब हर सावन और महाशिवरात्रि के अवसर पर उमड़ता है।

### शहर से 35 से 40 किमी पर दो शिवालय

#### कोड़िया गांव को शिवधाम पूर्ण होते हैं मनोरथ



श्री धीवर ने बताया कि तब मालगुजार ने छोटे से मंदिर का निर्माण करवाया। उस समय शिवलिंग की आकृति छोटे स्वरूप में थी। धीरे-धीरे अब शिवलिंग करीब तीन फीट ऊंचा हो गया है।

#### मोहदेश्वर महादेव में आस्था का मेला



रायपुर जिले के मोहदा गांव में स्थित मोहदेश्वर धाम अनूठा शिवालय है, यहां के भू-फोड़ शिवलिंग से जुड़ी 204 साल पुरानी कई रोचक मान्यताएं हैं।

# छग का बजट 27 को, फिर अवकाश, 9 दिन बाद चर्चा

**दो भागों में होगा बजट सत्र**



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ विधानसभा का बजट सत्र 23 फरवरी से शुरू होगा और 20 मार्च तक चलेगा। दो भागों में चलने वाले सत्र में 15 बैठकें होंगी। सत्र के पहले दिन 23 फरवरी को राज्यपाल रामेन डेका के अभिभाषण के साथ विधानसभा की कार्यवाही शुरू होगी। अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर दो दिन चर्चा होगी। सत्र के दौरान 27 फरवरी को वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट पेश किए जाने की संभावना है। बजट पेश होने के बाद सदन होली अवकाश के कारण 9 मार्च से शुरू होगा। विधानसभा सचिवालय के अनुसार विधानसभा के बजट सत्र के दौरान प्रश्नोत्तरी के साथ शासकीय कार्य पूरे किए जाएंगे। नया रायपुर स्थित नए विधानसभा में होने वाले सत्र के दौरान पहले दौरे में पांचवे दिन बजट 27 फरवरी को पेश होने के बाद 28 फरवरी से 8 मार्च तक होली का अवकाश रहेगा। अवकाश खत्म होने के बाद हर विभाग के बजट प्रस्तावों पर चर्चा के बाद पारित किया जाएगा, जो 20 मार्च तक चलेगा। सत्र के दौरान विपक्ष के सवालों और सत्तापक्ष के जवाब के बीच सदन के हंगामे के आसार हैं।

### अब तक लगे 1888 सवाल

विधानसभा के बजट सत्र को लेकर विधायकों ने अब तक 1888 सवाल लगाए हैं। सत्र के दौरान पहले दिन को छोड़कर शेष दिन प्रश्नकाल होगा। सत्र के दौरान विपक्ष द्वारा प्रदेश के कई जनहित के मुद्दों पर स्थगन भी लाया जाएगा। सत्र के दौरान 27 फरवरी को नए वित्तीय वर्ष का बजट पेश किया जाएगा। वहीं, सत्ता पक्ष की ओर से प्रदेश के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण विधायी कार्य और वित्तीय प्रस्ताव सदन पटल पर रखे जाएंगे।

# बड़े अफसरों के किताब लिखने पर लग सकती है 20 साल की रोक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली


केंद्र सरकार वरिष्ठ पदों पर रहे अधिकारियों की सेवानिवृत्ति के बाद किताबें लिखने के लिए कड़े नियम लागू करने पर विचार कर रही है। यह विचार संसद में पूर्व सेना प्रमुख जनरल मनोज मुकुंद नरवाने की अप्रकाशित किताब 'फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी' के विवाद के बाद आया है।

- नरवणे इफेक्ट के बाद रिटायर्ड अफसरों पर सख्ती की तैयारी

### क्यों नहीं प्रकाशित हुई नरवणे की किताब?

नरवणे की किताब के प्रकाशित नहीं होने के पीछे आर्मी रूल्स 1954 और ऑफिशियल सीक्रेट्स एक्ट 1923 है। 72 साल पुराना ये कानून सेवानिवृत्त अधिकारियों पर सीधे तौर पर लागू नहीं होते, लेकिन 2021 के पेंशन नियम संशोधन और ऑफिशियल सीक्रेट्स एक्ट 1923 पाबंदिया लगाता है।

# अभिनेत्री हिमांशी से मांगी 10 करोड़ की रंगदारी



**मोहाली।** पंजाबी अभिनेत्री हिमांशी खुराना ने मोहाली पुलिस में दर्ज कराई गई अपनी शिकायत में दावा किया है कि उन्हें विदेश में रहने वाले एक गैंगस्टर ने धमकी देते हुए 10 करोड़ रुपए की रंगदारी मांगी है। मोहाली पुलिस ने कहा कि अभिनेत्री से मिली शिकायत के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गई है।

# सह आरोपियों के बरी होने के आधार पर फरार आरोपी को नहीं मिल सकती अग्रिम जमानत

**सुप्रीम कोर्ट ने कहा- समानता के सिद्धांत का लाभ फरार आरोपी को नहीं दिया जा सकता**

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने महत्वपूर्ण निर्णय देते हुए कहा है कि जो आरोपी जानबूझकर फरार होकर ट्रायल से बचता है, वह केवल इस आधार पर अग्रिम जमानत का दावा नहीं कर सकता कि सह-आरोपियों को मुकदमे में बरी कर दिया गया है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि "समानता के सिद्धांत" का लाभ ऐसे फरार आरोपी को नहीं दिया जा सकता।

जस्टिस जे. बी. पारदीवाला और जस्टिस विजय बिश्नोई की खंडपीठ ने यह फैसला सुनाया। मामला उस आदेश से संबंधित था जिसमें मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय की इंदौर पीठ ने एक फरार घोषित आरोपी को केवल इस आधार पर अग्रिम जमानत दे दी थी कि उसी एफआईआर में नामित अन्य सह-आरोपियों को ट्रायल कोर्ट ने बरी कर दिया था।

### सुप्रीम कोर्ट का आदेश

सुप्रीम कोर्ट ने अपील स्वीकार करते हुए हाईकोर्ट का आदेश रद्द कर दिया और आरोपी को निर्देश दिया कि वह 13 फरवरी 2026 के निर्णय की तारीख से चार सप्ताह के भीतर संबंधित अदालत के समक्ष आत्मसमर्पण करे। इस निर्णय के माध्यम से सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट संदेश दिया है कि न्यायिक प्रक्रिया से भागने वाले आरोपी समानता के सिद्धांत का लाभ नहीं उठा सकते।



### सुप्रीम कोर्ट की कड़ी टिप्पणी

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि फरार आरोपी को अग्रिम जमानत देना "एक गलत मिसाल" स्थापित करता है और यह संदेश देता है कि जो सह-आरोपी कानून का पालन करते हुए ट्रायल में उपस्थित रहे, वे मानो गलत थे। ऐसा करना न्यायिक प्रक्रिया से बचने वालों को प्रोत्साहित करेगा।

*आरोपी पर गंभीर आरोप : कोर्ट ने उल्लेख किया कि संबंधित एफआईआर के अनुसार आरोपी भी भीड़ का सदस्य था। वह न केवल जांच से फरार रहा बल्कि घायल प्रत्यक्षदर्शी शैलेंद्र उर्फ पिंटू को जान से मारने की धमकी भी दी। इस संबंध में उसके खिलाफ 10 मई 2019 को एफआईआर संख्या 272/2019 भी दर्ज हुई थी।*

### हाईकोर्ट का आदेश त्रुटिपूर्ण

सुप्रीम कोर्ट ने पाया कि हाईकोर्ट ने केवल इस आधार पर अग्रिम जमानत दे दी कि अभियोजन आरोपी की संलिप्तता का ठोस प्रमाण पेश नहीं कर सका और सह-आरोपी बरी हो गए। कोर्ट ने कहा कि यह दृष्टिकोण गलत और त्रुटिपूर्ण है, खासकर तब जब आरोपी लगभग छह वर्षों तक फरार रहा और न्यायिक प्रक्रिया का उपहास किया। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि सह-आरोपियों के ट्रायल में दर्ज निष्कर्ष फरार आरोपी की जमानत याचिका के लिए अप्रासंगिक हैं, क्योंकि अभियोजन को उस ट्रायल के दौरान फरार आरोपी के खिलाफ साक्ष्य पेश करने की आवश्यकता ही नहीं थी।

### अपवाद स्वरूप मिल सकती है अग्रिम जमानत

हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि सामान्यतः फरार आरोपी अग्रिम जमानत का हकदार नहीं होता, लेकिन अपवाद स्वरूप ऐसे मामलों में जहां प्रथम दृष्टया कोई मामला बनता ही न हो, तब अदालत अपने विवेकाधिकार का प्रयोग कर सकती है।


## राशिफल


**मेष** — मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। माता-पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।


**वृष** — स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्याओं पर भी ध्यान दें। पिता का साथ मिलेगा। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। बौद्धिक कार्यों से आय बढ़ेगी।


**मिथुन** — मन परेशान रहेगा। संयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने का प्रयास करें। भाइयों के सहयोग से नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।


**कर्क** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मन परेशान रहेगा। व्यर्थ के झगड़े एवं विवादों से बचें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं।


**सिंह** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। नौकरी में कार्यभार में वृद्धि हो सकती है।


**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। जीवनसाथी से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।


**तुला** — मन प्रसन्न रहेगा। परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।


**वृश्चिक** — आत्मसंयत रहें। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता का साथ मिलेगा। रुके हुए धन की प्राप्ति होगी।



**धनु** — आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में आशातीत परिणाम मिलेंगे।


**मकर** — वाणी में मधुरता रहेगी, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।


**कुंभ** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन प्रसन्न भी रहेगा। फिर भी व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।


**मीन** — परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। खर्चों में वृद्धि होगी। किसी धार्मिक स्थल की यात्रा पर जाना हो सकता है।

## शब्द पहेली - 6140



**बाएँ से दाए**
1.बलगम-2
3.जाप,मंत्र पाठ-2
5.काया,बदन-2
7.ठाठ-बाट-2
9.गिरावट,अवनति-3
11.बुरी आदत-2
13.सदं,अच्छा-2
15.बंदर-3
17.अपशिष्ट पदार्थ-2
19.थोड़ा-2
22.दबाना,कुचलना-3
24.शारीरिक ऊंचाई-2
26.आम जनता-2
28.पिता के पिता-2
30.पक्षाघात,फालिज-3
32.मनमौजी,अलमस्त-2
34.नवीन-2
36.लोच-3
38.गाड़ी,घोड़ागाड़ी-2
41.बीता हुआ दिन-2
43.लेखनी,पेन-3
45.अधर-2
47.रांझा की प्रेमिका-2
49.अप्सरा,परी-2
51.गर्भ,कोख-3
53.दंड,शिक्षा-2
55.पाश,फंदा-2
57.परखना-3
60.वोट,अभिप्राय-2
62.हत्या-2
64.तिरस्कृत-3
66.शराब-2
67.उद्देश्य-2
68.टूंटी,नलका-2
69.आनंद-2

**ऊपर से नीचे**
1.प्याला-2
2.धर्म आदेश-3
4.क्षण,लमहा-2
6.गगन,आकाश-2
8.सरुर,खुमार-2
10.पति की बहन-3
12.अंधकार-2
14.शर्म,लज्जा-2
16.पासों से भविष्य जानने की विद्या-3
18.भाग्य (अंग्रेजी-2)
20.रहस्य-2
21.कुर्बान-2
23.अनुकृति-3
25.जोर,बल-2
27.नाखून-2
29.दक्षिणा-2
31.पढ़ने वाला-3
33.परत-2
35.भैंस जैसा एक प्राणी-2
37.झगड़ा-3
39.भूमि,धरा-2
40.राहगीर-2
42.रक्त-2
44.मां का प्रेम-3
46.दम-2
48.आनंद-2
50.छुट्टी-2
52.झगड़ना-3
54.प्याला-2
56.प्यार-2
58.असफल-3
59.यमराज-2
61.पैंदा-2
63.संपत्ति-2
65.सम्राट-2

### शब्द पहेली - 6139 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | य | ती | म | खा | ना | ■ | म | हा | वी | र |
| क | क्ष | ■ | हा | ■ | ना | ह | क | ■ | र | म |
| हा | ■ | ना | न | सें | स | ■ | र | मा | ■ | जा |
| नी | र | व | ता | ■ | सु | र | ■ | न | म | न |
| का | ■ | खे | ■ | अ | र | क्त | | | सी | ■ |
| र | वा | ना | हो | ना | ■ | पा | ल | न | हा | र |
| ■ | ह | ■ | ■ | चा | ह | त | ■ | का | ■ | च |
| का | न | न | ■ | र | म | ■ | ब | र | सा | ना |
| म | ■ | र | ज | ■ | स | का | र | ना | ■ | का |
| धा | र | ■ | खि | ला | फ | ■ | स | ■ | भो | र |
| म | स | ख | रा | ■ | र | म | ■ | ता | जो | गी |

## सूडोकु नवताल - 6150

**मध्यम**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | | 1 | 5 | |
| 2 | | | | | 1 | 8 | | |
| 3 | | | 4 | | 6 | 7 | | 9 |
| 5 | | | | | 9 | | | |
| | 9 | | 2 | 3 | 4 | | 7 | |
| | | | 1 | | | | | 8 |
| 4 | | 7 | 6 | | 5 | | | 1 |
| | | 6 | 7 | | | | | 4 |
| | 5 | 3 | | | | 2 | | |

■ MANGAL SENACHA, BANGALORE

- *प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.*
- *प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.*
- *पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .*
- *पहेली का केवल एक ही हल है.*

### सूडोकु नवताल - 6149 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 7 | 5 | 2 | 1 | 4 | 8 | 6 |
| 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 | 1 | 3 |
| 8 | 6 | 1 | 3 | 7 | 4 | 9 | 5 | 2 |
| 2 | 8 | 9 | 1 | 5 | 3 | 6 | 4 | 7 |
| 4 | 7 | 3 | 2 | 8 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 6 | 1 | 5 | 4 | 9 | 7 | 2 | 3 | 8 |
| 9 | 3 | 4 | 7 | 1 | 2 | 8 | 6 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 8 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 1 | 2 | 8 | 6 | 4 | 5 | 3 | 7 | 9 |



## महेश बाबू ने लॉन्च किया भव्यता रहस्य से भरा नागबंधम का टीजर

**नई दिल्ली।** 'ब्रह्मा की रचना से जन्मा... विष्णु के धर्म से सुरक्षित... महादेव के क्रोध से शक्ति प्राप्त...', यह दमदार लाइन 'नागाबंधम' की आत्मा को बखूबी बयां करती है। यह एक ऐसी गाथा है जहां दिव्यता, नियति और विनाश का आमना-सामना होता है। महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर, अभिषेक नामा के डायरेक्शन में बनी माइथो-एक्शन फिल्म 'नागबंधम' का मचअवेटेड टीजर महेश बाबू ने रिलीज किया। फिल्म में विराट कर्णा लीड रोल में हैं। प्रोड्यूसर किशोर अन्नापुरेड्डी और निशिता नागिरेड्डी ने इस फिल्म को एक बहुत बड़े स्केल पर तैयार किया है, जिसमें वर्ल्ड-क्लास प्रोडक्शन वैल्यू साफ नजर आ रही है।

लाइफ Style



# सारा अर्जुन

## शेयर की अहम सूचना, सतर्क रहने की दी हिदायत

एजेंसी ▶▶ मुंबई

धुरंधर अभिनेत्री सारा अर्जुन ने रविवार को अपने सभी फैंस को महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं दीं। इसी के साथ सारा ने अपने सोशल मीडिया हैंडल को लेकर एक खास सूचना भी जारी की है। फिल्म 'धुरंधर' में सारा अर्जुन के अभिनय को खूब सराहा गया।

अब फिल्म 'धुरंधर 2' की रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इसी बीच सारा ने अपने सोशल मीडिया हैंडल के बारे में एक अहम सूचना जारी करते हुए सभी को सतर्क रहने की हिदायत दी है। 'धुरंधर' अभिनेत्री सारा अर्जुन ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर अपने सभी फैंस को महाशिवरात्रि की शुभमानाएं देते हुए लिखा, 'आप सभी को गुड मॉर्निंग और सभी को महाशुवरात्रि की शुभकामनाएं।' इस पोस्ट के साथ सारा ने अपने सोशल मीडिया हैंडल को लेकर भी अहम सूचना जारी की है। सारा अर्जुन ने आज इंस्टाग्राम की स्टोरी पर एक खास सूचना दी है। सारा ने बताया है कि वह ट्विटर पर नहीं हैं। सारा ने लिखा, 'मैं बस कुछ जरूरी बातें शेयर करना चाहती हूं। मैं ट्विटर पर नहीं हूं।' सारा ने आगे यह भी बताया कि ट्विटर प्लेटफॉर्म पर उनका कोई ऑफिशियल अकाउंट नहीं है। इसके साथ ही सारा ने न्यूज चैनल्स को सतर्क रहने की भी सलाह दी है। सारा ने लिखा, '(न्यूज चैनल) अगर आपको मेरे नाम से किसी हैंडल से कोई ट्वीट या बयान दिखे, तो प्लीज जान लें कि वह मैं नहीं हूं और वह किसी भी तरह से मुझसे जुड़ा नहीं है।' आगे सारा ने लिखा की उन्हें समझने के लिए धन्यवाद।

हॉलीवुड मसाला



## सिंगर से नहीं किया कभी प्यार

**नई दिल्ली।** एक टाइम पर जैन मलिक जीजी हदीद को हमेशा अपने पास रखना पसंद करते थे, लेकिन अभी पिछले काफी समय से दोनों साथ में दिखाई नहीं दिए। दोनों को अलग हुए पांच साल से भी अधिक समय हो गया है और अब जाकर वन डायरेक्शन के पूर्व सदस्य जैन मलिक ने इस पर बात की। जैन ने कहा कि हालांकि दोनों ने पांच सालों तक डेट किया, लेकिन उन्हें अब लगता है कि उनके बीच प्यार कभी था ही नहीं। जैन ने शो कॉल हर डैडी पर कहा, 'सच कहूं तो यह बात रिकॉर्ड पर रहे, मैं हमेशा जी से प्यार करूंगा, क्योंकि मेरी बच्ची के इस दुनिया में होने का कारण वही है।




## चीन के वीडियो मॉडल ने हालीवुड की उड़ाई नींद

**नई दिल्ली।** वो हॉलीवुड जिसके इंटेंस एक्शन सीक्वेंस को टक्कर देने के लिए मेकर्स करोड़ों रुपए खर्च करते थे और कुछ को रीक्रिएट करने में प्रोड्यूसर्स के पसीने छूट जाते हैं।.. अब वो सीन्स एआई के जरिए मिनटों में बनाए जा सकते हैं। जी हां, एक नए एआई वीडियो मॉडल के आने से माना जा रहा है कि यह हॉलीवुड के लिए खतरा बन सकता है। कुछ लोग तो इसे 'हॉलीवुड किलर' बता रहे हैं। यह एआई वीडियो मॉडल चीन से आया है। डायरेक्टर रुएरी रॉबिन्सन ने टॉम और ब्रैड का एआई मेड फाइट सीन वाला वीडियो शेयर किया है और लिखा है, 'लोग इसे अब तक का सबसे भरोसेमंद प्लॉट ट्विस्ट कह रहे हैं।' इस वीडियो को हॉलीवुड के को-राइटर रेट रीज ने वीडियो रीशेयर करते हुए दुख जताया। उन्होंने कहा, मुझे यह कहते हुए दुख हो रहा है।



## यश की टॉक्सिक हो सकती है पोस्टपोन

**मुंबई।** यश की फिल्म टॉक्सिक की रिलीज पोस्टपोन हो सकती है। एक रिपोर्ट सामने आई है जिसमें कारण बताते हुए फिल्म की रिलीज डेट 19 मार्च की जगह आगे बढ़ने की बात कही गई है।। टॉक्सिक और धुरंधर 2 के बीच जबरदस्त क्लैश हो रहा था। इस साल मार्च में इस साल की सबसे बड़ी बॉक्स ऑफिस टक्कर होने वाली है। रणवीर सिंह की धुरंधर 2 और यश स्टारर फिल्म टॉक्सिक एक ही दिन 19 मार्च को रिलीज हो रही हैं। दोनों ही बड़े बजट की फिल्में हैं जिनका इंतजार हो रहा है। ट्रेड एनालिस्ट पहले ही बता चुके हैं कि इस क्लैश से एक को तगड़ा नुकसान हो सकता है। इस क्लैश को टाले जाने पर बातचीत होने की खबर थी। लेकिन, अब एक रेडिट गॉसिप सामने आई है। इसके मुताबिक टॉक्सिक की रिलीज पोस्टपोन हो सकती है।



## एक्टर्स को एआई से हो सकता है नुकसान

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर अभिषेक बच्चन इंडस्ट्री के उन स्टार्स में से हैं, जिन्होंने अपने कॅरियर में कई तरह के रोल प्ले किए हैं। उन्होंने पर्दे पर कॉमेडी से लेकर बतौर एक्टर और विलेन का किरदार निभाया है। अभिषेक प्रोफेशनल लाइफ के साथ अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर भी सुर्खियों में बने रहते हैं। ऐसे में अभिषेक बच्चन ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बारे में अपनी राय दी है कि यह कैसे 'एक्टर्स के लिए नुकसानदायक' हो सकता है। अभिषेक ने कहा कि एआई उन्हें डराता है, और कहा कि वह इसके साथ बहुत कम्फर्टेबल नहीं हैं। अभिषेक ने एआई पर अपनी राय रखते हुए कहा, 'एआई मुझे डराता है। हर एक्टर को इससे डर लगना चाहिए। क्रिएटिव काम में एआई बहुत कुछ बदल देगा। अगर इसे सही तरीके से इस्तेमाल न किया जाए तो एक्टर्स के लिए बहुत नुकसानदायक हो सकता है।

टीवी मसाला




## कीकू ने पत्नी प्रियंका के साथ किए राम लला के दर्शन

**नई दिल्ली।** कीकू शारदा इन दिनों अपनी कॉमेडी से 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो सीजन 4' के जरिए ऑडियंस का दिल जीत रहे हैं। कीकू ने कॉमेडी शोज और एक्टिंग के जरिए खूब पॉपुलैरिटी हासिल की है। इस पॉपुलैरिटी और सक्सेस को वह फैमिली के साथ एन्जॉय करते हैं। इसके लिए वह भगवान का आभार भी जताते हैं। उन्होंने राम लला के दर्शन किए और तस्वीरें शेयर की हैं। कीकू शारदा की अयोध्या की इस आध्यात्मिक यात्रा में उनकी पत्नी प्रियंका शारदा भी रहीं। कीकू ने अयोध्या में रामलला, हनुमानगढ़ी के दर्शन और सरयू आरती के दौरान की तस्वीरें और वीडियो भी शेयर किया और एक आस्था से भरा नोट भी शेयर किया है। कीकू शारदा ने तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा, 'अयोध्या में राम मंदिर की हमारी यात्रा आस्था, भावनाओं और गहरे आध्यात्मिक जुड़ाव की यात्रा थी. राम मंदिर की भव्यता ने हमें मंत्रमुग्ध कर दिया। इसकी बारीक नक्काशी और दिव्य आभा सदियों की भक्ति और विश्वास को दर्शाती है।' कीकू शारदा ने आगे लिखा, 'राम लला के सामने खड़े होकर हमारे भीतर गहरी शांति थी, एक मौन प्रार्थना थी- कृतज्ञता, आशा और समर्पण की। वहां से हम पवित्र सीढ़ियां चढ़कर हनुमानगढ़ी पहुंचे। वहां की ऊर्जा शक्ति और सुरक्षा की थी। कीकू शारदा ने लिखा, भगवान हनुमान का मंदिर शक्तिशाली होने के साथ-साथ सुकून देने वाला भी लगा, जैसे यह याद दिला रहा हो कि आस्था कोमल भी है और साहसी भी।

### बेटियों को आईपीएस बनने के लिए किया प्रेरित

**नई दिल्ली।** मशहूर एक्ट्रेस और डायरेक्टर कविता चौधरी को दुनिया 'ललिता जी' और 'कल्याणी सिंह' के नाम से जानती है। भारतीय टेलीविजन की एक दमदार पहचान थीं। उन्होंने 'उड़ान' सीरियल के जरिए अपनी बहन (देश की दूसरी महिला IPS) की कहानी पेश करके लाखों लड़कियों को सिविल सेवा के लिए प्रेरित किया। वहीं, उन्होंने सर्फ के विज्ञापन में 'ललिता जी' बनकर एक समझदार महिला के रूप में खुद को स्थापित किया। एनएसडी से शिक्षित कविता ने कैंसर से लंबी लड़ाई के बाद 2024 में दुनिया को अलविदा कह दिया, लेकिन उनका काम आज भी महिलाओं के लिए हौसले की मिसाल है। 80 के दशक का वो दौर याद कीजिए, जब टीवी पर एक साधारण सी साड़ी पहने महिला सब्जी वाले से मोलभाव करते हुए बड़े कॉन्फिडेंस के साथ कहती थी- 'भाई साहब, सस्ती चीज और अच्छी चीज में फर्क होता है।' वो आवाज थी कविता चौधरी की, जिन्हें दुनिया 'ललिता जी'के नाम से जानती थी। ललिता जी सिर्फ एक विज्ञापन का किरदार नहीं थीं, बल्कि उन्होंने हर भारतीय घर की उस समझदार महिला को पर्दे पर उतारा था जो पाई-पाई का हिसाब रखती है।



## रामायण के बाद रिलीज होगी लव एंड वॉर

*रणबीर कपूर अपनी अपकमिंग फिल्म 'लव एंड वॉर' और 'रामायण' को लेकर सुर्खियों में हैं। इस बीच वह इंस्टाग्राम पर लाइव हुए। यहां उन्होंने फैंस से बातचीत की और अपनी आने वाली फिल्मों के बारे में खास अपडेट्स शेयर किए। सेशन के दौरान, रणबीर कपूर ने कंफर्म किया कि 'रामायण' उनकी अगली रिलीज होने वाली फिल्म है। उन्होंने आगे बताया कि संजय लीला भंसाली की फिल्म 'लव एंड वॉर' उसके बाद रिलीज होगी।*



**मुंबई।** 'लव एंड वॉर' इस साल अगस्त में सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी। हालांकि, रणबीर कपूर के स्पष्टीकरण के बाद अब इसके इस साल के आखिर में या अगले साल की शुरुआत में रिलीज होने की संभावना है। उम्मीद है कि यह फिल्म 'रामायण' के बाद रिलीज होगी। अपने अगले प्रोजेक्ट्स के बारे में बात करते हुए, रणबीर ने कहा कि 'ब्रह्मास्त्र 2' फैंस की उम्मीद से जल्दी रिलीज होगी। उन्होंने यह भी कहा कि संदीप वांगा रेड्डी की 'एनिमल पार्क' भी पाइपलाइन में है। रणबीर ने कहा कि अगर डायरेक्टर इम्तियाज अली जॉर्डन के लिए कोई स्क्रिप्ट दे पाते हैं तो उन्हें 'रॉकस्टार 2' में वापस आकर खुशी होगी। 'ये जवानी है दीवानी' के बारे में उन्होंने कहा कि फिल्म का अंत बहुत सुंदर था। उन्होंने इशारा किया कि भविष्य में इसी तरह की एक और फिल्म आ सकती है। संजय लीला भंसाली की 'लव एंड वॉर' में रोमांस कहानी है। इसमें रणबीर कपूर, आलिया भट्ट और विक्की कौशल हैं। बताया जाता है कि इसमें 1960 के दशक के एयर फोर्स अधिकारियों के बीच एक लव ट्राएंगल दिखाया जाएगा।

## भंसाली और मेहता साथ आए जय सोमनाथ के लिए मिलाया हाथ

**मुंबई।** संजय लीला भंसाली और केतन मेहता बॉलीवुड के दिग्गज फिल्ममेकर हैं। अब यह दोनों निर्देशक फिल्म 'जय सोमनाथ'के लिए साथ आए हैं। इस ऐतिहासिक कहानी के जरिए भारतीय संस्कृति और सभ्यता की अमूल्य विरासत बड़े पर्दे पर उतरेगी। 'जय सोमनाथ' फिल्म का निर्माण भंसाली प्रोडक्शंस और माया मूवीज (केतन मेहता की प्रोडक्शन कंपनी) के बैनर तले किया जा रहा है। वहीं केतन मेहता इस फिल्म के लेखन और निर्देशन की कमान संभाल रहे हैं। 'जय सोमनाथ' फिल्म 2027 में बड़े पर्दे पर दस्तक दे सकती है। फिल्म 'जय सोमनाथ' की कहानी 1025-1026 ईस्वी के उस दौर में लेकर जाएगी। जब महमूद गजनी ने गुजरात के सोमनाथ मंदिर पर हमला किया और उसे लूटा था। यह भारतीय इतिहास का एक ऐसा अध्याय है जो विनाश के बाद फिर से खड़े होने की ताकत को दिखाता है। सोमनाथ मंदिर की गौरव गाथा को इस फिल्म में दिखाया जाएगा। फिल्म 'जय सोमनाथ' संजय लीला भंसाली और केतन मेहता के लिए एक खास प्रोजेक्ट्स है। दरअसल, दोनों ही फिल्ममेकर गुजरात से ताल्लुक रखते हैं। वह सोमनाथ मंदिर के महत्व को, उसके इतिहास को अच्छे से समझते हैं। साथ ही दोनों एक उम्दा फिल्ममेकर हैं तो इस कहानी में जान डालने का काम बखूबी कर सकते हैं। सिनेमैटिक नजरिए भी यह फिल्म दर्शकों को चौंका सकती है।



### 80 साल पुरानी फिल्म को अपने ही देश में नहीं मिला था सम्मान

## कान्स फिल्म फेस्टिवल में नीचा नगर ने लहराया था जीत का परचम

*नई दिल्ली। सिनेमा जगत के सबसे प्रतिष्ठित फिल्म फेस्टिवल में से एक कान्स फिल्म फेस्टिवल में इंटरनेशनल लेवल फिल्मों को पेश किया जाता है। इसमें दुनियाभर की फिल्म इंडस्ट्रीज की मूवीज शामिल रहती हैं। अक्सर रेड कारपेट पर सेलेब्स की मौजूदगी को लेकर चर्चा का विषय बनने वाला कान्स उस वक्त अधिक सुर्खियों में रहा, जब एक हिंदी सिनेमा की फिल्म ने इस फिल्म फेस्टिवल में जीत का परचम लहराया था। लेकिन, हैरान करने वाली बात ये रही कि उस मूवी को भारत देश में सराहना नहीं मिली थी और उसे एक फिसड्डी मूवी के तौर पर जाना गया।*

### कान्स जीतने वालीं पहली हिंदी फिल्म

इंटरनेशनल फिल्म अवॉर्ड्स में बहुत कम बार देखा गया है कि किसी भारतीय फिल्म ने कामयाबी का स्वाद चखा हो। लेकिन, जब भी ऐसा हुआ है, वह अपने आप में ऐतिहासिक रहा है। ऐसा ही इतिहास 80 साल पहले आई हिंदी फिल्म नीचा नगर ने रचा था। 1946 में रिलीज होने वाली नीचा नगर भारतीय फिल्म इंडस्ट्री की पहली ऐसी फिल्म बनी थी, जिसने कान्स फिल्म फेस्टिवल में जीत का परचम लहराया था। दिग्गज अभिनेता देव आनंद के बड़े भाई चेतन आनंद ने नीचा नगर के जरिए अपने डायरेक्टोरियल करियर की शुरुआत की।



### देश में नहीं हुई थी रिलीज

आपको ये जानकर हैरानी होगी कि कान्स फिल्म फेस्टिवल में भारतीय सिनेमा का नाम रोशन करने वाली नीचा नगर को देश के सिनेमाघरों में कभी रिलीज नहीं किया गया। इस मूवी को 80 के दशक में सीधा टीवी चैनल दूरदर्शन पर प्रसारित किया गया था। ऐसे में इंटरनेवल पर कामयाबी हासिल करने वाली इस मूवी को अपने ही देशवासियों ने वो सम्मान नहीं दिया, जिसकी वह वाकई में हकदार थी।

### फिल्म की कहानी सामाजिक मुद्दे पर बनी थी

इसके अलावा वेटरन एक्ट्रेस रहीं कामिनी कौशल ने भी इस फिल्म के जरिए बतौर एक्ट्रेस हिंदी सिनेमा में कदम रखा। कान्स फिल्म फेस्टिवल 1946 में आयोजित होने वाले कान्स फिल्म फेस्टिवल में इस मूवी को ग्रैंड प्रिक्स डु फेस्टिवल इंटरनेशनल डु फिल्म पुरस्कार ने नवाजा गया था। फिल्म की कहानी सामाजिक मुद्दे पर बनी थी, जिसमें अमीर और गरीब तबके के बीच भेदभाव के संवेदशील विषय को दर्शाया गया था। नीचा नगर अपने आप में एक प्रभावशाली

# ईशान की शान

रन : 77 गेंद : 40



## भारत की पाकिस्तान पर सबसे बड़ी जीत

**कोलंबो।** भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप में पाकिस्तान को 61 रनों से हरा दिया है। टूर्नामेंट के इतिहास में यह भारत की पाकिस्तान पर रनों के लिहाज से सबसे बड़ी जीत है। इस जीत के साथ ही भारतीय टीम ने सुपर-8 राउंड के लिए क्वालिफाई कर लिया है। टीम लगातार 3 जीत के साथ ग्रुप ए की पॉइंट्स टेबल के टॉप पर है। रविवार को कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में 176 रन का टारगेट चेज कर रही पाकिस्तानी टीम 18 ओवर में 114 रन पर ऑलआउट हो गई। उस्मान खान ने सबसे ज्यादा 44 रन बनाए। भारत के लिए जसप्रीत बुमराह, अक्षर पटेल, वरुण चक्रवर्ती और हार्दिक पंड्या ने 2-2 विकेट झटके। इससे पहले टॉस हारकर पहले बैटिंग करते हुए भारतीय टीम ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 175 रन बनाए।



### लगातार दूसरी बार डक पर आउट हुए अभिषेक

भारतीय ओपनर अभिषेक शर्मा का यह पहला टी20 वर्ल्ड कप है लेकिन अभी तक उनके लिए सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है। वह अपने पहले दोनों मैचों में खाता नहीं खोल पाए। वह लगातार दूसरी बार वर्ल्ड कप में डक पर आउट हुए। पाकिस्तान के खिलाफ वह चार गेंद पर खाता नहीं खोल पाए और सलमान आगा का शिकार बने। अभिषेक शर्मा ने इससे पहले यूएसए के खिलाफ पहले मैच में अपना वर्ल्ड कप डेब्यू किया था। वहां वह गोल्डन डक पर आउट हो गए थे। इतना ही नहीं पिछली छह में चार पारियों में अभिषेक का खाता तक नहीं खुला है। तीन मौकों पर अभिषेक शर्मा गोल्डन डक पर भी आउट हुए हैं।

# वेस्टइंडीज की लगातार तीसरी जीत, सुपर-8 में प्रवेश, नेपाल को 9 विकेट से दी शिकस्त

## होप का अर्धशतक, नेपाली टीम खिताबी रेस से बाहर

एजेंसी ▶▶| मुंबई

वेस्टइंडीज ने नेपाल के खिलाफ रविवार को वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए टी20 वर्ल्ड कप के 25वें मुकाबले को 9 विकेट से अपने नाम किया। टूर्नामेंट में लगातार तीसरी जीत के साथ ग्रुप-सी में मौजूद वेस्टइंडीज ने सुपर-8 के लिए क्वालीफाई कर लिया है। वहीं, लगातार तीन हार के साथ नेपाल की टीम खिताबी रेस से बाहर हो गई है। वेस्टइंडीज अपना अगला मैच 19 फरवरी को इटली के खिलाफ खेलेगी, जबकि नेपाल 17 फरवरी को स्कॉटलैंड के विरुद्ध मुकाबले के साथ अपने अभियान का समापन करेगी।



### नेपाल के 6 खिलाड़ी 73 के स्कोर तक सिमटे

टॉस गंवाकर बल्लेबाजी के लिए उतरी नेपाल की टीम ने 8 विकेट खोकर 133 रन बनाए। इस टीम ने महज 2 के स्कोर पर कुशल भुर्तेल (1) का विकेट खो दिया था। इसके बाद विकेटों का पतझड़ लग गया और 73 के स्कोर तक 6 खिलाड़ी पवेलियन लौट गए। यहां से दीपेंद्र सिंह ने सोमपाल कामी के साथ सातवें विकेट के लिए 26 गेंदों में 54 रन की साझेदारी की। दीपेंद्र 47 गेंदों में 3 छक्कों और इतने ही चौकों के साथ 58 रन बनाकर आउट हुए, जिसके बाद सोमपाल ने 15 गेंदों में नाबाद 26 रन बनाकर टीम को शर्मनाक स्कोर से बचाया। विपक्षी खेमे से जेसन होल्डर ने 27 रन देकर 4 विकेट हासिल किए, जबकि अकील हुसैन, मैथ्यू फोर्ड, शमर जोसेफ और रोस्टन चेज ने 1-1 विकेट हासिल किया।

### होप 61 रन बनाकर नाबाद

इसके जवाब में वेस्टइंडीज की टीम ने 15.2 ओवरों में जीत दर्ज कर ली। कप्तान शाई होप ने ब्रेंडन किंग के साथ 5.3 ओवरों में 43 रन की साझेदारी की। ब्रेंडन 17 गेंदों में 4 चौकों के साथ 22 रन बनाकर पवेलियन लौटे, जहां से शिमरोन हेटमायर ने शाई होप के साथ दूसरे विकेट के लिए 59 गेंदों में 91 रन की अटूट साझेदारी करते हुए टीम को आसान जीत दिलाई। होप 44 गेंदों में 3 छक्कों और 5 चौकों के साथ 61 रन बनाकर नाबाद रहे, जबकि हेटमायर ने 32 गेंदों में 6 बाउंड्री के साथ 46 रन की नाबाद पारी खेली। नेपाल की तरफ से एकमात्र सफलता नंदन यादव के हाथ लगी।




## अमेरिका ने नामीबिया को हराया, कृष्णमूर्ति और मोनांक ने खेली अर्धशतकीय पारी

**चेन्नई।** संजय कृष्णमूर्ति (नाबाद 68) और कप्तान मोनांक पटेल (52) की आक्रामक अर्धशतकीय पारियों के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से अमेरिका ने टी20 विश्व कप ग्रुप ए मैच में नामीबिया को 31 रन से हराकर सुपर आठ में पहुंचने की अपनी धुंधली उम्मीदों को कायम रखा है। लगातार दो जीत के साथ अमेरिका ने ग्रुप चरण को चार अंकों के साथ समाप्त किया और भारत और पाकिस्तान के बाद तीसरे स्थान पर है। भारत और पाकिस्तान में से किसी के उलटफेर का शिकार होने पर वह सुपर आठ में पहुंच सकता है।

### विश्व कप में यूएसए का सर्वश्रेष्ठ स्कोर

अमेरिका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए चार विकेट पर 199 रन बनाए, जो टी20 विश्व कप में उसका सर्वश्रेष्ठ स्कोर है। सलामी बल्लेबाज लॉरेन स्टीनकैंप की 39 गेंद में 58 रन की पारी के बावजूद नामीबिया की टीम छह विकेट पर 168 रन ही बना सकी। अमेरिका के लिए शानदार लय में चल रहे शैडली वैन शाल्कविक ने दो विकेट चटकाए और अब उनके नाम टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा 13 विकेट हो गए हैं। 'प्लेयर ऑफ द मैच' कृष्णमूर्ति ने 33 गेंद की पारी में चार चौके और छह छक्कों की मदद से नाबाद 68 रन की पारी खेलने के साथ मिलिंद कुमार (20 गेंद में 28 रन) के साथ चौथे विकेट के लिए 87 रन की साझेदारी कर टीम को 200 रन के करीब पहुंचाया।

## खबर संक्षेप



### हैरी केन ने रचा इतिहास, ठोका कॅरियर का 500वां गोल

**बर्लिन।** इंग्लैंड के स्टार फुटबॉलर हैरी केन ने बायर्न म्यूनिख की तरफ से दो गोल करके अपने देश और विभिन्न क्लबों की तरफ से 500 गोल करने की उपलब्धि हासिल की। केन ने अपने दो गोल में से एक गोल पेनल्टी पर किया। यह पेनल्टी पर किया गया उनका 100वां था। केन के दो गोल की मदद से बायर्न ने वेर्डर ब्रेमेन पर 3-0 से जीत हासिल करके बुंडेसलिगा में अपनी छह अंकों की बढ़त बरकरार रखी। केन ने मैच के बाद कहा, 'अच्छा लग रहा है। 500 गोल तक पहुंचना वाकई गर्व की बात है। इसमें बहुत मेहनत और त्याग लगा है, इसलिए यहां तक पहुंचकर बहुत अच्छा लग रहा है। लेकिन हमेशा की तरह अब अगला मैच ही मायने रखता है।' केन ने अपना पहला गोल जनवरी 2011 में 17 साल की उम्र में इंग्लैंड के तीसरी श्रेणी के क्लब लेटन ओरिएंट की तरफ से खेलते हुए शेफील्ड वेडनेसडे के खिलाफ किया था। केन को 500 गोल तक पहुंचने के लिए 743 मैचों की जरूरत पड़ी। इस 32 वर्षीय इस फॉरवर्ड ने इंग्लैंड के लिए 112 मैचों में 78 गोल किए हैं।

### मिश्रित युगल में उप विजेता रहे हरमीत-यशस्विनी



**चेन्नई।** भारत के हरमीत देसाई और यशस्विनी घोरपड़े को डब्ल्यूटीटी स्टार कंटेंडर चेन्नई टेबल टेनिस टूर्नामेंट के मिश्रित युगल फाइनल में एडवर्ड इओनेस्कु और बर्नाडेट जोक्स की रोमानिया की दूसरी वरीय जोड़ी के खिलाफ शिकस्त के साथ उप विजेता बनकर संतोष करना पड़ा। हरमीत और यशस्विनी की जोड़ी को 0-3 (9-11, 2-11, 8-11) से शिकस्त का सामना करना पड़ा। यह इस डब्ल्यूटीटी प्रतियोगिता के चार सत्र में किसी भारतीय जोड़ी का सबसे अच्छा प्रदर्शन है। इस बीच चेक गणराज्य के लुबोमिर यानकारिक ने प्रतियोगिता में अपना स्वप्निल प्रदर्शन जारी रखते हुए कोरिया के पार्क गंगहियोन को 3-2 (13-15, 11-7, 5-11, 11-7, 11-9) से हराकर फाइनल में जगह बनाई, जहां उनकी भिड़ंत फ्रांस के पांचवें वरीय थिबॉल्ट पोरेट से होगी।

# महिला टी20: ऑस्ट्रेलिया को हराकर भारत ने बनाई बढ़त घातक गेंदबाजी कर अरुंधती बनीं प्लेयर ऑफ द मैच

एजेंसी ▶▶| सिडनी

तेज गेंदबाज अरुंधति रेड्डी की शानदार गेंदबाजी से भारत ने वर्षा से प्रभावित पहले महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में ऑस्ट्रेलिया को डकवर्थ-लुईस (डीएलएस) पद्धति के तहत 21 रन से हरा दिया।

अरुंधति (22 रन पर चार विकेट), रेणुका सिंह (14 रन पर दो विकेट) और श्री चरणी (14 रन पर दो विकेट) की तूफानी गेंदबाजी के सामने ऑस्ट्रेलिया की टीम 18 ओवर में 133 रन पर ढेर हो गई। भारत ने इसके जवाब में जब उप कप्तान स्मृति मंधाना (17 गेंद में नाबाद 16) और जेमिमा रोड्रिग्स (तीन गेंद में नाबाद नौ) की पारियों से 5.1 ओवर में 50 रन बनाए थे जब बारिश के कारण खेल रोकना पड़ा, जो



दोबारा शुरू नहीं हो पाया। भारत को इसके बाद विजेता घोषित किया गया क्योंकि 5.1 ओवर के बाद डीएलएस के तहत बराबरी का स्कोर 29 रन था। भारत ने एकमात्र विकेट शेफाली वर्मा (11 गेंद में 21 रन) के रूप में गंवाया, जिन्होंने ऑस्ट्रेलिया की नई कप्तान सोफी मोलिन्यु की गेंद पर अपना विकेट गंवाया।

### ऑस्ट्रेलिया ने 5 विकेट 12 रन के अंदर गंवाए

टॉस भारत ने जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया था। पहले बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत अच्छी नहीं रही थी। टीम ने 27 के स्कोर पर दोनों सलामी बल्लेबाजों का विकेट खो दिया था। तीसरे विकेट के लिए फोएबे लिचफिल्ड और एलिसे पेरी के बीच 41 रन की साझेदारी हुई। 68 के स्कोर पर पेरी (20 रन) का विकेट गिरा। इसके बाद विकेटों के लगातार गिरने का सिलसिला जारी रहा। पूरी टीम 18 ओवर में 133 रन पर सिमट गई। ऑस्ट्रेलिया ने अपने आखिरी 5 विकेट मात्र 12 रन के अंदर गंवा दिए। जॉर्जिया वॉरहेम ने सबसे ज्यादा 30 रन बनाए। अरुंधती रेड्डी को प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया।



# राहुल ने लगाया बैक-टू-बैक शतक खेली 141 रन की पारी, पडीक्कल की सेंचुरी

**रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल: उत्तराखंड के खिलाफ कर्नाटक ने पहले दिन बनाए 355/2 रन**

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

कर्नाटक और उत्तराखंड के बीच रणजी ट्रॉफी का सेमीफाइनल मुकाबला लखनऊ के इकाना क्रिकेट स्टेडियम में खेला जा रहा है। केएल राहुल और कप्तान देवदत्त पड्डिकल के शतक की बदौलत कर्नाटक पहले दिन की समाप्ति के समय मजबूत स्थिति में आ गया है।

उत्तराखंड ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया था। पहले बल्लेबाजी करने उतरी कर्नाटक को 18 के स्कोर पर मयंक अग्रवाल के रूप में बड़ा झटका लगा। मयंक 5 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद केएल राहुल और देवदत्त पड्डिकल ने पारी को संभाल लिया। राहुल और पड्डिकल ने दूसरे विकेट के लिए 278 रन की साझेदारी कर टीम को मजबूती दी।

### राहुल का लगातार दूसरा शतक

राहुल ने लगातार दूसरा शतक लगाया। क्वार्टर फाइनल में शतक लगाने वाले राहुल ने 211 गेंदों पर 11 चौकों और 5 छक्कों की मदद से 141 रन की पारी खेली। राहुल का हौसला बढ़ाने के लिए सुनील शेट्टी और अहान शेट्टी भी दर्शक दीर्घा में मौजूद थे। राहुल की पारी आदित्य रावत ने अपनी ही गेंद पर कैच लेकर समाप्त की। कप्तान देवदत्त पड्डिकल 236 गेंद पर 2 छक्कों और 16 चौकों की मदद से 148 रन बनाकर नाबाद हैं। उनके साथ करुण नायर 65 गेंद पर 5 चौकों और 1 छक्कों की मदद से 37 रन बनाकर खेल रहे हैं। दोनों के बीच 59 रन की साझेदारी हो चुकी है। पहले दिन का खेल समाप्त होने के समय कर्नाटक ने 2 विकेट के नुकसान पर 355 रन बना लिए। बता दें कि उत्तराखंड पहली बार रणजी ट्रॉफी के सेमीफाइल में पहुंची है, जबकि कर्नाटक 8 बार खिताब जीत चुकी है।

### घर लौटे न्यूजीलैंड के गेंदबाज फर्ग्यूसन, नहीं खेलेंगे कनाडा के खिलाफ

**अहमदाबाद।** न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्यूसन अपने पहले बच्चे के जन्म के समय अपनी पत्नी के साथ रहने के लिए रविवार को स्वदेश लौटेंगे और इस कारण से टी20 विश्व कप के ग्रुप डी में कनाडा के खिलाफ टीम के अंतिम लीग मैच में नहीं खेल पाएंगे। न्यूजीलैंड के मुख्य कोच रॉब वाल्टर ने कहा कि फर्ग्यूसन को टीम में बनाए रखने की योजना है ताकि टीम के सुपर आठ में पहुंचने पर उनकी सेवाओं का उपयोग किया जा सके। न्यूजीलैंड ने अपने पहले दोनों मैच में जीत हासिल की थी लेकिन उसे शनिवार को यहां दक्षिण अफ्रीका से सात विकेट से हार का सामना करना पड़ा। वह अपना अंतिम लीग मैच मंगलवार को चेन्नई में कनाडा के खिलाफ खेलेगा। वाल्टर ने कहा, 'यह लॉकी और एम्मा के लिए बेहद रोमांचक समय है और हमें खुशी है कि वह इतने खास मौके पर घर पर मौजूद रहेंगे।'

**टेरेगा ओपन पॉ पाइरेनीज: एटीपी चैलेंजर में इंडो-ऑस्ट्रियाई जोड़ी का शानदार प्रदर्शन**

# बालाजी-ओबरलाइटनर ने जीता मेंस डबल्स का खिताब

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत के एन. श्रीराम बालाजी और ऑस्ट्रिया के नील ओबरलाइटनर ने फ्रांस के पॉ में टेरेगा ओपन पॉ पाइरेनीज में मेंस डबल्स टाइटल जीतकर एटीपी चैलेंजर सर्किट पर अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। एटीपी चैलेंजर 125 इवेंट में टॉप सीड के तौर पर मुकाबला कर रही इंडो-ऑस्ट्रियाई जोड़ी ने दूसरे सीड जैकब पॉल और मातेज वोसेल को 77 मिनट तक चले एक रोमांचक फाइनल में 6-1, 3-6, 13-11 से हराया। मैच का फैसला सुपर टाई-ब्रेक में हुआ, जब दोनों टीमों ने एक-एक सेट जीता।

### मुकाबले की शुरुआत में बनाया कंट्रोल

बालाजी-ओबरलाइटनर की जोड़ी ने शानदार शुरुआत करते हुए मुकाबले की शुरुआत में ही कंट्रोल बना लिया। उन्होंने शुरुआती सेट में अपने विरोधियों की कई बार सर्विस तोड़ी और आराम से 6-1 से स्कोर पक्का कर लिया, जिसमें उन्होंने तेज रिटर्न और असरदार नेट प्ले दिखाया। लेकिन, दूसरे सेट में मोमेंटम बदल गया। दोनों टीमें 3-3 से बराबर थीं और स्विस-चेक जोड़ी ने अहम मौकों का फायदा उठाकर मैच को निर्णायक सुपर टाई-ब्रेक में पहुंचा दिया।

### मुकाबले का आखिरी दौर तनावपूर्ण

मुकाबले का आखिरी दौर तनावपूर्ण रहा। बालाजी और ओबरलाइटनर टाई-ब्रेक में 4-1 से आगे हो गए, लेकिन पॉल और वोसेल ने वापसी की और 10-9 पर एक मैच प्वाइंट भी हासिल किया। दबाव में धैर्य दिखाते हुए, टॉप सीड जोड़ी ने मैच प्वाइंट बचाया और आखिरकार अपना तीसरा मौका भुनाकर टाइटल जीत लिया। यह जीत 2026 में पार्टनरशिप के तौर पर उनका तीसरा एटीपी चैलेंजर क्राउन है।



इस जोड़ी ने बैंकॉक में नॉनथाबुरी चैलेंजर टू और मनामा में बहरीन ओपन में जीत के साथ अपने सीजन की शुरुआत की थी।

### बालाजी और ओबरलाइटनर पूरे हफ्ते रहे हावी

पाऊ में, बालाजी और ओबरलाइटनर पूरे हफ्ते हावी रहे। वे सेमीफाइनल में अमेरिकी मार्टिन डैम और चेक खिलाड़ी माइकल व्रबेंस्की को 7-5, 7-6(1) से हराकर फाइनल में पहुंचे, इससे पहले उन्होंने शुरुआती राउंड में बिना सीड वाले विरोधियों को हराया था। इस सीजन में पहले ही तीन चैलेंजर टाइटल जीत चुके इंडो-ऑस्ट्रियाई जोड़ी इंटरनेशनल सर्किट पर आने वाले टूर्नामेंट में अपनी इस लय को बनाए रखने के लिए अच्छी स्थिति में दिख रही है।



**वीमेंस एशिया कप राइजिंग स्टार्स**

# पाकिस्तान 93 रन पर ढेर, इंडिया 'ए' ने 8 विकेट से दर्ज की बड़ी जीत

एजेंसी ▶▶| बैंकॉक

कप्तान राधा यादव की शानदार स्पिन गेंदबाजी के बाद दिनेश वृंदा के तूफानी नाबाद अर्धशतक की बदौलत भारत 'ए' ने महिला 'एशिया कप राइजिंग स्टार्स' में पाकिस्तान 'ए' को 59 गेंद शेष रहते 8 विकेट से करारी शिकस्त दी। भारत 'ए' महिला टीम की यह टूर्नामेंट में पहली जीत है। टीम को शुक्रवार को पहले मैच में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) महिला टीम से सात विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। पाकिस्तान 'ए' पर जीत के साथ भारत 'ए' महिला टीम ग्रुप ए में यूएई के बाद दूसरे स्थान पर पहुंच गई है।

### राधा यादव ने की शानदार स्पिन



### नो हैंडशेक की नीति जारी

वहीं मैच के दौरान पाकिस्तानी टीम की खिलाड़ी हाथ मिलाने को देखती रहीं। टीम इंडिया की प्लेयर्स ने नो हैंडशेक की नीति को जारी रखा।

### स्पिनरों की सटीक गेंदबाजी, नहीं टीके पाकिस्तानी

भारत 'ए' के स्पिनरों ने अपनी सटीक गेंदबाजी से आपस में पांच विकेट साझा कर पाकिस्तान को दबाव में डाल दिया। पाकिस्तान की टीम 18.5 ओवर में महज 93 रन पर आउट हो गई। राधा (तीन ओवर में 11 रन पर दो विकेट) ने दो महत्वपूर्ण विकेट लेकर आक्रमण की अगुवाई की, वहीं प्रेमा रावत (तीन ओवर में 16 रन पर दो विकेट) और मिन्नू मणि (2.5 ओवर में 10 रन पर एक विकेट) ने सुनिश्चित किया कि पाकिस्तान के बल्लेबाज कोई साझेदारी नहीं बना सकें। तेज गेंदबाज साइमा ठाकोर ने शानदार गेंदबाजी करते हुए अपने चार ओवरों में सिर्फ 14 रन देकर दो विकेट लिए।

### वृंदा ने ठोकी तूफानी फिफ्टी

*94 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंडिया ए की सलामी बल्लेबाज हुमाइरा पहली गेंद पर आउट हो गईं और गोल्डन डक का शिकार बनीं। लेकिन दिनेश वृंदा ने मोर्चा संभाले रखा और अंत तक फिफ्टी प्लस की मैच विनिंग पारी खेली। उनका साथ अनुष्का शर्मा ने निभाया और 26 गेंदों में चार चौकों की मदद से 24 रन की पारी खेलकर मैच को काफी हल्का कर दिया। वृंदा ने 29 गेंदों में 11 चौकों की मदद से 55 रन की पारी खेली, जिससे इंडिया ए की टीम ने तेजी से 10.1 ओवर में ही 2 विकेट पर 97 रन बनाकर आठ विकेट से बड़ी जीत दर्ज कर ली।*




## नये नियम आज से प्रभावशील होंगे

# हाईकोर्ट की 'मेंशनिंग' व्यवस्था में बड़ा बदलाव

हरिभूमि जबलपुर।

मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की प्रधान पीठ स्थित जबलपुर में मुकदमों की जल्द सुनवाई के लिए अपनाई जाने वाली 'मेंशनिंग' व्यवस्था में महत्वपूर्ण बदलाव किया गया है। हाई कोर्ट प्रशासन द्वारा जारी नए निर्देश आज सोमवार, 16 फरवरी से प्रभावशील हो जाएंगे। इस संबंध में आदेश रजिस्ट्रार (जे-2) वंदना मेहता द्वारा जारी किया गया है, जिसमें डिवीजन बेंच और सिंगल बेंच के लिए अलग-अलग नियम निर्धारित किए गए हैं। नए निर्देशों के अनुसार, न्यायालय में मामलों की शीघ्र सुनवाई से जुड़ी प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने तथा अनावश्यक मेंशनिंग को रोकने के उद्देश्य से यह व्यवस्था लागू की गई है, ताकि गंभीर और अत्यावश्यक मामलों पर प्राथमिकता से ध्यान केंद्रित किया जा सके।



### डिवीजन बेंच के लिए नई व्यवस्था

प्रशासनिक न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली डिवीजन बेंच-2 में अब मेंशन मेमो केवल ई-मेंशनिंग के माध्यम से ही स्वीकार किए जाएंगे। इसके तहत अधिवक्ताओं या पक्षकारों को ऑनलाइन प्रणाली का उपयोग करना होगा। फिजिकल यानी कागजी मेमो अब मान्य नहीं होंगे। इससे प्रक्रिया को डिजिटल और पारदर्शी बनाने का प्रयास किया गया है।

### सिंगल बेंच के मामलों में बदलाव

सिंगल बेंच से संबंधित मामलों के लिए मेंशन मेमो जमा करने की प्रक्रिया भी बदली गई है। अब इन्हें ड्रॉप बॉक्स के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। इस व्यवस्था से काउंटर पर भीड़ कम करने और कार्यप्रणाली को व्यवस्थित रखने की उम्मीद जताई जा रही है।

### तारीख निर्धारण की प्रक्रिया

नए निर्देशों के तहत कंप्यूटर प्रणाली द्वारा जो अगली सुनवाई की तारीख जनरेट होगी, वही न्यायालय द्वारा निर्धारित आधिकारिक तारीख मानी जाएगी। इससे तारीख तय करने की प्रक्रिया में मानकीकरण आएगा और पारदर्शिता बढ़ेगी।

### अत्यधिक जरूरी मामलों के लिए प्रावधान

यदि किसी पक्षकार को कंप्यूटर द्वारा दी गई तारीख से पहले सुनवाई की आवश्यकता है, तो उन्हें मेंशन मेमो में 'एक्सट्रीम अर्जेंसी' यानी अत्यधिक जरूरी कारण स्पष्ट रूप से दर्ज करना होगा। पर्याप्त आधार पाए जाने पर ही मामले की उसी दिन या अगले दिन सूचीबद्ध करने की अनुमति दी जाएगी।

### अनावश्यक मेंशनिंग पर अंकुश

हाई कोर्ट प्रशासन का मानना है कि यह निर्णय अनावश्यक और बिना ठोस कारण की जाने वाली मेंशनिंग पर रोक लगाएगा। इससे न्यायालय का समय बच सकेगा और लंबित मामलों के त्वरित निस्तारण में सहायता मिलेगी।

## शिवपुरी में वकील की हत्या का विरोध, एडवोकेट्स प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग

# आज राज्य भर में न्यायिक कार्य नहीं करेंगे वकील, मनाएंगे प्रतिवाद दिवस

**जबलपुर।** पूरे प्रदेश के वकील सोमवार को प्रतिवाद दिवस मनाएंगे । इस दौरान वे अदालतों में हाजिर नहीं होंगे और न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे। शिवपुरी में वकील की हत्या के विरोध में मप्र स्टेट बार काउंसिल ने यह फैसला लिया है। मप्र हाईकोर्ट बार एसोसिएशन, जिला बार एसोसिएशन और हाईकोर्ट एडवोकेट्स बार एसोसिएशन ने भी संयुक्त रूप से सोमवार को प्रतिवाद दिवस मनाने का निर्णय लिया है। स्टेट बार काउंसिल के चेयरमैन राधेलाल गुप्ता ने कहा है कि एडवोकेट्स प्रोटेक्शन एक्ट को लागू कराने अब निर्णायक लड़ाई लड़ी जायेगी। गुप्ता ने बताया कि रविवार को दोपहर को सभी सदस्यों की ऑनलाइन मीटिंग बुलाकर सोमवार को प्रतिवाद दिवस मनाने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। वाईस चैयरमेन आरके सिंह सैनी ने बताया कि बैठक में तय किया गया कि एडवोकेट्स प्रोटेक्शन एक्ट को लागू कराने सरकार को 7 दिनों का अल्टीमेटम दिया जाएगा। इसके बावजूद कोई ठोस कदम नहीं उठाए जाने पर काउंसिल के नेतृत्व में प्रदेश के वकील भोपाल जाकर मुख्यमंत्री निवास का घेराव करेंगे। उधर, मप्र हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष डीके जैन, सचिव परितोष त्रिवेदी, जिला बार के अध्यक्ष मनीष मिश्रा, सचिव ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी और हाईकोर्ट एडवोकेट्स बारएसोसिएशन के सचिव निखिल तिवारी की संयुक्त बैठक में निर्णय लिया गया कि दिवंगत अधिवक्ता संजय सक्सेना के परिवार को सरकार से एक करोड़ रूपए का मुआवजा, उनके आश्रित को सरकारी नौकरी दिलाई जाए। हत्या के आरोपियों पर कठोर कार्रवाई की जाए। एडवोकेट्स प्रोटेक्शन एक्ट जल्द से जल्द लागू करने की भी मांग की जाए। तीनों बार एसोसिएशनों ने प्रतिवाद दिवस की जानकारी मप्र हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस को भेज दी है। चीफ जस्टिस से आग्रह किया है कि उनकी ये मांगें जायज हैं। ऐसे में सोमवार को सुनवाई पर लगे मुकदमों को वकीलों की गैरहाजिरी में खारिज न किया जाए। वकील सोमवार को दोपहर साढ़े 12 बजे मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन कलेक्टर को सौंपेंगे।

# कथित प्रेमी द्वारा शादी से इंकार करने पर किशोरी ने लगाई फांसी

**जबलपुर।** घमापुर निवासी एक 17 वर्षीय किशोरी ने अपने कथिम प्रेमी द्वारा शादी से इंकार किये जाने से व्यथित होकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस मामले में पुलिस ने कथित प्रेमी के खिलाफ आत्महत्या दुष्प्रेरण का मामला दर्ज कर लिया है। घमापुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार घमापुर निवासी 17 वर्षीय किशोरी की दोस्ता इंस्टाग्राम पर हर्ष उर्फ मोंटू सकतेल नाम के लड़के से हुई। लड़का लड़की एक ही समाज के होने के कारण परिवार वाले शादी के लिये राजी हो गई थे। 16 फरवरी की शाम को हर्ष ने शादी से इंकार कर दिया, अगले दिन लड़की ने फांसी लगा ली। परिजनों के कथनों के आधार पर पुलिस ने आरोपी हर्ष उर्फ मोंटी सकतेल के खिलाफ धारा 108 के तहत आत्म हत्या के लिये उत्प्रेरित करने का मामला दर्ज कर लिया है।

## देहरादून से जबलपुर पहुंची खेप दमोह जाने के पहले ट्रांस्पोर्ट में पकड़ाई

# कोडीन युक्त नशीले कफ सीरप का जखीरा बरामद

हरिभूमि जबलपुर।



माढोताल पुलिस व क्राइम ब्रांच की संयुक्त टीम ने कटंगी रोड स्थित एक ट्रांस्पोर्ट में छापा मारकर प्रतिबंधित नशीली कफ सीरप की बड़ी खेप बरामद की है। यह नशीला कफ सीरप देहरादून से बुक की गई थी और दमोह के जबेरा जानी थी। पुलिस ने करीब 40 पेटी कफ सीरप बरामद की है जिसमें 4800 बाटल थी, जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 8 लाख 64 हजार रुपये है। पुलिस ने इस मामले में एनडीपीएस एक्ट और एमपी ड्रग्स कंट्रोल एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

माढोताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार नशीले सिरप की यह खेप 5 फरवरी 2026 को देहरादून (उत्तराखंड) की मैक्लाक्योर फार्मासिस्ट कंपनी से बुक की गई थी जिसे दमोह जिले के जबेरा स्थित मैसर्स सचिन मेडिकोज के नाम पर भेजा गया था। वीआरएल ट्रांसपोर्ट के कैशियर सुमित यादव से पूछताछ में पता चला कि इसकी डिलीवरी 16 फरवरी को ली जानी थी, लेकिन इसके पहले ही मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने ट्रांस्पोर्ट गोदाम में छापा मारकर नशीला सीरप जप्त कर लिया।

बताया जा रहा है की इस कफ सीरप में कोडीन मिश्रित था जो अत्यंत मादक पदार्थ है, जिसका नशे में इस्तेमाल किया जाता है। होली त्योहार के दौरान इसका दुरुपयोग किये जाने की आशंका थी। पुलिस ने 100 - 100 एमएल की प्रत्येक कार्टून 120 बोतलें पाई गईं। जिनमें कोडीन फॉस्फेट की मात्रा होने के कारण इनका नशे के रूप में दुरुपयोग किया जाना था। ड्रग इंस्पेक्टर देवेंद्र जैन की उपस्थिति में दवाओं के सैंपल लेकर जांच के लिए भेजे गए हैं। पुलिस अब इस पूरे नेटवर्क और अवैध कारोबार से जुड़े अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी है। पुलिस ने इस मामले में सुमित यादव, मेसर्स सचिन मेडिकोज ग्राम गुबरा थाना जबेरा जिला दमोह, हिमांशु झा, मैसर्स मैक्काक्योर फार्माशिस्ट देहरादून उत्तराखण्ड के विरूद्ध धारा 8 बी, 21, 22 नारकोटिक ड्रग्स एण्ड साईक्रोट्रोपिक सब्सटानसिस एक्ट तथा 5/13 म।प्र। ड्रग कंट्रोल एक्ट के तहत कार्यवाही की है।

## पीड़िता दिल्ली एफआईआर दर्ज कराने पहुंची

# रेप के आरोपों के बीच कथा वाचक उत्तम स्वामी लापता

**जबलपुर।** राजस्थान की युवती द्वारा रेप के आरोप लगाए जाने के बाद कथावाचक उत्तम स्वामी जबलपुर आश्रम से फरार हो गये। यहां भेड़ाघाट क्षेत्र के हीरापुर बंधा ग्राम की भागवत कथा चल रही थी। इसी बीच राजस्थान की एक युवती ने उन पर 13 साल से दैहिक शोषण करने का आरोप लगाकर सनसनी फैला दी। जबलपुर में आयोजित कथा का रविवार को समापन होना था, लेकिन आरोपों के बीच कथा वाचक उत्तम स्वामी मंच से लापता हो गये। उनके शिष्यों ने कथावाचन किया। खबर है की रविवार की तड़के वे यहां से लापता हो गये। कथा उन्होंने बीच में ही छोड़ दी। जहां मीडिया ने डेरा डाल रखा था लेकिन उत्तम स्वामी ने खुद को आश्रम में कैद कर लिया और दूरी बनाए रखी। इसी बीच में तड़के जबलपुर से निकल गये, कहा गये इसपर कोई बोलने तैयार नहीं है। इसी दौरान एक और सनसनीखेज घटना सामने आई है, राजस्थान से पीड़िता एफआईआर कराने दिल्ली पहुंची थी तभी फ्लाईट में उत्तम स्वामी के एक भक्त ने उसका पीछा किया, लड़की ने उसे पहचान लिया। एयर हास्टेस से शिकायत कर उसे पीछे की सीट में बैठाया। दिल्ली पहुंचने पर भी उसने पीछा नहीं छोड़ा और हर गतिविधी का वीडिया बनाता रहा। खबर यह भी है की पीड़िता जब अपने दिल्ली निवासी भाई के घर पहुंची तो वहां भी उसका वीडियो बनाया, वहीं जब वे कमिश्नर आफिस शिकायत दर्ज कराने गई तब भी भक्त वहां पहुंचा। लड़के के भाई ने जब वीडियो बनाने से मना किया तो उसने हमला कर दिया। तभी आवाज लगाने पर पीछे की बस्ती के लोगों ने युवक को पकड़ा और धुनाई कर दी। बाद में दिल्ली पुलिस के हवाले कर दिया। इधर जबलपुर में चल रही कथा के पंडाल में सन्नाटा छा गया। कथा वाचक गायब हो गये और उनके शिष्य मोर्चा संभाले रहे। लेकिन मीडिया को कोई प्रतिक्रिया नहीं दी गई।

# आजीवन कारावास के बाद जमानत मिलते ही फरार हुए दो भाई कानपुर में पकड़े गए

**जबलपुर।** हनुमानताल थाना क्षेत्र में लगभग 29 साल पहले हुई एक हत्या के मामले में फरार चल रहे दो शातिर अपराधियों को पुलिस ने कानपुर से गिरफ्तार कर लिया है। राजेंद्र मराठा और नरबद मराठा नामक ये दोनों आरोपी वर्ष 1999 में आजीवन कारावास की सजा सुनाए जाने के बाद जमानत पर बाहर आए थे और तब से ही लापता थे। वर्ष 1997 में दर्ज हत्या के मामले में सत्र न्यायालय ने दोनों भाइयों को उम्रकैद की सजा दी थी। उच्च न्यायालय से जमानत मिलने के बाद दोनों जबलपुर से भाग निकले। इनकी लंबे समय से तलाश कर रही पुलिस ने इन पर चार-चार हजार रुपये का इनाम भी घोषित किया था। हाल ही में पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय के निर्देश पर गठित विशेष टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि दोनों आरोपी उत्तर प्रदेश के कानपुर में पहचान छिपाकर मजदूरी कर रहे हैं। थाना प्रभारी हनुमानताल सुभाष चंद बघेल के नेतृत्व में एक टीम कानपुर भेजी गई, जिसने घेराबंदी कर दोनों को धर दबोचा। 14 फरवरी 2026 को उन्हें जबलपुर लाया गया और न्यायिक प्रक्रिया के बाद जेल भेज दिया गया। दबोचे गए नरबद मराठा पर हत्या, लूट और अवैध वसूली जैसे 15 गंभीर मामले और राजेंद्र मराठा पर हत्या के प्रयास और आर्म्स एक्ट सहित कुल 14 आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं।




## पत्नी को लेने गया था ससुराल, परिजनों ने जताया हत्या का संदेह

# जबलपुर के युवक की मंडला में लाश मिली

**जबलपुर।** जबलपुर निवासी युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में हत्या का मामला सामने आया है। युवक का शव मंडला जिले के टिकरिया क्षेत्र के जंगल में मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाकर मामले की जांच शुरू कर दी है।



पुलिस के अनुसार ग्राम घाना तिलवारा क्षेत्र में रहने वाले सुमित कुशवाहा (30) की शादी मंडला के टिकरिया निवासी युवती से हुई थी। पारिवारिक विवाद के चलते पत्नी जमुना पटेल करीब एक वर्ष से अपने मायके में रह रही थी। बताया गया है कि पत्नी से मिलने के लिए सुमित मंडला गया था। जानकारी के मुताबिक सुमित 11 फरवरी को पत्नी को लेकर जबलपुर लौटने के लिए निकला था, लेकिन घर नहीं पहुंचा। इसके बाद परिजनों को चिंता हुई और भाई अमित कुशवाहा मंडला पहुंचा। उसने टिकरिया थाने में सुमित के लापता होने की सूचना दी। इधर परिजन उसकी तलाश में जुटे रहे। इसी दौरान टिकरिया के जंगल में ग्रामीणों ने एक शव पड़ा देखा और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद परिजनों को बुलाकर शिनाख्त कराई, जहां शव की पहचान सुमित कुशवाहा के रूप में हुई।

### पत्नी पर हत्या का आरोप

मृतक के भाई अमित कुशवाहा ने सुमित की पत्नी पर हत्या का आरोप लगाया है। उन्होंने पुलिस को बताया कि पत्नी लंबे समय से मायके में रह रही थी और वहीं उसका किसी अन्य व्यक्ति से संबंध होने की बात सामने आई थी। आरोप है कि पत्नी ने कथित प्रेमी के साथ मिलकर सुमित की हत्या कर शव जंगल में फेंक दिया। हालांकि पुलिस का कहना है कि मामले में सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है और तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## नगर निगम की सख्ती का असर

# बकायादार ने मौके पर जमा किए एक लाख




**जबलपुर।** नगर निगम द्वारा निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार के निर्देशानुसार बकाया राजस्व वसूली के लिए चलाए जा रहे वसूली अभियान का असर देखने को मिल रहा है। निगम की 'तालाबंदी और कुर्की' की कार्यवाही से करदाताओं के बीच संदेश गया है, जिसके परिणामस्वरूप अब बकायादार खुद आगे आकर कर अदायगी कर रहे हैं।

नगर निगम संभाग क्रमांक 02 कछपुरा के अंतर्गत आने वाले मदन महल वार्ड क्रमांक 15 में शनिवार को एक बड़ी कारवाई कर बघेला कंपनी के गैस गोदाम पर संपत्ति कर की भारी राशि बकाया होने के कारण निगम की टीम ने तालाबंदी की थी। निगम की इस मुस्तैद कार्यवाही को देखते हुए करदाता ने सकारात्मक रुख अपनाया और कुल 2 लाख 60 हजार रुपये के बकाया में से 1 लाख रुपये का चेक तुरंत मौके पर संभागीय अधिकारी दिनेश प्रताप सिंह को सौंपा एवं शेष राशि को 5 मार्च तक जमा करने का लिखित आश्वासन और मोहलत मांगी गई।

करदाता की ओर से आए इस सकारात्मक सहयोग के बाद, संभागीय अधिकारी ने भी सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाते हुए और राजस्व हित को ध्यान में रखते हुए गोदाम का ताला खोलने के निर्देश दिए। जिसके बाद सज गैस गोदाम का ताला खोला दिया गया है। इस कार्यवाही के दौरान संभागीय अधिकारी एवं राजस्व निरीक्षक मुख्य रूप से उपस्थित रहे। निगमायुक्त श्री अहिरवार ने अन्य बकायादारों से भी अपील की है कि वे कुर्की जैसी अप्रिय कार्यवाही से बचें और समय पर समस्त बकाया करों की राशि का भुगतान करें।

# सुअरमार बम सहित नाबालिग को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**जबलपुर।** रांझी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक नाबालिग बालक को दो सुअर मार बम सहित गिरफ्तार किया है. रांझी थाना प्रभारी उमेश गोल्हानी ने बताया कि मानेगांव तालाब सामुदायिक भवन के सामने एक 17 वर्षीय नाबालिग बम फेंकने की नियत से खड़ा था. मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने उसे दबोचा उसके पास से दो सुअर मार बम बरामद किये गये। इसके साथ ही एक अन्य आरोपी अभिषेक स्वामी उर्फ आदि को भी बम सहित गिरफ्तार किया गया. आरोपियों के खिलाफ धारा 5 विस्फोटक अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक- डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240